सूर्योदय : 6:55
सूर्यास्त : 5:40
अधिकतम तापमान : 25.5
न्यूनतम : 10.8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-216 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 25 जनवरी 2026
05 शाबान 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# 2027 में भी बने यूपी में डबल इंजन की सरकार : शाह

**यूपी दिवस**

## ■ सीएम योगी ने खूब काम किया, अमित शाह ने ठोकी पीठ



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर यूपी दिवस का आगाज हुआ। यूपी दिवस समारोह का आयोजन 24-26 जनवरी तक हो रहा है। यूपी दिवस समारोह का उद्घाटन अमित शाह ने किया। इससे पहले एयरपोर्ट पर सीएम योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक और अन्य नेताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद अमित शाह राष्ट्र प्रेरणा स्थल पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान गृह मंत्री ने यूपी चुनाव 2027 का शंखनाद कर दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल से यूपी चुनाव 2027 को लेकर भाजपा के अभियान का आगाज एक प्रकार से कर दिया। उन्होंने कहा कि मैं इस मंच से प्रदेश के लोगों से 2027 में एक बार फिर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का आह्वान करता हूं। साथ ही, सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की उन्होंने जमकर तारीफ की। अमित शाह ने कहा कि केंद्र में पीएम नरेंद्र मोदी और प्रदेश में सीएम योगी शानदार काम कर रहे हैं। यूपी विकास की राह पर बढ़ा है। प्रदेश में लगातार विकास कार्यों को गति दी गई है। एक्सप्रेसवे से लेकर एयरपोर्ट तक के निर्माण हो रहे हैं। जल्द ही प्रदेश पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला राज्य बन जाएगा।

अमित शाह ने कहा कि अयोध्या में पांच शताब्दियों के बाद श्रीराम मंदिर बनकर तैयार हो गया है। प्रयागराज में महाकुंभ 2025 का शानदार आयोजन कराया गया। यूपी वर्तमान समय में इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम के निर्माण का हब बनकर उभरा है। 2017 के पहले कोई इन बातों की कल्पना भी नहीं कर सकता था। आज यूपी ग्रीन डेस्टिनेशन बन गया है। प्रदेश में 15 लाख करोड़ की योजना जमीन पर उतारा गया है। डकैती और लूट की घटनाओं में कमी आई है। अमित शाह ने कहा कि प्रदेश की इंटरनेशनल सीमा को भी सुरक्षित किया गया है। यूपी विकास के रास्ते पर तेजी से बढ़ा है। प्रदेश में देशभक्ति की लौ जागृत हो चुकी है। अगला साल चुनाव का साल है। यूपी के विकास के लिए प्रदेश में बीजेपी के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत की सरकार बनाएं। विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि परिवारवादी पार्टियां यूपी का कल्याण नहीं कर सकती हैं। भाजपा ही कर सकती है। हमने भ्रष्टाचार समाप्त किया है। गरीब के लिए योजना बनाई है। हम 20 घंटे बिजली दे रहे हैं। उन्होंने आने वाले चुनाव में हर मतदाता से जात-पात से ऊपर उठकर भाजपा का कमल खिलाने की अपील की। शाह ने कहा, यह श्रीराम, कृष्ण, शिव, बुद्ध की धरती है। प्रेरणा स्थल पर पहली बार आया हूं। तीन महान विभूतियों की मूर्ति लगी है। योगी, दोनों उप मुख्यमंत्री, सरकार को बधाई। राष्ट्र की जागृत का स्थल बनेगा। यह दशकों तक देश को दिशा देगा। भाजपा सरकार ने कूड़े को कंचन में बदला है। उन्होंने कहा कि योगी के नेतृत्व में मोदी सरकार की योजनाओं को जमीन पर उतारा है। युवाओं को रोजगार से जोड़ने में मदद की है। युवाओं को ऋण की व्यवस्था की गई। 1.30 लाख युवाओं को करोड़ों का ऋण दिया है। अमित शाह ने यूपी दिवस कार्यक्रम में योगी सरकार की पीठ ठोकी। उन्होंने कहा कि सवाल उठाया गया था, क्या उत्तर प्रदेश सफल होगा? अमित शाह ने कहा कि मुझे योगी जी ने बताया कि पहले यहां कूड़े का पहाड़ था, जिसे हमने कंचन में बदलकर इस स्थल को विकसित किया है।

### सीएम योगी ने पढ़ा पीएम मोदी का संदेश

सीएम योगी आदित्यनाथ ने यूपी दिवस के मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी के बधाई संदेश को पढ़ा। पीएम ने पत्र में लिखा है कि आज उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। एक वक्त ऐसा भी था जब दशकों तक प्रोजेक्ट लटकते थे। प्रदेश के लोगों का आत्मविश्वास हिल चुका था, लेकिन आज भाजपा की सरकार में पुराने प्रोजेक्ट पूरे हो रहे हैं। पीएम मोदी ने अपने संदेश में कहा कि नए प्रोजेक्ट भी तेजी से धरातल पर उतारे जा रहे हैं। यूपी वासियों को यूपी स्थापना दिवस की शुभकामना देता हूं। मैं काशी का सांसद हूं, यूपी के लोगों ने मुझे चुनकर भेजा है। यूपी की मिट्टी में खास है, यूपी विकास भी ओर विरासत भी का उत्तम उदाहरण बन रहा है। कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि आज वन डिस्ट्रिक्ट वन योजना को लॉन्च किया गया है। इसके जरिए हम जिलों के व्यंजनों को वैश्विक स्तर पर ले जाने का कार्य करेंगे। इससे क्षेत्रीय उत्पादों को वैश्विक बाजार में उतरने का मौका मिलेगा।

# भाजपा दफ्तर पर अमित शाह ने की बैठक, सीएम योगी भी रहे मौजूद



## ■ संगठन-सरकार में बेहतर तालमेल का दिया मंत्र

**लखनऊ।** केंद्रीय गृहमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह शनिवार को लखनऊ स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे। गृहमंत्री करीब 40 मिनट तक पार्टी कार्यालय में रुके और इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों व वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी मौजूद रहे।

भाजपा मुख्यालय में अमित शाह का यह दौरा राजनीतिक दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा है। विधानसभा चुनाव 2022 के बाद यह पहला अवसर है जब वे प्रदेश पार्टी कार्यालय पहुंचे। पदाधिकारियों से औपचारिक भेंट के साथ-साथ संगठन से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इससे पहले राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में गृहमंत्री अमित शाह ने योगी सरकार की नीतियों और कार्यशैली की जमकर सराहना की। उन्होंने उत्तर प्रदेश में विकास, कानून-व्यवस्था और सुशासन के मॉडल को पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत बताया। अमित शाह का यह दौरा ऐसे समय में हुआ है जब प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार और संगठन में बड़े बदलावों की चर्चाएं जोरों पर हैं।

# भारत-ईयू के बीच एफटीए मदर ऑफ ऑल डील्स

## ■ यूरोपियन कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने दिया बड़ा बयान



**नई दिल्ली।** यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार और कई महत्वपूर्ण पहलों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से शनिवार को भारत की चार दिवसीय यात्रा पर दिल्ली पहुंचीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जनवरी को कोस्टा और वॉन डेर लेयेन के साथ शिखर वार्ता करेंगे। यह बैठक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन की आर्थिक और सुरक्षा नीतियों के कारण उत्पन्न वैश्विक चिंताओं के बीच आयोजित हो रही है।

यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा रविवार को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचेंगे। ये दोनों शीर्ष यूरोपीय नेता 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। शिखर सम्मेलन के दौरान भारत और यूरोपीय संघ द्वारा बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के निष्कर्ष की घोषणा करने की संभावना है। इसके अलावा, दोनों पक्ष एक रणनीतिक रक्षा साझेदारी समझौते और भारतीय पेशेवरों की आवाजाही के लिए एक रूपरेखा को भी अंतिम रूप दे सकते हैं। उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मैं भारत की यात्रा पर आई हूं। अभी बहुत काम बाकी है, लेकिन हम एक ऐतिहासिक समझौते की कगार पर हैं। कुछ लोग इसे सर्वोत्कृष्ट समझौता यानी मदर ऑफ डील कह सकते हैं। एक ऐसा समझौता जो 1 अरब लोगों का बाजार तैयार करेगा, जो वैश्विक जीडीपी का लगभग एक चौथाई हिस्सा होगा। यूरोप आज के विकास केंद्रों के साथ व्यापार करना चाहता है। सदी की आर्थिक महाशक्तियों में से एक, यूरोप हमेशा दुनिया की पहली पसंद रहेगा, अगर दुनिया यूरोप को चुनती है तो। भारत में माल्टा के उच्चायुक्त रूबेन गौसी ने शनिवार को कहा कि, एक बार हस्ताक्षर हो जाने के बाद एफटीए इतिहास बना देगा।

### चीन पर घटेगी यूरोपीय संघ की निर्भरता

ईयू के लिए यह सौदा आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाने और चीन पर निर्भरता कम करने में मददगार होगा। साथ ही, उसे भारत की तेजी से बढ़ती 4.2 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था का भी लाभ मिलेगा। ईयू को 2024-25 में भारत को 60.7 अरब डॉलर के सामान निर्यात पर करीब 9.3 फीसदी का वेटेड-औसत शुल्क देना पड़ा था।

# यूपी में कांग्रेस को झटका नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने दिया पार्टी से इस्तीफा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सियासी जमीन मजबूत करने में जुटी कांग्रेस को शनिवार को बड़ा झटका लगा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।

नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को अपना इस्तीफा प्रेषित किया है। इस्तीफे को उप्र जैसे महत्वपूर्ण राज्य में कांग्रेस के लिए एक बड़े सियासी झटके के रूप में देखा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय उन्हें मनाने की कोशिश कर रहे हैं।

# पीएम ने 61 हजार से अधिक युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

## ■ कहा-युवाओं के लिए नए अवसर खोल रहे व्यापार समझौते



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत देश के भीतर और विदेश में युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करने के लिए विभिन्न देशों के साथ व्यापार और आवागमन संबंधी समझौते कर रहा है। पीएम मोदी ने यह बात 18वें रोजगार मेले में कही जहां उन्होंने विभिन्न सरकारी नौकरियों के 61,000 नियुक्ति पत्र इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सौंपे।

मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश भर के 45 स्थानों पर रोजगार मेलों को संबोधित करते हुए कहा, भारत कई देशों के साथ व्यापार और आवागमन संबंधी समझौते कर रहा है। ये व्यापार समझौते देश के युवाओं के लिए नए अवसर लेकर आ रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में युवाओं की सबसे अधिक संख्या भारत में है और उनकी सरकार देश के भीतर और विदेश में युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करने के प्रयास कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि आज देश रिफॉर्म एक्सप्रेस पर चल पड़ा है। इसका उद्देश्य, देश में जीवन और कारोबार, दोनों को आसान बनाने का है। आज के इस आयोजन में 8 हजार से ज्यादा बेटियों को भी नियुक्ति पत्र मिले हैं। बीते 11 वर्षों में देश के वर्कफोर्स में, वीमेन पार्टिसिपेशन में करीब करीब दोगुनी बढ़ोतरी हुई है।

भारत तेजी से एक बड़ी मैन्युफैक्चरिंग पावरहाउस के रूप में उभर रहा है। कई सेक्टर प्रोडक्शन और एक्सपोर्ट दोनों में अभूतपूर्व ग्रोथ देख रहे हैं। 2014 से, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग छह गुना बढ़ गई है, जिससे यह आज 11 लाख करोड़ से ज्यादा का सेक्टर बन गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एक्सपोर्ट भी 4 लाख करोड़ से ज्यादा हो गया है। ऑटोमोटिव इंडस्ट्री इसका एक और उदाहरण है, जो देश में सबसे तेज़ी से बढ़ते सेक्टरों में से एक के रूप में सामने आया है। पीएमओ के एक बयान में कहा गया कि रोजगार मेला रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को साकार करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल है। बयान में कहा गया कि इसकी शुरुआत के बाद से देश भर में आयोजित रोजगार मेलों के माध्यम से 11 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं। इसमें बताया गया कि 18वां रोजगार मेला देश भर के 45 स्थानों पर आयोजित किया गया और भारत के सभी हिस्सों से चयनित नव-नियुक्त कर्मचारी सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में शामिल हुए। नव-नियुक्त कर्मी गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग आदि में सेवाएं देंगे।

### युवाओं को अवसर देना प्राथमिकता

रोजगार मेले कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि युवाओं को उनकी योग्यता और कौशल से जोड़ना, तथा उन्हें स्वरोजगार के अवसर देना सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि सरकारी भर्तियों को मिशन मोड में लाने के उद्देश्य से रोजगार मेला शुरू किया गया था, और अब यह एक ऐसा महत्वपूर्ण मंच बन गया है, जिसके माध्यम से लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियां मिल चुकी हैं। भारत की जनसांख्यिकीय ताकत पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है।

# किसी भी हमले को 'पूरी तरह से युद्ध' मानेंगे

## ■ ईरान की ट्रंप को कड़ी चेतावनी



**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि वह अपनी जमीन पर किसी भी हमले को 'पूरी तरह से' एक युद्ध मानेगा और यथासंभव सख्ती से जवाब देगा। एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने नाम उजागर न करने की शर्त पर यह बात कही है। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, हम इस बार किसी भी हमले को हमारे खिलाफ पूरी तरह से युद्ध मानेंगे, चाहे वह सीमित, असीमित, सर्जिकल, काइनेटिक या कुछ और हो। हम जितना संभव हो उतनी सख्ती से इसका जवाब देंगे।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो दिन पहले कहा था कि बड़ी संख्या में अमेरिकी सैन्य जहाज ऐहतियात के तौर पर ईरान की ओर बढ़ रहे हैं। ट्रंप ने कहा है कि अगर ईरान अपने मिसाइल और परमाणु कार्यक्रमों को विकसित करना जारी रखने की कोशिश करता है तो वह ईरान पर हमलों का समर्थन करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने हालिया विरोध प्रदर्शनों के दौरान भी ईरान को एक 'शक्तिशाली हमले' की धमकी दी थी। उन्होंने ईरान में विरोध प्रदर्शनों के बीच यह भी कहा कि उनका मानना है कि इस्लामिक गणराज्य को नये नेतृत्व की जरूरत है। ट्रंप ने कहा है कि ईरान पर कड़ी नज़र रखी जा रही है और एक विशाल बेड़ा खाड़ी क्षेत्र की ओर बढ़ रहा है।

# इसरो की 2026 में कई सैटेलाइट लॉन्च करने की योजना

## ■ आम लोग भी कर सकते हैं चांद का सफर

**नई दिल्ली।** इसरो के चेयरमैन वी नारायणन ने जानकारी दी कि स्पेस एजेंसी कई सैटेलाइट लॉन्च पर काम कर रही है। इन्हें 2026 में लॉन्च करने की योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया हम इस साल बहुत सारे सैटेलाइट भेजने की योजना बना रहे हैं। इसके लिए काम जारी है। पीएम मोदी से मिलने के बाद पूरी घोषणा की जाएगी।

अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने कहा था कि भारत और अमेरिका को मिलकर अंतरिक्ष कार्यक्रमों की खोज करनी चाहिए। इस पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा हमारे पास कई बड़े मिशन लाइन में हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में काम कर रहे हैं। हम एक इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। लोगों को चंद्रमा पर भेजने और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाने की योजना बना रहे हैं। पीएसएलवी-सी 62 रॉकेट के तीसरे चरण के दौरान आई गड़बड़ी के बारे में नारायणन ने कहा कि वैज्ञानिक इसका विश्लेषण कर रहे हैं।






## टीकाकरण के प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रचार-प्रसार हेतु टीका मित्र वैन, ई-रिक्शा तथा नुक्कड़ नाटक का शुभारम्भ जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डा.प्रवीण कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर किया।

मुख्य चिकित्साधिकारी प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि प्रदेश के समस्त जनपदों में माह जनवरी 2026 में भी टीका उत्सव मनाने हेतु निर्देश दिये गये हैं। टीका उत्सव कार्यक्रम में पीसीआई द्वारा जनपद में टीकाकरण से इंकार/हिचकिचाहट वाले परिवारों में टीकाकरण के महत्व को बताते हुये 0-2 वर्ष के बच्चों के सम्पूर्ण टीकाकरण के साथ क्षेत्र में जीरो डोज बच्चों का टीकाकरण कराने में सहयोग किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.प्रवीण कुमार ने कहा कि टीका मित्र वैन जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर जनता को टीकाकरण के महत्व, लाभएवं समय पर टीकों की आवश्यकता के प्रति जागरूक करेगी। इस वैन के माध्यम से यह संदेश दिया जायेगा कि बीमारियों पर वार का सबसे प्रभावी माध्यम टीकाकरण है। वैन द्वारा डिप्थीरिया, टेटनस, काली खांस, पोलियो, टीबी, खसरा, रूबेला, निमोनिया, गलाघोंटू सहित 12 जानलेवा बीमारियों से बच्चों को बचाने के लिये समयबद्ध टीकाकरण का सेदश दिया जायेगा।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा.मुकेश कुमार ने कहा कि टीका मित्र वैन के साथ ही ई-रिक्शा एवं नुक्कड नाटक कार्यक्रमों का संचालन भी हाई रिस्क क्षेत्रों में किया जा रहा है, जहां टीकाकरण को लेकर समुदाय में झिझक, भ्रांतियां एवं जागरूकता की कमी पायी जाती है। इस अवसर पर समस्त अपर/उप मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर शोध अधिकारी विनोद, पीसीआई-गावी कोर्डिनेटर सुश्री गुलअफ्शा एवं उनकी समस्त टीम, यूनिसेफ के डीएमसी अमित, यूएनडीपी से यूविन कोर्डिनेटर मंसूर एवं वीसीसीएम आनन्द, जेएसआई से डीसी शाने हैदर, कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश दिवस

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** माँ शाकम्भरी विश्वविद्यालय के कुलपति ने उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों एवं युवाओं से प्रदेश के समग्र विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति ने दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत का एक समृद्ध, गौरवशाली एवं विविधताओं से परिपूर्ण राज्य है, जिसने देश के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश का सहारनपुर मंडल अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। सहारनपुर प्रदेश का एक प्रमुख औद्योगिक एवं वाणिज्यिक केंद्र है, जो विश्वविख्यात लकड़ी पर नक्काशी के कुटीर उद्योग के लिए प्रसिद्ध है।



इसके अतिरिक्त यह क्षेत्र उच्च गुणवत्ता वाले गुड़ उत्पादन के लिए भी जाना जाता है। वहीं शामली जनपद गन्ना उत्पादन, चीनी मिलों तथा पारंपरिक गुड़ उद्योग के कारण एक महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र के रूप में स्थापित है। साथ ही लौह एवं इंजीनियरिंग उद्योग, रोलिंग मिल, कास्टिंग इकाइयाँ तथा स्टील एवं एल्युमिनियम बर्तन उद्योग भी इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करते हैं। इन सभी उद्योगों का प्रदेश की अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान है।

वक्ताओं ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश की भूमि अनेक भाषाओं, परंपराओं और संस्कृतियों की जननी रही है। हिंदी के साथ-साथ अवधी, ब्रज और भोजपुरी जैसी समृद्ध भाषाएँ इसी प्रदेश की देन हैं। प्रदेश का शास्त्रीय नृत्य कथक आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। सहारनपुर मंडल के निवासी होने पर सभी को गर्व की अनुभूति होती है।

उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय में भाषण, पोस्टर, क्विज एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार हीना, द्वितीय गोपाल त्यागी एवं शिवम वालिया तथा तृतीय पुरस्कार साकीर एवं इशरत को प्रदान किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में अलिना ने प्रथम, तुषार एवं चाँद बीबी ने द्वितीय तथा अमलेश कपिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में सबनाज़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ईशा एवं चाँद बीबी द्वितीय रहे। रंगोली प्रतियोगिता में सबनाज़, ईशा, चाँद बीबी, मनीष, नदीम एवं सब नूर ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी, परीक्षा नियंत्रक डॉ.राजीव कुमार, उपकुलसचिव अनुप कुमार, अकादमिक समन्वयक डॉ. विनोद कुमार, डॉ. आर. के. गुप्ता सहित बड़ी संख्या में संकाय सदस्य एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कुश्ती खेल के चयन ट्रायल में पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** कुश्ती खेल के मंडल स्तरीय चयन ट्रायल में खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया। मंडल स्तरीय चयन ट्रायल में चयनित खिलाड़ी मुरादाबाद में होने वाली प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता मे सहारनपुर मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे।

खेल निदेशालय उप्र खेल भवन लखनऊ के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर पुरूष कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 30 जनवरी तक मुरादाबाद में किया जा रहा है, जिसमें प्रतिभाग तथा उत्तर प्रदेश दिवस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मण्डल स्तरीय कुश्ती पुरूष चयन ट्रायल का आयोजन राहुल चोपडा क्रीडाधिकारी सहारनपुर की देख-रेख में किया।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित चयन ट्रायल मे अभिषेक कुमार, साहिल, नितिन, मौ. अयान, मौ. असद, मौ. अकरम, गुरूप्रीत, इसराईल, नितिन द्वितीय, मौ.नौमान, सुशील कुमार, शिवा, रितिक, आदित्य कुमार, यतेन्द्र सिंह वालिया, विराज, मौ. मुजम्मिल, वरदान, तुषार अरोडा, सन्नी कुमार का चयन किया गया। मंडल स्तरीय चयन ट्रायल में खिलाड़ियों का चयन कुश्ती प्रशिक्षक आदेश कुमार के द्वारा किया गया। मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल में क्रीड़ाधिकारी राहुल चोपड़ा ने सभी चयनित पहलवानों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। चयन ट्रायल में चयनित खिलाड़ी 28 से 30 जनवरी तक मुरादाबाद में होने वाली प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता मे सहारनपुर मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर सहायक प्रशिक्षक बॉक्सिंग प्रवीण कुमार, अभिषेक चौधरी, रोहित चिंकारा आदि उपस्थित रहे।

## शहीद निशांत की स्मृति में लगाया रक्तदान शिविर



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** एरोन एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी व फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में 31 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदा किया। अमर शहीद निशांत शर्मा की 5वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा के पास एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शहीद की स्मृति को शब्दों के बजाय रक्तदान के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिविर में कुल 50 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 31 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। एरोन एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष रश्मि टेरेंस ने कहा कि फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट के साथ मिलकर यह आयोजन समाज को यह संदेश देता है कि शहीदों की स्मृति में जीवनदान देना सबसे बड़ी श्रद्धांजलि है। ऐसे प्रयास युवाओं में सेवा और संवेदना की भावना को मजबूत करते हैं। महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि जो रक्तदाता आज यहाँ आए हैं, वे देश और समाज दोनों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। शहीद की पुण्यतिथि पर रक्तदान करना एक प्रेरणादायी उदाहरण है। पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा ने कहा कि रक्तदान का कोई विकल्प नहीं है। यह ऐसा महादान है जिससे अनगिनत ज़िंदगियों को नया जीवन मिलता है और समाज में मानवता का भाव प्रबल होता है। कार्यक्रम में शहीद निशांत शर्मा के पिता जोगिंदर शर्मा, माता ममता शर्मा एवं भाई ऋषभ शर्मा, सुषमा बजाज, शरद भार्गव, अतुल परेशर, विजयकांत चौहान, ओसविन टेरेंस, शशांक शर्मा, मैडी शर्मा, मिंटू अंसारी, संदीप शर्मा, दीपिका सचदेवा, पारस वर्मा और टीम एफबीडी से संस्थापक तरुण भोला, अभिषेक कुमार, विशाल राणा, योगेश पंवार आदि मौजूद रहे।

## चोरी की बाईक समेत आरोपी को भेजा जेल



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना सरसावा पुलिस ने वाहन चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक बाईक बरामद की है।

थाना सरसावा प्रभारी प्रवेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 25 दिसम्बर को वादी कुलदीप पुत्र स्व. रेशपाल चन्द निवासी इन्द्रा कालोनी कस्बा व थाना सरसावा की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ वादी की बाईक चोरी कर ले जाने के संबंध में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक महेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जांच में प्रकाश में आये एक शातिर चोर मोहित पुत्र किले सिंह निवासी शेखपुरा थाना सरसावा को देहरादून अम्बाला हाईवे अण्डर पास के नीचे नकुड रोड से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बाईक बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

## बीच बाजार में कुल्हाड़ी से हमला करने के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ़्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** थाना कोतवाली क्षेत्र के बीच बाजार में बृहस्पतिवार रात्रि को दुकान बंद कर अपने घर जा रहे दो भाइयों पर कुल्हाड़ी से हमले के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद की है।

विदित हो कि बृहस्पतिवार रात्रि लगभग 8ः00 बजे थाना सिविल लाइन क्षेत्र निवासी दो व्यापारियों पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया था जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था।घटना के बाद पीड़ित दीपक कुमार गुप्ता पुत्र दिनेश कुमार गुप्ता द्वारा थाना कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया गया था कि वह अपने भाई नितिन के साथ दुकान बंद करके घर जा रहे थे तभी गांधी ग्राउंड के पास मनोज कुमार सिंह पुत्र आलोक कुमार तथा दीपक पुत्र मनोज कुमार निवासी लोची नगला द्वारा जान से मारने की नीयत कुल्हाड़ी से वार किया गया है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस तभी से घटना की जांच में जुटी हुई थी।शनिवार को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा घटना के दोनों आरोपियों मनोज तथा दीपक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस को इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद हुई है।

## शहर में चलती कार में लोगों ने फंसा देखा एक व्यक्ति का शव, हड़कंप

### पुलिस ने कार को चालक सहित कब्जे में लेते हुए शव को मोर्चरी में रखवाया

**बदायूं।** सदर कोतवाली क्षेत्र के लालपुल पर उस समय हड़कंप मच गया जब लोगों को एक चार पहिया वाहन कार के नीचे एक व्यक्ति का शव फंसा दिखाई दिया।जिसकी चर्चा पर देखते ही देखते मौके पर लोगों का हुजूम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया गया।कार को चालक सहित कब्जे में लेकर पुलिस ने चालक से पूछताछ शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के लालपुल पर शुक्रवार रात्रि में कुछ लोगों द्वारा सड़क से गुजर रही एक कार के नीचे किसी व्यक्ति का शव फंसा हुआ देखा।लोगों द्वारा कार चालक को इस बारे में बताने के साथ-साथ इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लेते हुए मृतक के शव को मोर्चरी में रखवा दिया। मृतक की जेब से पुलिस को एक आधार कार्ड मिला जिसके जरिए मृतक की पहचान हो सकी। बताया जाता है कि थाना कादर चौक क्षेत्र के ग्राम ललुआ नगला निवासी मृतक धलेंद्र राजमिस्त्री का कार्य करते थे और वह अपने साढू के घर से लौट रहे थे। उनके साथ हादसा कैसे हुआ पुलिस इसकी गंभीरता से जांच कर रही है। बताते हैं कि कार चालक परविंदर प्रताप सिंह शहर की कृषि विभाग कॉलोनी निवासी हैं और वह थाना कादरचौक क्षेत्र के ग्राम असरासी में खाद बीज की दुकान का कार्य करते हैं। पुलिस घटना के खुलासे हेतु कार चालक से पूछताछ के साथ-साथ हर एंगल से जांच कर रही है।

## पूनम लॉन में आयोजित किया गया मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम



**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** नगर के पूनम लॉन में शनिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा एवं जनपद की प्रभारी मंत्री गुलाब देवी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। कार्यक्रम में चयनित जोड़ो 225 के सापेक्ष 213 जोड़े उपस्थित रहे जिसमें 8 मुस्लिम, 37 बौद्ध एवं 168 हिंदू जोड़े सम्मिलित हुए। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा प्रदेश है और यह अपने आप में एक स्वाभिमान की बात है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश द्वारा भारत को सबसे अधिक प्रधानमंत्री दिए हैं। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में सरकार द्वारा धनराशि को बढ़ाकर 1 लाख रुपया प्रति जोड़ा कर दिया गया है।प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि गरीब पिता का इतनी भव्यता के साथ विवाह कराना एक सपना था जो सरकार ने साकार किया है। लोग सोचते हैं कि हमारी पुत्री विवाह में कोई गणमान्य व्यक्ति आ जाए तो विवाह कार्यक्रम की भव्यता बढ़ जाएगी लेकिन आज गरीब कन्याओं के विवाह में जिले के सभी जनप्रतिनिधि एवं आला अधिकारी सम्मिलित हुए हैं। यह बहुत गौरव की बात है।भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि आज बहुत शुभ दिन है कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जनपद में एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन कर गरीब कन्याओं के हाथ पीले किया जा रहे हैं।

## क्रीड़ाधिकारी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिलायी शपथ



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में आज सभी कार्मिकों प्रशिक्षकों एवं खिलाडियों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलायी गयी। क्षेत्रीय खेल कार्यालय में क्रीड़ाधिकारी राहुल चौपड़ा ने सभी कार्मिकों प्रशिक्षकों एवं खिलाडियों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलायी कि 'हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है, कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निस्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। चाहे कोई संस्कृति हो या धर्म मतदान करना सबका पहला कर्तव्य है, इसलिए मतदान अवश्यक करें। इस अवसर पर प्रवीन कुमार सहायक प्रशिक्षक (बॉक्सिंग), शिव नन्दन कनिष्ठ सहायक, अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, बृजेश कुमार जीवन रक्षक, जय गुप्ता, सुश्री सीमा, लाल धर्मेन्द्र प्रताप, जयेन्द्र कुमार, आदेश, श्रीमती प्रयंका चौहान, पुनीत कुमार आर्य, रूपेश कुमार, गौरव, सन्नी कुमार, सुश्री सुप्रिया रानी, आकाश आदि उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ ईंजन: मंत्री जसवंत

## सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गयी प्रदर्शनी का अवलोकन कर देखा उत्तर प्रदेश का ऐतिहासिक विकास

- धूमधाम से मनाया गया उत्तर प्रदेश दिवस
- वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाते हुए स्वदेशी से स्वावलम्बन की ओर बढें



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास मंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस हम सबके लिए गौरवशाली एवं प्रेरणादायी दिवस है। उन्होंने कहा कि यह श्री राम और श्री कृष्ण की जन्मभूमि है। यह अवतारों की भूमि है। यह गौतम बुद्ध, महावीर स्वामी, रविदास, लक्ष्मीबाई, मंगल पाण्डेय, चन्द्रशेखर, अटल बिहारी वाजपेयी की भूमि है। उत्तर प्रदेश विचार, संघर्ष एवं अध्यातम की धरती है। उत्तर प्रदेश विरासत और विकास की भूमि है। आज उत्तर प्रदेश नए भारत का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है।

मंत्री जसवंत सैनी आज यहां जनमंच सभागार में उत्तर प्रदेश दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने दुनिया में बेहतर कानून व्यवस्था का उदाहरण पेश किया है। इसी के साथ हाईवे, एक्सप्रेसवे, ऐयरपोर्ट, मेट्रो, निवेश, शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में नए किर्तीमान स्थापित कर रहा है। आज सरकार एक जनपद एक उत्पाद, एक जनपद एक व्यंजन, एक जनपद एक मेडिकल कॉलेज एवं एक मण्डल एक विश्वविद्यालय की दिशा में कार्य कर रही है।

जसवंत सैनी ने कहा कि वर्तमान सरकार महिलाओं की सुरक्षा, युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार, किसानों की आय में बढोत्तरी, गरीबों के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए प्रतिबद्ध है। सभी मिलकर भ्रष्टाचार, हिंसा व भेदभाव के विरूद्ध खडे होकर शिक्षा व सदभाव को अपनाकर सामाजिक सदभाव के साथ उत्तर प्रदेश को विकसित बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दें। वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाते हुए स्वदेशी से स्वावलम्बन की ओर बढें।

महापौर डॉ.अजय कुमार सिंह ने कहा कि विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश की परिकल्पना को मुख्यमंत्री के नेतृत्व में साकार किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश कृषि एवं संस्कृति की विविधता वाला प्रदेश है। यह ज्ञान और अध्यात्म की भूमि है। हम सभी प्रदेश को आगे ले जाकर देश को सर्वोच्च शिखर पर पंहुचाने का प्रण लें।

विधायक नगर राजीव गुम्बर ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश सबसे खुशहाल प्रदेश है। प्रदेश विकास की नई ऊंचाईयों को छू रहा है। विकास एवं कानून व्यवस्था सरकार की प्राथमिकता है।

विधायक रामपुर मनिहारान देवेन्द्र निम ने बच्चों द्वारा दी गयी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की प्रशंसा की। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था रोल मॉडल है। सभी की निगाहें हमारी तरफ है। सहारनपुर विकास की नई धरा को छू रहा है। सहारनपुर छात्रों के लिए शिक्षा का हब बन गया है। यहां पर विश्वविद्यालय के साथ-साथ एयरपोर्ट, हाईवे, मेडिकल कॉलेज सभी समग्र विकास के साधन उपलब्ध है।

विधायक नकुड़ मुकेश चौधरी ने कहा कि आज यूपी भारत का नम्बर वन प्रदेश है। वैश्विक प्रगति के लिए गांव, ब्लॉक, तहसील, जिला से होकर जाना पड़ता है, जोकि आज संभव है। भारत के विकसित देश होने में उत्तर प्रदेश सबसे ज्यादा योगदान देने वाला प्रदेश बनेगा।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि प्रदेश की प्रगति में योगदान देना हम सबका सौभाग्य है। उत्तर प्रदेश अपने बेहतर कार्यो के कारण आज प्रगतिशील राज्य के रूप में जाना जा रहा है। उन्होने कल होने वाले मतदाता दिवस एवं पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य पर सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रमों में सभी को आमंत्रित करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में पंचायत प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत ग्राम प्रधान चकवाली श्रीमती सविता देवी, ग्राम प्रधान विजना खेडी श्रीमती दीपा चौधरी, ग्राम प्रधान शिकलाना श्रीमती कोमल देवी, ग्राम प्रधान दौलतपुर प्रेमचन्द सैनी, ग्राम प्रधान मनोहरा नितीश कुमार को पुरस्कृत किया गया। कृषि विभाग से कृषक धन्नजय शर्मा, संयज सैनी, पूनम, चरण सिंह, अजब सिंह, प्रमोद, रविन्द्र कुमार, मदनलाल सैनी, जिला उद्योग केन्द्र से प्रमुख उद्यमी एवं निर्यातकों में श्रीमती शैली साहनी, लोकेश अग्रवाल, मौ.सारिक सिद्दकी, दिनेश कुमार, कुलदीप कुमार, बेसिक शिक्षा विभाग से छात्र शेखर, प्रियांशु, वंशिका, अविका, सिमरन एवं शिक्षक अनुज वर्मा तथा हकीमुद्दीन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर एक जनपद एक उत्पाद, एक जनपद एक व्यंजन, स्टार्टअप व ईज ऑफ डूईंग बिजनेस, इनवेस्ट उत्तर प्रदेश से संबंधित प्रदर्शनिया लगाई गयी। नगर निगम, कृषि, मिशन शक्ति, बैंक, खादी ग्रामोद्योग, एनआरएलएम, पर्यटन, पशुपालन, विश्वविद्यालय, स्टार्ट अप इण्डिया आदि से संबंधित स्टाल लगाए गए।

इस अवसर पर मण्डलायुक्त डॉ.रूपेश कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी, नगर आयुक्त शिपु गिरी, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन राजपाल, पिछडा वर्ग आयोग के सदस्य मेलाराम पंवार, सहित जनपद स्तर के सभी वरिष्ठ अधिकारी, सुरेन्द्र चौहान, राकेश शर्मा, पत्रकार बंधु, अध्यापकगण छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कोडीनयुक्त कफ सिरप मामले में पुलिस की बड़ी कार्यवाही, साढ़े 30 करोड़ की सम्पत्ति फ्रीज

**घरों पर चस्पा कराई गई कार्रवाई से सम्बंधित नोटिस, और सम्पत्तियों की हो रही जांच**

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** रोहनिया पुलिस शनिवार को कोडीनयुक्त कफ सिरप तस्करी मामले में मास्टरमाइंड और फरार चल रहे शुभम जायसवाल के पिता भोला जायसवाल पर शिकंजा कस दिया। अभी एक दिन पहले सोनभद्र पुलिस ने भोला के बैंक खातों समेत 28.50 करोड़ की सम्पत्ति जब्त की थी। अब शनिवार को रोहनिया पुलिस ने भोला के 30 करोड़ 52 लाख 26 हजार 944 रूपये कीमत की सम्पत्ति पर धारा 68 (एफ) एनडीपीएस एक्ट (सफेमा) के तहत कार्रवाई की है। एसआईटी की जांच में सामने आया कि यह चल-अचल सम्पत्तियां भोला और उसके बेटे ने अपराध से अर्जित की थी। इसके साथ ही सोनभद्र जेल में बंद भोला के खिलाफ वारंट बी जारी कर दिया गया है। रोहनिया पुलिस ने बताया कि मुख्य अभियुक्त भोला जायसवाल व उसके परिजनों के अपराध से अर्जित सम्पत्ति लगभग 30,52,26,944/- रुपये का धारा 68 (१) एनडीपीएस एक्ट (सफेमा) के तहत कार्यवाही की गई है। बता दे की इस मामले में आदमपुर थाना क्षेत्र के प्रहलाद घाट निवासी भोला जायसवाल के खिलाफ धारा 8/21/25/29 एनडीपीएस एक्ट व 111 के तहत भोला प्रसाद (शैली ट्रेडर्स के प्रोपराइटर) के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने बताया कि कोडिन कफ सिरफ केस में विवेचना से तथ्यों से पुष्टि हुई कि मौके से बरामद फैंसाडील कफ सिरफ एबार्ट कम्पन्नी द्वारा अभियुक्त भोलाप्रसाद को बेचा गया था। इसका प्रमाण रिपोर्ट एबार्ट कम्पन्नी द्वारा दिया गया हैं। भोला जायसवाल और उसके संगठित गिरोह द्वारा कफ सिरफ की बड़े पैमानें पर अवैध तस्करी की गई। इससे अर्जित लगभग 30,52,26,944 रुपये चल / अचल सम्पत्ति का अर्जन किया गया था।

# सम्मनपुर थाने की पुलिस ने गोवंश वध के प्रयास में शातिर को दबोचा

**अवधनामा ब्यूरो**



**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** थाना सम्मनपुर पुलिस टीम ने 24 जनवरी 2026 की सुबह 6 बजे एक सुनियोजित कार्रवाई के तहत शातिर अपराधी जुबैर उर्फ़ पकौडा, पुत्र हनीफ, निवासी सिकन्दरपुर को गिरफ्तार किया। आरोपी हिस्ट्रीशीटर है और उसका ॥स नंबर 13 दर्ज है।

गिरफ्तार के समय आरोपी ग्राम अलमापुर सिवान में गोवंश वध करने की फिराक में था और उसके पास एक चापड और रस्सियां बरामद हुई हैं। पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में और अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत उपनिरीक्षक रामसुमेर यादव मय हमराही ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

अभियुक्त पर पहले भी कई गंभीर अपराध दर्ज हैं, जिनमें गौ हत्या अधिनियम, आर्म्स एक्ट और यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमे शामिल हैं। गिरफ्तार जुबैर को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

इस कार्रवाई में पुलिस टीम के सदस्य उपनिरीक्षक रामसुमेर यादव, हे0का0 संतोष कुमार, हे0का0 ओमप्रकाश गिरी और का0 कृष्णचन्द्र यादव शामिल थे। इस गिरफ्तारी से जनपद में अपराध नियंत्रण और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के अभियान को मजबूती मिली है।

# सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु में भारत की हिस्सेदारी लगभग 11 प्रतिशत है : सुधांशु रंजन

**बिरहा गीत के माध्यम से छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक**

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए आरटीओ द्वारा जागरूक अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में महमाना मालवीय इंटर कॉलेज, बच्छांव, चुनार रोड, वाराणसी में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति सजग बनाना तथा दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु व्यवहारगत परिवर्तन को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज वर्मा, आर.टी.ओ. प्रवर्तन, वाराणसी रहे। विशिष्ट अतिथियों में राघवेंद्र सिंह, आर.टी.ओ. प्रशासन, सुधांशु रंजन, ए.आर.टी.ओ. प्रवर्तन, लोकप्रिय बिरहा लोकगायक डॉ.मन्नू यादव तथा मनोविज्ञान के प्रोफेसर डॉ. ओ.पी. चौधरी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. चंद्रमणि सिंह के संबोधन से हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा को कक्षा अनुशासन के समान आवश्यक बताते हुए यातायात नियमों के पालन पर जोर दिया। सुधांशु रंजन (एआरटीओ) ने भारत में सड़क दुर्घटनाओं की गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विश्व के कुल वाहनों का मात्र 1 प्रतिशत भारत में है,किंतु सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु में भारत की हिस्सेदारी लगभग 11 प्रतिशत है। डॉ.ओ.पी. चौधरी ने बच्चों में जागरूकता के मनोवैज्ञानिक पक्ष पर चर्चा करते हुए कहा कि बच्चे नियमों का पालन और दूसरों की नकल करके सीखते हैं, इसलिए परिवार और समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। राघवेंद्र सिंह,आर.टी.ओ. प्रशासन ने वाहन चलाने से पूर्व वैध ड्राइविंग लाइसेंस के महत्व पर जोर दिया तथा बताया कि यदि नाबालिग बिना वैध लाइसेंस वाहन चलाते पाए जाते हैं तो अभिभावकों पर 25,000 का जुर्माना तथा 6 माह तक की सजा का प्रावधान है।

## महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा स्थल पर हुआ कार्यक्रम



**बहराइच (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में आज राष्ट्र रक्षक मार्शल समाज संघ ट्रस्ट भारत रजि0 के नेतृत्व में आज बसंत पंचमी के अवसर पर महाराजा सुहेलदेव पासी की 1036 वी0वर्ष के उपलक्ष्य में गेंद घर मैदान से चल कर चित्तौरा झील में महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा स्थल पर एक जन सभा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में नर नारी गेंद घर मैदान से एकत्रित होकर डिगिहा चौराहा पुलिस लाइन होते हुए महाराजा सुहेलदेव पासी की प्रतिमा स्थल चित्तौरा झील तक पहुंचे इस शोभा यात्रा में महाराजा सुहेलदेव की प्रति मूर्ति के साथ हर्षा उल्लास से मनाया जायेगा। इसमें वक्ता के द्वारा महाराजा सुहेलदेव पासी जी की जीवन एवं उनके अभूतपूर्व संघर्षो को याद करके समाज को जनजाग्रति किया एवं जीवन गाथा एवं विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस शोभा यात्रा में रा0र0म0स0स0 के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार पासी सहित रमेश कुमार पूर्व प्रधान,राजेश कुमार पूर्व प्रधान, विश्राम पासी कोषाध्यक्ष,एडवोकेट गुलाब चन्द पासी,एडवोकेट लाला राम सरोज,जगन्न नाथ, गौतम पासी राजू सरोज रोहित पासी राजितराम पासी देशराज पासी योगेश पासी, विक्रम पासी बलवन्त पासी,जेपी पासी, जगदीश पासी, बृजेश,नन्द कुमार, हरिराम बाबू, अनिरूद्ध कुमार, बक्षराज पासी, रामनरेश पासी,रमेश पासी आदि लोग मौजूद रहे।

## पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित हुआ ब्लैक आउट मॉक ड्रिल



**बहराइच (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, आपातकालीन परिस्थितियों के समय आमजनमानस सतर्क व अलर्ट रखने, प्राथमिक उपचार तथा जीवन को सुरक्षित रखने की जानकारी प्रदान करने तथा दैवीय आपदा के समय अग्निशमन एवं आपात सेवायें, पुलिस, एसएसबी, स्वास्थ्य एवं अन्य सम्बन्धित विभागों, संस्थानों, संगठनों की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से शुक्रवार को देर शाम पुलिस लाईन परेड ग्राउण्ड में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश तथा जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के कुशल मार्गदर्शन में ब्लैक आउट जैसी परिस्थितियां पैदा कर मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक अभ्यास किया गया।

## बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर पटखौली में जन चौपाल एवं बहु-बेटी सम्मेलन का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता, बांसी सिद्धार्थनगर।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान अंतर्गत शनिवार को थाना कोतवाली बांसी क्षेत्र के ग्राम पूर्व माध्यमिक विद्यालय ग्राम पटखौली में जन चौपाल एवं बहु-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिणी यादव के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक के नेतृत्व में संपन्न हुए कार्यक्रम में लगभग 100 महिलाओं व बालिकाओं ने नए कानूनों, महिला सुरक्षा उपायों एवं सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया। जनचौपाल में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नारी शक्ति वंदन अधिनियम सहित अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

## एनसीसी कैडेट्स को किया गया जागरूक

**फरुखाबाद।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जिलाधिकारी फर्रूखाबाद आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में आज दिनांक 24-01-2026 को सहायक संभागीय परियोजना अधिकारी (प्रवर्तन) सुभाष राजपूत तथा जिला युवा कल्याण अधिकारी द्वारा डीएनपीजी कॉलेज फतेहगढ़ में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत कार्यशाला तथा जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि एसडीएम सदर रजनीकांत रहे। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन ) सुभाष राजपूत द्वारा सभी एनसीसी कैडेट्स को अपने संबोधन में बताया कि वर्तमान में सड़क दुर्घटनाएं केवल लापरवाही की वजह से बढ़ती जा रही है जिसको नियंत्रण करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी से अपील की कि सड़क सुरक्षा के नियमों का अक्षरशः पालन करें। किसी भी स्थिति में यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग ना करें, वाहन के प्रपत्र पूर्ण रखें, नशे की स्थिति में वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें।

# कुशीनगर में 7 अभियुक्त जिलाबदर, 6 माह के लिए जनपद सीमा से निष्कासन

**अवधनामा ब्यूरो, कुशीनगर।** जनपद में कानून-व्यवस्था एवं लोक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) कुशीनगर द्वारा गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा 3/4 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए सात अभियुक्तों को छह माह के लिए जिलाबदर किया गया है। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने बताया कि जिन अभियुक्तों के विरुद्ध जमानतीय वारंट जारी होने के बावजूद न्यायालय में उपस्थिति नहीं हुई तथा जिनके विरुद्ध संबंधित थानों में गंभीर अपराध पंजीकृत हैं, उन्हें लोक शांति के दृष्टिगत गुण्डा घोषित करते हुए जनपद की सीमा से निष्कासित किया गया है। जिलाबदर किए गए अभियुक्तों में समीर खां उर्फ समीर खान उर्फ लड्डन (भुलिया अगरवा, थाना तरयासुजान), भोला यादव (सिसवा अव्वल, थाना तरयासुजान) तथा सूरज गुप्ता (सलेमगढ़ पठानी टोला, थाना तरयासुजान) को देवरिया जनपद के लिए जिलाबदर किया गया है। वहीं सेराज उर्फ तिल्ली, अयाज, कलीम एवं सलीम (थाना कोतवाली पडरौना क्षेत्र) को महराजगंज जनपद के लिए जिलाबदर किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित अभियुक्तों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ज़िले की न्याय पंचायतों पर सम्पन्न हुई शिक्षा चौपाल

**बहराइच।** सरकार की मंशा अनुसार शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिले की न्याय पंचायतों पर शिक्षा चौपालों का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के निर्देशन में किया।जिसके तहत न्याय पंचायत मसीहाबाद और जोहरा पर भव्य कार्यक्रम आयोजित हुए। आज मसीहाबाद के स्कूल शाहपुरजोत यूसुफ में शिक्षा चौपाल कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ अध्यापिका प्रिंसकुमारी शुक्ला ने दीप प्रज्वलित करके किया। इसके बाद बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना पर नृत्य प्रस्तुत किया गया।




# मृतक सपा नेता के परिजनों को अखिलेश यादव की आर्थिक सहायता



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के समर्पित नेता एवं लोहिया वाहिनी के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय मदन यादव के परिजनों को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आर्थिक सहायता प्रदान की। इस मानवीय सहयोग को आगे बढ़ाते हुए फैजाबाद (अयोध्या) के सांसद अवधेश प्रसाद स्वयं स्वर्गीय मदन यादव के आवास नगर पंचायत कुमारगंज (पूरे सोन का पुरवा) पहुंचे और उनके परिजनों से मुलाकात कर सहायता राशि का चेक सौंपा। गौरतलब है कि बीते 11 मई 2025 को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में समाजवादी पार्टी के जुझारू नेता स्वर्गीय मदन यादव का असामयिक निधन हो गया था। उनके आकस्मिक निधन से न केवल पार्टी कार्यकर्ताओं बल्कि पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी। समाजवादी पार्टी परिवार ने इस दुःख की घड़ी में दिवंगत नेता के परिजनों के साथ खड़े रहते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की थी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने संवेदनशीलता और दरियादिली का परिचय देते हुए यह संदेश दिया कि समाजवादी पार्टी अपने संघर्षशील कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों को कभी अकेला नहीं छोड़ती। सांसद अवधेश प्रसाद ने भी परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।यह पहल समाजवादी पार्टी की उस परंपरा को दर्शाती है, जिसमें संगठन केवल राजनीति तक सीमित नहीं, बल्कि अपने लोगों के सुख-दुःख में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहता है।

सपा के निवर्तमान प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अमित प्रसाद, नगर पंचायत कुमारगंज के चेयरमैन विकास सिंह (छोटू), रामजी पाल, राम सतन कोरी, आज़ाद सिंह चौहान, सुनील कोरी, गुलाब सिंह यादव, देवराज यादव, पुत्तन यादव, दयानंद यादव,एडवोकेट राजेंद्र प्रसाद,रामजीत, अर्पित पांडेय,मोनू सिंह,आर्यन सिंह, विशाल यादव सहित पार्टी सैकड़ो कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

# श्री लक्ष्मी चैरिटेबल ट्रस्ट ने विभूतियों को किया सम्मानित



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** नाका स्थित एक पैलेस में अयोध्या कला संस्कृत महाकुंभ के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों का श्री लक्ष्मी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित एवं सीओ अनिरुद्ध कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम संयोजक व अध्यक्ष एसबी सागर प्रजापति ने बताया कि ऐसे आयोजनों से युवाओं की प्रतिभा को मंच मिलता है। मुख्य अतिथि आलोक सिंह रोहित ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम युवाओं के भीतर छिपी कला को निखारते हैं, जिससे वे समाज व देश के लिए उत्कृष्ट कार्य करने को प्रेरित होते हैं।कार्यक्रम में पत्रकार रूपेश श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार दूबे, सुनील यादव सहित श्री लक्ष्मी चैरिटेबल ट्रस्ट से जुड़े शैलेश शर्मा, रिंकी यादव, अंजलि जायसवाल, पूर्णिमा जायसवाल, राम आशीष, विकास चौधरी, दीपांश श्रीवास्तव व नीरज कुमार को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर ट्रस्ट की संरक्षिका लक्ष्मी देवी, आशीष , जितेंद्र प्रजापति, गीता देवी, राज प्रजापति, आलोक, नैंसी, मानस कुमार, माही प्रजापति सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अंबरीश पांडे ने किया।

# सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान व क्रांतिकारी नेता थेः एसडीएम आनंद



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** देश प्रेमी अमर सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर शनिवार को सुभाष चंद्र बोस स्कूल परिसर में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम सदर आनंद तिवारी ने नेता सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि नेता जी सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता और क्रांतिकारी थे। नेताजी को उनके साहस, दृढ़ संकल्प और अद्वितीय रणनीतियों के लिए जाना जाता है। नेताजी ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी और देशवासियों के बीच देशभक्ति और बलिदान की भावना को जागृत किया। सुभाष चंद्र बोस का योगदान केवल उनके द्वारा लड़ी गई लड़ाइयों तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने भारतीयों के आत्मसम्मान, साहस और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया। क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंथ ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपना सर्वस्व अर्पित किया। उनकी प्रेरणा हमें देश और समाज के प्रति कर्तव्य निभाने की सीख देती है। साथ ही ये सीख भी मिलती है कि जब उद्देश्य महान हो, तो हर बाधा को पार किया जा सकता है।

## 6दिन पूर्व मे सड़क हादसे मे घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**जैदपुर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** उन्नाव से घर आते समय जैदपुर के सांई इंटर कॉलेज के पास मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को स्कारपियों ने मारी टक्कर जिससे इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गयी, शिकायत मिलने पर जैदपुर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। जानकारी के अनुसार रामसंजीवन पुत्र श्री राम केतार निवासी ग्राम सालाभारी थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी ने जैदपुर कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुये बताया कि मेरे बड़े भाई रामू वर्मा उम करीब 40 वर्ष अपने साथी सर्वेश कुमार पुत्र ईश्वरदीन निवासी चन्द्रभानपुर थाना असन्द्रा के साथ दिनांक 18 जनवरी को उन्नाव से घर वापस अपनी मोटरसाइकिल संख्या यू.पी. 41 वाई 7984 से आ रहे थे कि साई इण्टर कालेज के पास मीरा एण्ड रज्जू इण्टरप्राइजेज के सामने काले रंग की स्कर्पियो के चालक द्वारा जैदपुर की तरफ से आते हुए तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से मेरे भाई की मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी।

# संगठित हिंदू समाज समर्थ भारत की नींवः कौशल किशोर



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शनिवार को मंजीठा स्थित नागदेवता मंदिर के निकट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (अवध क्षेत्र) के प्रांत प्रचारक कौशल किशोर ने हिंदू सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता बोलते हुए समाज, राष्ट्र और परिवार से जुड़े कई अहम मुद्दों पर पंच परिवर्तन के मायने समझाए।उन्होंने कहा कि डॉक्टर हेडगेवार ने सनातन परंपराओं एवं संस्कृति की रक्षा एवं राष्ट्र पुनर्निर्माण करने के लिए 1925 में आरएसएस की स्थापना की थी। उन्होंने स्वयंसेवकों को पंच परिवर्तन से समाज परिवर्तन की ओर बढ़ने का आह्वान किया। पंच परिवर्तन के पांच प्रमुख आयाम स्वदेशी बोध, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता व कुटुम्ब प्रबोधन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि इसे समाज में सशक्त रूप से लागू किया जाए तो भारत विश्व गुरु बनने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ सकता है। उन्होंने बताया कि स्वदेशी का बोध केवल आर्थिक आत्म निर्भरता का विषय नहीं है। बल्कि यह हमारी संस्कृति,परंपरा और जीवनशैली से जुड़ा हुआ है। नागरिक कर्तव्यों के प्रति सजग होकर ही एक समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रकृति सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि संगठित होकर ही भारतीय संस्कृति की रक्षा एवं चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। स्वयंसेवकों एवं हिन्दू समाज का कर्तव्य है कि वे समाज को एकजुट रखें व किसी भी प्रकार की टूट-फूट को रोकें। प्रांत प्रचारक ने जोर देते हुए कहा कि संगठित हिंदू समाज ही समर्थ भारत की नींव है।उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज के जागरण का विराट स्वरूप अब दिखने लगा है। उन्होंने किसी व्यक्ति का मूल्यांकन उसकी जाति, भाषा, संपत्ति या सामाजिक स्थिति के आधार पर न करने की सलाह दी। उनका कहना था कि यह देश उन सभी का है जो सनातन संस्कृति एवं परंपराओं का सम्मान करता है और यही भावना सच्ची सामाजिक समरसता की पहचान है। पूर्व सांसद ने हिंदू समाज से अपील की कि वे आपसी समझ को बढ़ाएं, संकट के समय एक-दूसरे का सहारा बनें और देश के इतिहास व पूर्वजों को जानने का प्रयास करें।

# अक़ीदत व एहतराम के साथ निकला सफरे इमामे हुसैन का जुलुस



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** कस्बे से निकलने वाला 4 शाबान को सफरे इमामे हुसैन का कदीमी जुलूस अपने रिवायती अंदाज से छोटी बाजार शिया जमा मस्जिद से बरामद हुआ, जो गढ़ी जदीद मुख्किन, बांध चौराहा, पचदरी काला फाटक, पूर्व चेयरमैन रियाज़ अहमद के आवास होते हुये छोटा इमामबाड़ा,बड़ी बाजार थाना चौराहा होता हुआ शबीहे कर्बला जैदपुर में पहुंच कर समाप्त हुआ, जुलूस में अंजुमने हुसैनियां ज़ैदपुर के नौहाख्वान और मातमदार नौहा पढ़ते हुए जुलूस के साथ चल रहे, हीरो एजेंसी सहित जगह जगह स्टाल लगाकर सबील का इंतेजाम भी किया गया, जुलूस में ऊंट घोड़े डंका, अमारी, झूला, ज़ुलजनाह के साथ अंजुमन द्वारा जंजीरी मातम भी किया गया, जहां कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों के अज़ादारो ने शिरकत की। मजलिस को शिया मस्जिद में मौलाना अली रिजवान जैदपुर ने खिताब फ़रमाया ,जबकि अल विदायी मजलिस मौलाना इब्ने अब्बास साहब ने किया, अंत में अंजुमने हुसैनियां के लोगों द्वारा सामिल हुये तमाम लोगों का शुक्रिया अदा कर रुखसत किया गया, इस मौके पर अली अहमद, असद रजा, नाज मियां, मो0 मोहसिन, सबीह अब्बास, मोहसिन रजा, सारिक मेहंदी, आबिद रजा, खैरात मेहंदी, राजदार रजा, आबिद रजा, नसीम हैदर, जामिन, मोअद्दब अबू तुराब, राहत अब्बास, मो0 नायब, अम्बार हुसैन,सहित तमाम लोग मौजूद रहे। सुरक्षा को लेकर थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह कस्बा इंचार्ज विनय कुमार सिंह, दरोगा हलीम बाबू, दरोगा जयचन्द सिंह, दीवान मनोज कुमार पांडेय पंकज राठौर दीवान विक्रम सिह जयनारायण, गुड्डू सहित भारी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद रहे।

## ज़ैदपुर मे 125 वर्षो से निकता है नौचंदी का जुलुस

जैदपुर मे लगभग125 वर्षों से लगातार निकलने वाले नौचंदी का जुलूस कस्बे के मोहल्ला छोटी बाजार के मरहूम तालिब रजा के मकान से गुरुवार को देर रात बहुत ही अकीदत व एहतेराम के साथ अंजुमन हसैनियां के द्वारा नौहाख्वानी व सीनाजनी करते हुये अपने तयशुदा मार्गो से गुजर कर सबीहे कर्बला पहुंचा जहां जामिन रज ने मरसिया को खिताब फ़रमाया। ज्ञात हो कि हर माह नौचंदी की पहली तारीख 125 वर्षों से निकलने वाला का नौचंदी का जुलूस छोटी बाजार के स्व तालिब रजा के मकान से गुरुवार को देर रात निकाला गया, जिसमें अंजुमन हसैनियां के अली अहमद, असद रजा, हुसैन अब्बास, सुजा अब्बास, मो0 मोहसिन, सबीह अब्बास, मोहसिन रजा बाबू, असकर रजा, आदि लोग नोहा ख्वानी व सीनाजनी करते हुये बांध चौराहा पचदरी छोटा इमामबाड़ा, बड़ी बाजार थाना चौराहा होते हुये सबीह कर्बला पहुंचा, जहां जामिन रजा ने खिताब फ़रमाया।

# गर्भावस्था के दौरान जांच जरूरी : डा. केपी सिंह



**सिन्दुरिया महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** सदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान डिप्टी सीएमओ डा. केपी सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 12 बजे तक 11 गर्भवती महिलाओं की जांच डॉ पुनीता शर्मा द्वारा किया जा रहा था। उन्होंने सभी गर्भवतियों का नियमित जांच कराने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिये। काउंसलर सरोज सिंह के द्वारा सभी मरीजों को भोजन में हरि साग का प्रयोग करे, साफ सफाई पर भी काउंसलिंग किया जा रहा था।

## बरेली में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश का भव्य आयोजन

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** बरेली में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश थीम पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राजकीय इंटर कॉलेज के ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ, जिसमें जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की सहभागिता देखने को मिली। समारोह में मु य अतिथि वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने प्रदेशवासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मु यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश एक सशक्त, सुरक्षित और प्रगतिशील प्रदेश के रूप में पहचान बना चुका है, जिस पर प्रत्येक नागरिक को गर्व होना चाहिए। महापौर डॉ. उमेश गौतम ने स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत बरेली में कराए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी और नागरिकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने प्रदेश के विकास में बरेली की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए जनता से सुरक्षा और सजगता बनाए रखने की अपील की। मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने स्थापना दिवस के ऐतिहासिक महत्व और उत्तर प्रदेश की गौरवशाली परंपराओं पर प्रकाश डाला।

मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, पर्यटन संभावनाओं और निरंतर हो रहे विकास कार्यों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया, जिसमें नृत्य, संगीत और प्रेरणादायक प्रस्तुतियां शामिल रहीं। समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

सीएम युवा उद्यमी योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को चेक एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य और सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले नागरिकों और छात्रों को स मानित किया गया। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा स्थापना दिवस पर बनाई गई रंगोली का अवलोकन किया।

# बरेली को मिलेगी सुपर रोड की सौगात, 10 लेन मॉडल रोड से 10 मिनट में एयरपोर्ट का सफर

## विकास की रफ्तार बढ़ाएगी 10 लेन सड़क, पर्यटन और रोजगार को मिलेगा नया पंख

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** शहर की यातायात व्यवस्था को आधुनिक और सुगम बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने सेटेलाइट क्षेत्र से बड़ा बाइपास तक 10 लेन चौड़ी मॉडल रोड के निर्माण कार्य की शुरुआत कर दी है। करीब 130 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली यह सड़क भविष्य के ट्रैफिक दबाव को ध्यान में रखकर तैयार की जा रही है। शुरुआती चरण में यह मार्ग आठ लेन का प्रस्तावित था, लेकिन बढ़ती आबादी और वाहनों की सं या को देखते हुए योजना में संशोधन किया गया। अब इस सड़क को दोनों ओर पांच-पांच लेन में विकसित किया जा रहा है, जिससे भारी वाहनों और सामान्य यातायात के बीच बेहतर संतुलन बनेगा। बीडीए अधिकारियों के अनुसार, सेटेलाइट क्षेत्र से एयरपोर्ट की दूरी लगभग 10 किलोमीटर और बड़ा बाइपास करीब 12 किलोमीटर दूर है। सड़क के चौड़ीकरण और आधुनिक डिजाइन के बाद यह दूरी महज 10 मिनट में तय की जा सकेगी। इससे रोज़ाना लगने वाले जाम से शहरवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।यातायात को निर्बाध रखने के लिए प्रमुख चौराहों पर अंडरपास और ओवरब्रिज बनाए जाएंगे। इससे वाहन चालकों को बार-बार सिग्नल पर रुकना नहीं पड़ेगा और सफर अधिक तेज़ व सुरक्षित होगा। बीडीए जल्द ही सेटेलाइट से बैरियर-दो तक के हिस्से की टेंडर प्रक्रिया पूरी करेगा। कार्यादेश जारी होते ही निर्माण कार्य तेज़ी से आगे बढ़ाया जाएगा। चौड़ीकरण से पहले दोनों ओर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी की जाएगी, ताकि निर्माण में कोई बाधा न आए। इस परियोजना से पर्यटन को भी सीधा लाभ मिलेगा। एयरपोर्ट से शहर तक कम समय में पहुंचने से पर्यटकों को बरेली और आसपास के क्षेत्रों को घूमने के लिए अधिक समय मिलेगा। पीलीभीत टाइगर रिजर्व और चूका बीच जाने वाले पर्यटकों के लिए यह सड़क बेहद उपयोगी साबित होगी। इसके साथ ही व्यापारिक गतिविधियां बढ़ेंगी और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

## एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा जीआईसी आडोटोरियाम में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें पुखराज हेल्थ केयर कम्पनी द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों का लिखित साक्षात्कार के माध्यम से आये हुए 57 अभ्यर्थियों में से 33 अभ्यर्थियों का चयन किया। इस मौके पर जिला सेवायोजन अधिकारी धर्मेन्द्र मौर्य द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों का कॅरियर मार्गदर्शन किया गया। इस अवसर पर कार्यालय के अपर सांख्यिकीय अधिकारी सुनील कुमार व कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे

# समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने तीन मामलों की हुई सुनवाई



**सिन्दुरिया महराजगंज । (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा व पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना द्वारा थाना सिन्दुरिया में थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया।इस दौरान अधिकारियों के समक्ष कुल 03 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसको सुनकर उनका मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े तथा प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। पुलिस अधीक्षक द्वारा जमीन सम्बंधित थाना स्तर, आइजीआरएस या अन्य सभी माध्यमों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों को थाना समाधान दिवस रजिस्टर में अंकित करने एवं समाधान दिवस पर दोनों पक्षों को बुलवाकर पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा निस्तारित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के उपरांत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना सिन्दुरिया का भ्रमण कर आगन्तुक पंजीकरण, अपराध रजिस्टर, मालखाना, शस्त्र रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क, रोजनामचा, सीसीटीएनएस पोर्टल से संबंधित अभिलेखों एवं अभिलेख रखरखाव प्रणाली की गहन जांच की गई।

# कंपोजिट विद्यालय में हुआ कार्यक्रम



*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा (महराजगंज)।** विकास खण्ड मिठौरा क्षेत्र के न्याय पंचायत औराटार के कम्पोजिट विद्यालय औराटार में शासन के निर्देशानुसार शिक्षा चौपाल का आयोजन माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण एआरपी रामभवन गुप्ता द्वारा कर के कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया द्य बैठक में नोडल शिक्षक संकुल सतीश कुमार द्वारा अपरेशन कायाकल्प के बारे में कहां की कायाकल्प से स्कूल अब पहले से काफी अच्छा हो गया है, जो एक शैक्षणिक माहौल के लिए सरकार की अच्छी पहल है। मदन मोहन पटेल एवं मदन प्रसाद ने स्कूल निपुण कैसे हो इसके लिए प्रतिदिन निपुण लक्ष्य एप पर अभ्यास करना जरुरी है जिससे असेसमेंट का परिणाम सकारात्मक होंगे। लवकुश प्रसाद गौतम ने शिक्षक संदर्शिका का कक्षा -कक्ष में प्रयोग पर चर्चा किए,संतोष कुमार मिश्रा ने कहां कि बच्चों का नियमित होम वर्क दिया जाय और नामांकन के सापेक्ष उपस्थिति एवं ठहराव कैसे सुनिश्चित हो इसके संदर्भ मे विस्तार पूर्वक बताया गया द्य स्कूल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षक मोहम्मद नूरुल हक़, पूर्व मा 0 वि 0 नक्शा -बक्शा, श्री छोटेलाल पूर्व मा 0वि 0 कोहड़वाल शान्ति देवी प्रा 0वि 0 बरोहिया, श्री मनोज कुमार (अनुदेशक )पूर्व मा 0 वि 0 सिंह पूर सैयदा खातून (शि 0मि 0) प्रा 0वि नक्शा-बक्शा को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत किया गया।

# निजी गाड़ियों को टोल फ्री करने के लिए मंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के महराजगंज जिला इकाई ने आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केंद्र सरकार से निजी वाहनों पर टोल शुल्क पूरी तरह समाप्त करने की मांग की है एआईएमआईएम महराजगंज यूनिट के जिलाध्यक्ष सरवर खान के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिला मजिस्ट्रेट के माध्यम से केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में मांग की गई है कि सम्पूर्ण भारत में प्राइवेट गाड़ियों कारों, दोपहिया आदि निजी उपयोग के वाहनों को टोल प्लाजा से मुक्त किया जाए, ताकि आम जनता को आर्थिक बोझ से राहत मिल सके। ज्ञापन में पार्टी ने तर्क दिया कि निजी वाहन टोल राजस्व में बहुत कम योगदान देते हैं, जबकि आम नागरिकों को रोजमर्रा की यात्रा में टोल का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ता है। यह मांग ऐसे समय में उठाई गई है जब केंद्र सरकार टोल व्यवस्था में सुधार की दिशा में कई कदम उठा रही है। मल्टी-लेन फ्री फ्लो टोल सिस्टम, मासिक/वार्षिक पास की संभावना और टोल प्लाजा पर रुकने की आवश्यकता समाप्त करने की योजनाएं। सरवर खान ने कहा, ÷टोल शुल्क मुख्य रूप से कमर्शियल वाहनों से वसूला जाना चाहिए, क्योंकि निजी वाहन मालिक पहले ही पेट्रोल-डीजल, रोड टैक्स आदि कई कर दे रहे हैं। सरकार को आम आदमी की परेशानी को समझते हुए प्राइवेट वाहनों को टोल फ्री करने का फैसला लेना चाहिए। हमारी यह मांग लाखों मध्यम वर्गीय परिवारों की आवाज है। एआईएमआईएम कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर जिला मुख्यालय पर शांतिपूर्ण तरीके से ज्ञापन सौंपा और कहा कि यदि मांग पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आगे आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। यह ज्ञापन केंद्र सरकार की टोल नीति पर बहस को और तेज करने की दिशा में एक कदम माना जा रहा है, खासकर जब हाल ही में मंत्री नितिन गडकरी ने निजी वाहनों के लिए पास सिस्टम और बैरियर-फ्री टोल की बात कही है।

## सट्टेबाजों पर पुलिस का बड़ा प्रहार, तन्नू उर्फ़ जगमोहन हुआ जिले से बाहर

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** जिले में सट्टेबाजी के काले धंधे पर नकेल कसते हुए बारादरी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। लंबे समय से इलाके में आतंक का पर्याय बने शातिर सट्टा माफिया जगमोहन उर्फ तन्नू को जिला बदर कर दिया गया है। जिलाधिकारी बरेली के आदेश के बाद पुलिस ने उसे जनपद की सीमा से बाहर कर स त संदेश दिया है कि अपराधियों के लिए बरेली में कोई जगह नहीं है। पुलिस के मुताबिक वर्ष 2025 में थाना बारादरी क्षेत्र में सक्रिय रहे सट्टा किंग जगमोहन उर्फ तन्नू उम्र 28 वर्ष, निवासी मोहल्ला गंगापुर के खिलाफ उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 के तहत रिपोर्ट तैयार कर डीएम न्यायालय में पेश की गई थी। सुनवाई के दौरान अभियुक्त को अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दिया गया, लेकिन रिकॉर्ड और गतिविधियों के आधार पर उसे क्षेत्र की शांति भंग करने वाला व्यक्ति माना गया।

# फूड स्टॉल पर जलेबी छानते दिखे सदर विधायक

## छात्रों के बीच बनी आकर्षण का केंद्र



*अवधनामा संवाददाता*

**सिन्दुरिया(महराजगंज)।** चौक शिक्षण संस्थान द्वारा विरासत, विज्ञान एवं नवाचार विषय पर आयोजित प्रदर्शनी एवं मेले में सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए डेढ़ सौ से अधिक मॉडलों का अवलोकन किया और फूड स्टॉल का भी भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान जब विधायक जलेबी स्टॉल पर पहुँचे, तो वे स्वयं को रोक नहीं पाए और छात्रों के साथ मिलकर जलेबी छानते हुए नजर आए। उनका यह सहज और आत्मीय अंदाज उपस्थित लोगों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बन गया। विधायक द्वारा जलेबी छानने का यह दृश्य पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। उपस्थित विद्यार्थियों और दर्शकों ने उनके इस व्यवहार की सराहना करते हुए इसे जनप्रतिनिधि और युवाओं के बीच बेहतर संवाद का प्रतीक बताया।

# उप्र स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का देखा गया लाइव प्रसारण

- समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को दिया जा रहा है लाभ : महेश शुक्ल
- विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओ को आगे बढ़ाने में दिया जा रहा योगदान : जगदम्बिका पाल

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर गृहमंत्री भारत सरकार अमित शाह, राज्यपाल उप्र श्रीमती आनन्दी बेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लाइव कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया। जिसका लाइव प्रसारण लोहिया कलाभवन में मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष गौसेवा आयोग महेश कुमार शुक्ल, सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक शोहरगतढ़ विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन., वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में द्वीप प्रज्ज्वलित कर उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस तथा राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी प्रर्दशनी का अवलोकन किया गया।

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस तथा राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम का जनप्रतिनिधिगण को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया तथा स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। उपाध्यक्ष गौ सेवा आयोग महेश कुमार शुक्ल ने सभी को उ0प्र0 स्थापना दिवस की बधाई दी। विकासित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आप सभी लोग अवगत है, भारत पहले गुलाम था। देश को आजादी दिलाने के लिए हमारे वीर सपूतों ने अपनी कुर्बानी देकर देश को आजाद कराया। समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को लाभ दिया जा रहा है। आज पात्र व्यक्तियों को पक्का मकान दिया जा रहा है। प्रदेश में सड़कों का जाल बिछ रहा है इससे अच्छी कनेक्टिविटी होगी तथा रोजगार भी बढ़ेगा। सांसद जगदम्बिका पाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज उत्तर प्रदेश अग्रणी प्रदेश बन रहा है। विकास भारत विकसित उत्तर प्रदेश आज हम संकल्प लेते है कि उत्तर प्रदेश में सिद्धार्थनगर को नम्बर एक बनायेंगे। हमारे जिले की पहचाल भगवान बुद्ध एवं काला नमक चावल से हो रही है। महिलाओं को सश्क्त बनाया जा रहा है। आज हमारी बेटियां हर क्षेत्र में आगे उड़ान भर रही है। उ0प्र0 सरकार कन्या भ्रूण हत्या रोकने में सफल है। भारत सरकार/प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओ को आगे बढ़ाने में योगदान दिया जा रहा है। विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा ने कहा कि उ0प्र0 राज्य स्थापना दिवस आज हम तथागत गौतम बुद्ध की धरती पर मना रहे है। आज हमारी बेटियां केवल बेटिया ही नही भारत का भविष्य है।

जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने कहा विभिन्न क्षेत्रों में महिलाये आगे बढ़ रही है। विभिन्न योजनाओ के माध्यम से लाभ पहुंचाया जा रहा है। महिलाएं विभिन्न क्षेत्रो में आत्मनिर्भर हो रही है। घर परिवार के साथ-साथ देश / प्रदेश को भी मजबूत कर रही है। इस जनपद के लोगो में प्रतिभाओ के लोग रहते है उन्हे सही दिशा देने की आवश्यकता है। मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने अतिथियों, जनप्रतिनिधि, अधिकारीग का कार्यक्रम में उपस्थित होने पर उनका अभिवादन कर आभार प्रकट किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस अवसर पर पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, युवा उद्यमी, स्वास्थ्य विभाग डाक्टर, ए.एन.एम., खादी ग्रामोद्योग विभाग, पंचायती राज विभाग ग्राम प्रधान व सचिव, उद्यमी, राज्य कर विभाग, युवा कल्याण विभाग को मुख्य अतिथि सहित अतिथियों डीएम व सीडीओ द्वारा संकेतक चेक, प्रशस्ति-पत्र, एवं अंग वस्त्र दिया गया। काला नमक मार्ट का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, जिलाध्यक्ष अपना दल श्याम सुन्दर चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीसी मनरेगा सन्दीप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला उद्यान अधिकारी विमल कान्त, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गंगाधर दूबे, उपायुक्त राज्यकर सिद्धार्थ सौरभ, लीडबैक अधिकारी आरके सिन्हा, जिला पर्यटन सूचना अधिकारी प्रिया सिंह, अधिकारी/कर्मचारी, विद्यालयों के छात्र/छात्राओ, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, अध्यापको आदि की उपस्थिति रही।

# शिक्षा चौपाल : सेमरा कमिया न्याय पंचायत में अभिभावकों को किया गया जागरूक

**अवधनामा संवाददाता**




**इटवा सिद्धार्थनगर।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत न्याय पंचायत सेमरा कमिया में एक शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। यह चौपाल पूर्व माध्यमिक में हुई, जिसका मुख्य उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को निपुण बनाना और अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नोडल शिक्षण संकुल ओमप्रकाश प्रधानाध्यापक ने की उन्होंने अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि निपुण भारत मिशन का लक्ष्य कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों में बुनियादी साक्षरता और गणनात्मक दक्षता विकसित करना है। उन्होंने इस लक्ष्य को प्राप्त करने में शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया।

प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों से बच्चों को घर पर पढ़ने के लिए प्रेरित करने और विद्यालय की गतिविधियों में सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और उन्हें मोबाइल के बजाय पुस्तकों से जोड़ने पर जोर दिया।

ओम प्रकाश ने कहा कि निपुण भारत मिशन शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने शिक्षकों से नवीन शिक्षण विधियों को अपनाने और बच्चों को खेल-खेल में सीखने के अवसर प्रदान करने का आह्वान किया। शिक्षा चौपाल के दौरान बच्चों की शैक्षिक प्रगति, विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। अंत में, सभी प्रतिभागियों ने बच्चों को निपुण बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर सहायक अध्यापक इकराम मोहम्मद, शिक्षक अजय श्रीवास्तव, डॉक्टर अहमद हुसैन, डॉक्टर फिरोज अहमद, रामकृष्ण पांडे, आशीष मौर्य, शिवचंद, मोहम्मद हकीम आदि अध्यापकों ने प्रतिभा किया साथ ही साथ एसएमसी अध्यक्ष और अभिभावक राम कृपाल राम शंकर व अन्य ने प्रतिभा किया।

# एक विकसित समाज और राष्ट्र के निर्माण में शिक्षा एक बुनियादी आवश्यकता

- सदर ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय लमतिहवा में शिक्षा चौपाल

**अवधनामा संवाददाता**




**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर सदर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल लमतिहवा में शनिवार को शिक्षक चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए टीम यशोभूमि के संस्थापक अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि एक विकसित समाज और राष्ट्र के निर्माण में शिक्षा एक बुनियादी आवश्यकता है।

बुनियादी शिक्षा से सभी बच्चों को जोड़ने के लिए सरकार द्वारा नि÷ शुल्क यूनिफॉर्म सहित मध्यान्ह भोजन एवं अन्य विभिन्न प्रोत्साहन योजनाएं चलाई जा रही हैं। हम सबको बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन एवं नियमित उपस्थिति में अपना सहयोग देना चाहिए। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बाबा सुमेरदास ने शैक्षिक गीत प्रस्तुत कर जनसमुदाय को अभिप्रेरित किया। शिक्षा चौपाल में उत्कृष्ट शैक्षिक कार्य के लिए साधना श्रीवास्तव, संघशील झलक, रोमा उपाध्याय, विजया यादव, गीता चौधरी एवं हुस्न आरा आदि शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए नोडल शिक्षक संकुल नियाज़ अहमद ने बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन, उपस्थिति एवं ठहराव के लिए शिक्षकों एवं समुदाय के बीच परस्पर समन्वय पर बल दिया। शिक्षा चौपाल में राम सुभग, अरुण त्रिपाठी, देवेंद्र त्रिपाठी, अमित द्विवेदी, विशाल कुमार आदि शिक्षकों सहित मीना, राधिका, चंद्रावती, इंद्रावती, चयनमती, खदेरू, किसलावती एवं बड़ी संख्या में बच्चों की उपस्थिति रही।

# स्थापना दिवस पर वेंकटाचार्य क्लब में हुआ भव्य आयोजन, किसानों व लाभार्थियों का हुआ सम्मान

**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस÷ के अवसर पर वेंकटाचार्य क्लब में भव्य, सुव्यवस्थित एवं जन कल्याणकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग बैजनाथ रावत, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, आयोग की सदस्य अनीता गौतम तथा भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विद्याभूषण द्विवेदी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाना तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित करना रहा। इस अवसर पर जिला उद्योग विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, एनआरएलएम, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पंचायती राज विभाग, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री युवा प्रोत्साहन योजना तथा स्वयं सहायता समूहों से संबंधित योजनाओं के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, स्वीकृति पत्र एवं अन्य लाभ प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि बैजनाथ रावत, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश की प्रगति की धुरी के रूप में स्थापित हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग–किसानों, महिलाओं, युवाओं, अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा वंचित वर्गों–के सर्वांगीण उत्थान हेतु निरंतर और प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आया है तथा सामाजिक न्याय और समान अवसर सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

# बसंत पंचमी के अवसर पर श्री तेज बहादुर सिंह जूनियर हाई स्कूल में मनाया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम

**शैलेन्द्र अवस्थी**



**गोण्डा।** श्री तेज बहादुर सिंह जूनियर हाई स्कूल जगदीशपुर विशेन में आज बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर मां सरस्वती की पूजा-अर्चना किया गया।और माँ सरस्वती को ज्ञान,बुद्धि,कला, की देवी कहा जाता है पूजा अर्चना के बाद स्कूल के छात्र छात्राओं ने कई मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया कार्यक्रम में प्रबंधक, प्रधानाचार्या, शिक्षक-शिक्षिकाओं और बच्चों ने धार्मिक अनुष्ठान में हिस्सा लिया।

इस अवसर पर बच्चों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और शिक्षा के प्रारंभिक संस्कारों से परिचित कराया गया। संस्थान प्रबंधन ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में शुरू से ही संस्कार, अनुशासन और शिक्षा के प्रति रुचि विकसित करना है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में कॉलेज के स्कूल प्रबंधक भोलानाथ सिंह स्कूल उप प्रबंधक देवशरण मिश्रा स्कूल व्यवस्थापक रामसेवक विश्वकर्मा, पुखराज वर्मा अशोक कुमार तिवारी, हरि शंकर विश्वकर्मा, गोविन्द सिंह राजेंद्र श्रीवास्तव, कविता सिंह, उषा सिंह, रिंकी वर्मा, रंजना पांडेय एवं समस्त विद्यालय परिवार वा अन्य शिक्षक और शिक्षकाएं उपस्थित थे। सभी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और ऐसे आयोजनों को समाज के लिए आवश्यक बताया। बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की।

उन्होंने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। अंत में अतिथियों ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बच्चों के सफल जीवन की कामना की।

# निपुण भारत मिशन के तहत ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** खेसरहा ब्लाक सभागार में निपुण भारत मिशन अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी खेसरहा अमित सिंह व बीईओ नीरज सिंह की उपस्थिति में हुई कार्यशाला के दौरान निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। बच्चों में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान के विकास, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं प्राथमिक विद्यालयों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा प्रारंभिक शिक्षा को अधिक सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक (समग्र शिक्षा), बाल विकास परियोजना अधिकारी, शिक्षकगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में ए.आर.पी. विपिन कुमार, समस्त नोडल शिक्षक तथा शिक्षकगण रेखा यादव, राजेश्वर प्रसाद मिश्र, मुज़फ्फर मोइन, धीरज प्रसाद, विकास चक्रवर्ती,चक्रधारी गौतम, वकील प्रसाद सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा निपुण लक्ष्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने हेतु सभी प्रतिभागियों से समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# ट्रक व आटो मे भिड़ंत एक ही परिवार के पांच घायल

**लोटन सिद्धार्थनगर।** कोतवाली क्षेत्र के लोटन कस्बे के मोहाना -लोटन सड़क पर स्थित शराब भट्ठी के पास एक ट्रक व टेम्पो से भिड़ंत हो गयी। जिसमें एक ही परिवार के पांच लोग बूरी तरह घायल हो गये। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी लोटन पहुंचा कर उपचार में लग गयी है।घटना शनिवार सुबह सात बजे की बताई जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार लोटन थाना क्षेत्र के ग्राम मुडिली निवासनी सोनमती उम्र 55 वर्ष,संदीप उम्र 28वर्ष, सुनीता 35वर्ष, रामजीत 30वर्ष, शर्मिला 32 वर्ष किसी काम से गोरखपुर पर गयी थी । वह लोग बस से कोल्हुई बाजार उतर कर टेम्पो कर अपने गांव मुडिली आ रही थी कि मोहाना के तरफ से ट्रक कोल्हुई के तरफ जा रही थी कि सामने से आ रहे टेम्पो से टकराने के बाद टेम्पो पलटा गयी। जिसमें सोनमती के सिर में बुरी तरह चोट लग गया और संदीप के पैर में चोट आई है।बाकी लोगो को हल्की चोट लगने के कारण डाक्टरो ने प्राथमिक उपचार कर छोड़ दिया। समाचार लिखे सोनमती व संदीप की हालत नाजुक बनी हुई है।

# यूथ फार्मासिस्ट फेडरेशन के द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान की शुरुआत

- सुरक्षित सफर सुरक्षित जनपद जिला अध्यक्ष रोहित मिश्रा



**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** सड़क दुर्घटनाओं में लगातार हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए सरकार द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शुक्रवार को यूथ फार्मासिस्ट फेडरेशन के जिला अध्यक्ष रोहित मिश्रा द्वारा जागरूकता अभियान की शुरुआत गुरु नानक चौराहे से की गई,जिसमें आमजन को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को यूथ फार्मासिस्ट फेडरेशन की ओर से पैंफलेट देकर प्रोत्साहित किया गया सीओ ट्रैफिक विनय कुमार सिंह ने लोगों से सुरक्षित एवं जिम्मेदार ड्राइविंग अपनाने की अपील की।

फार्मासिस्ट फेडरेशन के महामंत्री राकेश शुक्ला ने बताया कि वर्तमान समय में सड़क सुरक्षा एक गंभीर विषय बन चुका है।बीते कुछ वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में लगातार वृद्धि हुई है, जिसे देखते हुए सरकार ने सक्रिय पहल की है। इसी क्रम में यूथ फार्मासिस्ट फेडरेशन के द्वारा नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया है। मंडल उपाध्यक्ष सुधांशुमिश्रा प ने बताया कि इस सप्ताह का मुख्य उद्देश्य लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जिम्मेदार तरीके से वाहन चलाने की आदत विकसित करना है। रैली के दौरान दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को कम किया जा सके। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज कुमार सैनी उपाध्यक्ष संजय अवस्थी, अंशुमान मिश्र, सनत पांडे, मॉरिस आलम आदर्श, रजनीश पांडे अजय मिश्रा इनायत अंसारी महेश साहू बृजभूषण शरण पांडे व अधिक संख्या में ट्रैफिक पुलिस के कर्मी उपस्थित रहे।

# पुलिस के प्रयासों से पति-पत्नी के बीच सुलह



**लोटन सिद्धार्थनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के कुशल नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी विश्वजीत सोरयान के पर्यवेक्षण में जनपद में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान को शनिवार को बड़ी सफलता मिली जब थाना लोटन स्थित मिशन शक्ति केंद्र ने एक टूटते परिवार को बचाने में कामयाबी हासिल की।थानाध्?यक्ष दिनेश कुमार सरोज और मिशन शक्ति टीम प्रभारी दिलीप कुमार सोनी के प्रयासों से पूनम मौर्या पत्नी सुरेंद्र मौर्या (निवासी तरघौना) के वैवाहिक विवाद को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ सुलझाया गया। पुलिस टीम की प्रभावी काउंसलिंग के बाद पति-पत्नी ने अपने आपसी मतभेदों और मनमुटाव को भुलाकर पुनः एक साथ सुखद दांपत्य जीवन बिताने का संकल्प लिया।एसे पुनीत कार्य में काउंसलिंग टीम के सदस्य हे0का0 संजय कुमार गुप्ता, का0 अमित कुमार, म0का0 संगीता और म0का0 पूजा वर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस की इस मानवीय पहल से क्षेत्र में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज के साथ साथ पुलिस विभाग प्रशंसा की जा रही है।

# सीएम युवा योजना में उत्कृष्ट कार्य पर डीएम सम्मानित



**अम्बेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जनपद अम्बेडकरनगर के जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में माननीय गृहमंत्री भारत सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।सीएम युवा योजना के तहत जनपद ने निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 93.20 प्रतिशत की प्रगति करते हुए प्रदेश के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले जिलों में स्थान प्राप्त किया। जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व में 2000 के लक्ष्य के सापेक्ष 1901 युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया गया, जिससे 5000 से अधिक लोगों को रोजगार मिला।यह सम्मान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जनपद की प्रशासनिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# बाबा बरूआदास पीजी कॉलेज में महिला खो खो प्रतियोगिता का समापन

**अवधनामा संवाददाता**



**हजपुरा,अम्बेडकरनगर।** स्थानीय बाबा बरुआ दास पी.जी. कॉलेज, परुइय्या आश्रम में डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की दो दिवसीय अन्तर्महाविद्यालयीय महिला खो-खो प्रतियोगिता का शनिवार को भव्य समापन हुआ। रोमांच से भरपूर फाइनल मुकाबले में अवध विश्वविद्यालय (आवासीय परिसर) की टीम ने शानदार तकनीकी खेल का प्रदर्शन करते हुए आर.आर. पी.जी. कॉलेज, अमेठी को पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि अमेठी की टीम उपविजेता रही।

फाइनल से पूर्व खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में ग्रुप॰ से आर.आर. पी.जी. कॉलेज, अमेठी ने गनपत सहाय पी.जी. कॉलेज, सुल्तानपुर को हराया, जबकि ग्रुप क्र में अवध विश्वविद्यालय कैंपस ने श्री विश्वनाथ पी.जी. कॉलेज, कलान को शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। दोनों सेमीफाइनल मुकाबले भी बेहद रोमांचक रहे और दर्शकों की तालियों से मैदान गूंज उठा।

समापन समारोह में विकास घोषणाओं की झड़ी भी लगी। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. हरिओम पाण्डेय ने महाविद्यालय में छात्राओं की सुविधा हेतु 'महिला कॉमन रूम' बनवाने की घोषणा की। वहीं समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री श्याम सुन्दर वर्मा (साधू वर्मा) ने महाविद्यालय के मुख्य गेट से प्रवेश मार्ग को 'इंटर लॉकिंग' कराने का आश्वासन दिया, जिसका उपस्थित जनसमूह ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। श्री वर्मा ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया और कहा कि ग्रामीण अंचल में ऐसी प्रतियोगिताएं नारी सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. परेश कुमार पाण्डेय ने सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि खेल के मैदान में बहाया गया पसीना छात्रों के आत्मविश्वास को निखारता है। उन्होंने अतिथियों के सहयोग और महाविद्यालय परिवार के समर्पण के लिए आभार जताया। मेजबान टीम का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा, जिसे तैयार करने में प्रशिक्षक डॉ. शम्भूनाथ प्रजापति, डॉ. गुंजन सिंह एवं आलोक यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पूरे आयोजन की सफलता में क्रीड़ा प्रभारी डॉ. कुलदीप सिंह का योगदान केंद्रीय रहा। उनके कुशल नेतृत्व तथा सहयोगी ज्ञानेन्द्र वर्मा के अथक परिश्रम से प्रतियोगिता सुचारू रूप से सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का ओजस्वी संचालन डॉ. सत्य प्रकाश पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री राम प्रकाश यादव की गरिमामयी उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही। मंच पर अवध विश्वविद्यालय के क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह, बी.एन.के.बी. पी.जी. कॉलेज की प्राचार्या प्रो. शुचिता पाण्डेय, आक्टा शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. जन्मेजय तिवारी व महामंत्री प्रो. अमूल्य सिंह, डॉ. अविनाश तिवारी और प्रो. पूनम जोशी 'प्रेम' उपस्थित रहे। पर्यवेक्षक के रूप में श्री कृष्ण कुमार विश्वकर्मा और डॉ. पूनम जोशी ने निष्पक्ष निर्णय सुनिश्चित किया। कार्यक्रम के अंत में संयोजक एवं उप-प्राचार्य डॉ. पवन कुमार गुप्त ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, रेफरी मंडल, मीडिया कर्मियों और समस्त स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता और असफलता एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, सच्चा खिलाड़ी वही है जो परिणाम से अधिक अपने प्रयास और खेल भावना को महत्व दे। राष्ट्रगान के साथ प्रतियोगिता का औपचारिक समापन हुआ।

# दिव्यागजनों को बांटे सहायक उपकरण

**गोंडा।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती पर श्री हरि नारायण सावित्री देवी मिनी चैरिटेबल क्लीनिक गोंडा तथा कल्याणम करोति संस्था, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित कर करीब 250 दिव्यांगों को बैटरी युक्त ट्राई साइकिल, सामान्य ट्राई साइकिल, सिलाई मशीन, व्हील चेयर, बैसाखी आदि सहायक उपकरण का वितरण किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर आयुक्त देवीपाटन मंडल कमलेश चंद्र वाजपेई ने दीप प्राज्वलित कर किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतलाल पटेल ने किया। फुलवारी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। अपर आयुक्त प्रशासन श्री वाजपेई ने कहा कि नेता जी सुभाषचंद्र बोस के जन्मदिन पर कल्याणम करोति लखनऊ और श्री हरि नारायण चैरिटेबल ट्रस्ट गोंडा के द्वारा महिला दिव्यांगों को सिलाई मशीन देना यह बहुत ही बड़ा पुनीत कार्य है। ऐसे कार्य होने से समाज में एक अच्छा संदेश जाता है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मैं शाइनी यासिर निवासिनी- 602/163/02 बगरिया रोड, मदरसा मादुल फिरदौस दुबग्गा, काकोरी लखनऊ, उ.प्र.-226101 मेरे पुत्र के पासपोर्ट में मोहम्मद ताहा यासिर अंकित है जो गलत है, मेरे पुत्र का सही नाम मोहम्मद ताहा यासर है भविष्य में मेरे पुत्र को मोहम्मद ताहा यासर और मुझे शाइनी यासिर के नाम से लिखा व पढ़ा जाये।

## पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

**क्रम सं.-01,** ई-निविदा सूचना सं.: टेण्डर नं. "44-जीकेपी-एमडब्लूएस-2025-26" निविदा कार्य का विवरण: "एएमसी ऑफ नॉर–ब्रेम्से मेक फिटेड एक्सल माउन्टेड डिस्क ब्रेक सिस्टम (एएमडीबीएस) ईन एलएचबी कोचेज एट मेकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर"। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 42,86,33,178.02, धरोहर राशि (रू.मे): ₹ 22,93,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ शून्य, निविदा समापन की तिथि एवं अवधि: दिनांक 16-02-2026 11:00 बजे, संविदा की अवधि: 18 माह।

- उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखें।

उप मुख्य यांत्रिक इन्जी./कार्य, मुजाधि/यांत्रिक-129 यांत्रिक कारखाना,गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## उत्तर रेलवे

प्रथम शुद्धि पत्र

खुली निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या 06-Dy.CE-GSU-LKO-2025-26 दिनांक: 22.01.2026

निविदा सूचना संख्या 06-Dy.CE-GSU-LKO-2025-26 दिनांक 22.01.2026 जो दिनांक 23.01.2026 को निम्नलिखित कार्य हिन्दी एवं अंग्रेजी समाचार पत्रों में प्रकाशित हुयी थी। जिसमें निविदा बन्द होने कि तिथि 18.02.2026 को 11:30 बजे हैं, में निम्नलिखित संशोधन किये गये है, जो निम्नलिखित है:–

| वर्तमान विवरण | संशोधित विवरण |
| --- | --- |
| भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य इंजीनियर, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा **(दोहरी पैकेट प्रणाली)**, जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक 18.02.2026 को 11:30 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है। | भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य इंजीनियर, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा **(एकल पैकेट प्रणाली)**, जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक 18.02.2026 को 11:30 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है। |
| निविदा डालने का प्रारंभ : 03.02.2026 | निविदा डालने का प्रारंभ : 04.02.2026 |

अन्य सभी नियम एवं शर्त प्रकाशित के तदानुसार होगी।

257/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## 'मदर ऑफ ऑल डील्स'

इस बार गणतंत्र दिवस के अगले ही दिन 27 जनवरी 'ऐतिहासिक' साबित हो सकती है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच 'मुक्त व्यापार समझौते' (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। यूरोपीय संघ आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर ने इसके स्पष्ट संकेत देते हुए इसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स' करार दिया है। यह कथन स्वाभाविक भी है। भारत 147 करोड़ से अधिक की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है और विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक के आकलन हैं कि 2026-27 में भी भारत की अर्थव्यवस्था, करीब 6.5 फीसदी की विकास दर के साथ, सबसे तेज गति वाली होगी। आईएमएफ की उप प्रबंध निदेशक रह चुकीं गीता गोपीनाथ का आकलन है कि 2028 में ही भारत तीसरे स्थान की अर्थव्यवस्था बन सकता है। ऐसे देश के साथ व्यापार समझौता करना ही यूरोपीय देशों को एक व्यापक, विविध बाजार मिलेगा। यूरोप के 27 देश, 22.5 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी, करीब 46 करोड़ आबादी, करीब 49,000 डॉलर की औसतन प्रति व्यक्ति आय वाले देशों के संघ के साथ भारत का एफटीए, यकीनन, पूरी दुनिया के लिए चौंकाने वाला संदेश लाएगा। यह समझौता 193 करोड़ से अधिक की आबादी के लिए बेहद अहम होगा। नए व्यापारिक आयाम खुलेंगे, उत्पादों की मांग बढ़ेगी, उत्पादन में बढ़ोतरी होगी, नतीजतन नए रोजगार भी पैदा होंगे। गौरतलब यह है कि 19 साल से दोनों के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत के कई दौर जारी रहे। तब इसे 'ब्रॉड बेस्ड ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट एग्रीमेंट' (बीटीआईए) नाम दिया गया था, लेकिन 2007-13 के बीच संवाद के कई दौरों के बावजूद व्यापार समझौता सहमतियों तक पहुंच नहीं पाया। यूरोपीय संघ बाजार तक पहुंच, टैक्स, बौद्धिक अधिकार एवं संपदा, श्रम कानून-नियम, पर्यावरण मानकों सरीखे मुद्दों पर सहमत नहीं होता था।

कार्बन फुटप्रिंट को लेकर आज भी यूरोप के सवाल यथावत हैं। हालांकि भारत ने वैकल्पिक प्रयासों से कार्बन उत्सर्जन को लगभग शून्य करने के लिए ईमानदार उपक्रम भी किए हैं। मसलन-वनों के विस्तार, स्वच्छ ऊर्जा आदि। जाहिर है कि यूरोपीय संघ ने पर्यावरण और प्रदूषण को लेकर भारत की गंभीरता को समझा होगा। बहरहाल यह समझौता सालों तक टलता रहा, लटकता रहा, अंततः 2022 में नई राजनीतिक इच्छा के साथ एक व्यापक एफटीए को पूरा करने पर बातचीत शुरू हुई। वित्त वर्ष 2024-25 में यूरोपीय संघ को भारत का निर्यात 75.85 अरब डॉलर रहा, जबकि आयात 60.68 अरब डॉलर का किया गया। फिर भी यूरोप को भारत का निर्यात, चीन की तुलना में, कई गुना कम है। अब यूरोपीय संघ, भारत के लिए, सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन सकता है। भारत से भेजे गए कपड़े, रेडीमेड वस्त्र, चमड़े के सामान, समुद्री उत्पाद आदि पर अभी 2-12 फीसदी टैक्स लगता है। दवाएं, खासकर जेनेरिक दवाएं, रसायन के संदर्भ में, एफटीए के बाद, मंजूरी प्रक्रिया, कर और अन्य मानक अपेक्षाकृत आसान होंगे। जाहिर है कि उत्पाद सस्ते पड़ेंगे, लिहाजा यूरोपीय बाजार में ज्यादा बिकेंगे। एफटीए से भारत को यूरोपीय संघ के 'कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म' से छूट मिलेगी। हालांकि दोनों पक्षों का लक्ष्य है कि 2050 तक कार्बन उत्सर्जन को 'शून्य' तक लाया जाए। इस्पात और एल्यूमीनियम का उत्पादन करने वाले भारत के लिए यह कर पाना वाकई एक बड़ी चुनौती है। फिलहाल यूरोपीय वाइन और स्पिरिट्स पर 150-200 फीसदी तक टैक्स लगता है। यूरोप से प्रीमियम और लग्जरी कारों पर भी 100-125 फीसदी तक आयात शुल्क लगता है। यदि एफटीए हो जाता है, तो यूरोप से औद्योगिक मशीनें, बिजली का सामान, रसायन के अलावा आईटी, इंजीनियरिंग, बिजनेस सर्विसेज, टेलीकॉम सरीखे सेवा क्षेत्रों को भी फायदा मिलेगा। इसके साथ ही विमानों के पुर्जे, हीरे, लग्जरी सामान के लिए भारत में नए अवसर बन सकते हैं। यूरोपीय लग्जरी कारें भारत में सस्ती मिल सकती हैं।

## अमेरिकी नीतियां, चीन, लैटिन अमेरिका तथा नाटो देश को एक होने का मौका दे रहीं

संजीव ठाकुर

समकालीन वैश्विक राजनीति के परिदृश्य में यह प्रश्न बार-बार उभरकर सामने आता है कि क्या लैटिन अमेरिका, चीन और नाटो एक साझा मंच पर आकर अमेरिका और विशेष रूप से डोनाल्ड ट्रंप जैसी आक्रामक राष्ट्रवादी सोच का विरोध कर सकते हैं। यह प्रश्न जितना सरल दिखता है उतना ही जटिल है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय राजनीति भावनाओं से नहीं बल्कि हितों, संतुलन और शक्ति-संरचनाओं से संचालित होती है। ट्रंप का राजनीतिक व्यक्तित्व और उनकी अमेरिका फर्स्ट नीति विश्व व्यवस्था में एक प्रकार का व्यवधान रही है जिसने मित्रों को असहज और विरोधियों को मुखर किया, चीन के संदर्भ में देखें तो वह लंबे समय से अमेरिकी वर्चस्व को चुनौती देता आया है और ट्रंप के कार्यकाल में व्यापार युद्ध, तकनीकी प्रतिबंध, ताइवान और दक्षिण चीन सागर जैसे मुद्दों ने इस टकराव को और गहरा किया, चीन का विरोध वैचारिक कम और रणनीतिक अधिक है क्योंकि वह किसी एक व्यक्ति या सरकार से नहीं बल्कि अमेरिकी प्रभुत्व की संरचना से टकरा रहा है, दूसरी ओर नाटो की स्थिति बिल्कुल भिन्न है क्योंकि नाटो स्वयं अमेरिका के सैन्य, आर्थिक और रणनीतिक नेतृत्व पर टिका हुआ संगठन है, ट्रंप ने नाटो देशों को कई बार कठघरे में खड़ा किया, रक्षा खर्च बढ़ाने की मांग की और यहां तक कहा कि अमेरिका मुफ्त में यूरोप की सुरक्षा नहीं करेगा, इससे यूरोपीय देशों में असंतोष अवश्य बढ़ा लेकिन यह असंतोष विद्रोह में नहीं बदल सका क्योंकि नाटो की आत्मा ही अमेरिका की सैन्य शक्ति है और रूस जैसे कारकों के रहते नाटो अमेरिका से अलग खड़ा होने का जोखिम नहीं उठा सकता, अब यदि लैटिन अमेरिका की ओर देखें तो वहां अमेरिका के प्रति दृष्टिकोण ऐतिहासिक रूप से संशयपूर्ण रहा है, शीत युद्ध के दौर से लेकर आज तक अमेरिकी हस्तक्षेप, तख्तापलट और आर्थिक दबावों की स्मृति अभी भी जीवित है, क्यूबा, वेनेजुएला और निकारागुआ जैसे देश खुलकर अमेरिका विरोधी रुख अपनाते हैं जबकि ब्राज़ील, मैक्सिको और अर्जेंटीना जैसे देश यथार्थवादी संतुलन की नीति पर चलते हैं, चीन ने इस क्षेत्र में निवेश, ऋण और अवसंरचना के माध्यम से अपनी पैठ बढ़ाई है जिससे अमेरिका की चिंता स्वाभाविक है लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि पूरा लैटिन अमेरिका एक स्वर में अमेरिका या ट्रंप के खिलाफ खड़ा हो जाएगा, इसी व्यापक परिदृश्य में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि भारत न तो चीन की तरह खुला टकराव चाहता है और न ही नाटो की तरह किसी एक शक्ति पर निर्भर रहना, भारत की विदेश नीति रणनीतिक स्वायत्तता पर आधारित है जहां वह अमेरिका के साथ भी साझेदारी करता है, रूस के साथ भी ऐतिहासिक संबंध निभाता है और पश्चिम एशिया के देशों के साथ भी संतुलित रिश्ते बनाए रखता है, ट्रंप के कार्यकाल में भारत-अमेरिका संबंधों में रक्षा, तकनीक और रणनीतिक सहयोग बढ़ा लेकिन व्यापार और वीज़ा जैसे मुद्दों पर मतभेद भी सामने आए, भारत ने स्पष्ट किया कि वह किसी भी वैश्विक गुटबंदी का हिस्सा बनकर किसी तीसरे देश के खिलाफ खड़ा नहीं होगा, रूस की स्थिति इससे अलग लेकिन उतनी ही निर्णायक है, रूस स्वयं अमेरिका और नाटो के विस्तार को अपनी सुरक्षा के लिए खतरा मानता है और यूक्रेन युद्ध के बाद उसका पश्चिम से टकराव खुलकर सामने आ चुका है, ट्रंप के प्रति रूस का रुख विरोधाभासी रहा है, एक ओर ट्रंप की नाटो विरोधी बयानबाजी रूस को अनुकूल लगती रही, दूसरी ओर अमेरिकी संस्थागत नीति रूस के प्रति कठोर बनी रही, रूस चीन के साथ सामरिक समीकरण तो बनाता है लेकिन वह भी चीन का जूनियर पार्टनर बनना नहीं चाहता, इसलिए वह बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की बात करता है जहां अमेरिका का एकाधिकार टूटे लेकिन कोई नया वर्चस्व न बने, पश्चिम एशिया के देशों की प्रतिक्रिया और भी व्यावहारिक है क्योंकि यह क्षेत्र ऊर्जा, सुरक्षा और भू-राजनीति का केंद्र है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

**दुनिया जल के वैश्विक दिवालियेपन की ओर बढ़ रही है। स्थिति यह है कि जल स्रोतों का दोहन इतनी तीव्रता से हो रहा है कि उनकी प्राकृतिक भरपाई असंभव होती जा रही है। भूजल स्तर निरंतर गिर रहा है, नदियां सूख रही हैं और तालाब अतिक्रमण की भेंट चढ़ रहे हैं। यह संकट केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और नैतिक संकट भी है। जल संकट का सीधा प्रभाव अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। कृषि, उद्योग और ऊर्जा-तीनों ही क्षेत्र पानी पर निर्भर हैं। जब खेतों को पानी नहीं मिलता, उद्योग ठप होते हैं और बिजली उत्पादन प्रभावित होता है।**

# दुनिया जल के वैश्विक दिवालियापन की ओर बढ़ रही

'जल है तो जीवन है'-यह पंक्ति कोई नारा भर नहीं, बल्कि मानव सभ्यता का शाश्वत सत्य है। बिना जल के जीवन की कल्पना भी संभव नहीं। किंतु विडंबना यह है कि जिस जल को हम जीवन का आधार मानते हैं, वही आज सबसे अधिक संकटग्रस्त संसाधन बन चुका है। देश-दुनिया में जल संकट के हालात विकराल हो चुके हैं और



ललित गर्ग

यह संकट अब केवल प्राकृतिक नहीं, बल्कि मानवीय लापरवाही, भ्रष्टाचार और मूल्यहीन शासन का भी परिणाम बनता जा रहा है। विश्व स्तर पर लगभग 25 देश अत्यधिक जल तनाव से जूझ रहे हैं। चार अरब से अधिक लोग वर्ष में कम से कम एक माह पानी की गंभीर कमी का सामना करते हैं। मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका और दक्षिण एशिया जैसे क्षेत्र इस संकट की अग्रिम पंक्ति में खड़े हैं। भारत भी इससे अछूता नहीं है। यहां 60 करोड़ से अधिक लोग उच्च जल तनाव वाले क्षेत्रों में रहते हैं। राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा और तमिलनाडु जैसे राज्य सबसे अधिक प्रभावित हैं, जबकि चेन्नई, बेंगलूरु और दिल्ली जैसे महानगरों में पानी की कमी रोजमर्रा की समस्या बन चुकी है। दरअसल, जल संकट अब 'वाटर स्ट्रेस' से आगे बढ़कर 'ग्लोबल वाटर बैंक्रप्सी' यानी दुनिया जल के वैश्विक दिवालियेपन की ओर बढ़ रही है। स्थिति यह है कि जल स्रोतों का दोहन इतनी तीव्रता से हो रहा है कि उनकी प्राकृतिक भरपाई असंभव होती जा रही है। भूजल स्तर निरंतर गिर रहा है, नदियां सूख रही हैं और तालाब अतिक्रमण की भेंट चढ़ रहे हैं। यह संकट केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और नैतिक संकट भी है। जल संकट का सीधा प्रभाव अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। कृषि, उद्योग और ऊर्जा-तीनों ही क्षेत्र पानी पर निर्भर हैं। जब खेतों को पानी नहीं मिलता, उद्योग ठप होते हैं और बिजली उत्पादन प्रभावित होता है, तो देश की जीडीपी में 6 प्रतिशत तक की कमी का खतरा उत्पन्न हो जाता है। आमजन के लिए यह संकट जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर बन जाता है। जहां पानी पर्याप्त है, वहां बर्बादी हो रही है और जहां पानी की सबसे अधिक आवश्यकता है, वहां लोग बूंद-बूंद को तरस रहे हैं।



भारत सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल संरक्षण को राष्ट्रीय प्राथमिकता का विषय बनाया है। जल जीवन मिशन, अटल भूजल योजना और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जैसे कार्यक्रम इसी दिशा में ऐतिहासिक पहल हैं। जल जीवन मिशन का लक्ष्य हर घर तक नल से जल पहुंचाना है, ताकि स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित किया जा सके। अटल भूजल योजना भूजल के सतत प्रबंधन और सामुदायिक सहभागिता पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना हर खेत को पानी के संकल्प को साकार करने का प्रयास है। इसके साथ ही जल शक्ति अभियान के तहत वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण और जनभागीदारी पर विशेष जोर दिया गया। इन योजनाओं ने निश्चित रूप से जल संरक्षण के प्रति राष्ट्रीय चेतना को जाग्रत किया है। कई क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन संरचनाएं बनी हैं, ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई को बढ़ावा मिला है और भूजल पुनर्भरण के प्रयास हुए हैं। लेकिन इस सकारात्मक तस्वीर के पीछे एक कड़वी सच्चाई भी छिपी है-प्रशासनिक भ्रष्टाचार। यही वह दीमक है जो इन योजनाओं की उपयोगिता और प्रासंगिकता को नष्ट कर रही है, उन्हें मूल्यहीन बना रही है।

जल संकट से जुड़ी योजनाओं में भ्रष्टाचार कई रूपों में दिखाई देता है-घटिया निर्माण, फर्जी आंकड़े, अधूरी परियोजनाएं, कमीशनखोरी और जवाबदेही का अभाव। कहीं कागजों में ही वर्षा जल संचयन संरचनाएं बन जाती हैं, तो कहीं पाइपलाइन बिछाने में घटिया सामग्री का उपयोग होता है। कई स्थानों पर योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंच ही नहीं पाता। परिणाम यह होता है कि करोड़ों रुपये खर्च हो जाते हैं, लेकिन न पानी मिलता है और न संकट कम होता है। भ्रष्टाचार केवल धन की बर्बादी नहीं करता, वह भविष्य की पीढ़ियों का अधिकार भी छीन लेता है। इन जटिल होती जल संकट स्थितियों के प्रति नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ियों को बूंद-बूंद के लिये तरसना पडेगा। जल जैसे जीवनदायी संसाधन के साथ किया गया भ्रष्टाचार वास्तव में मानवता के साथ अपराध है। जब जल संरक्षण की योजनाएं कागजों में सिमट जाती हैं, तब जल संकट और भी गहरा हो जाता है। यही कारण है कि आज योजनाएं तो हैं, नीतियां भी हैं, लेकिन परिणाम अपेक्षित नहीं हैं। इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन, अतिदोहन, अनियंत्रित शहरीकरण और खराब प्रबंधन इस संकट को और बढ़ा रहे हैं। नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को रोका गया, तालाब पाट दिए गए और जंगलों का विनाश किया गया। परिणामस्वरूप वर्षा का पैटर्न बदल गया और जल स्रोत सूखते चले गए। यह स्पष्ट है कि केवल सरकारी योजनाओं से ही समाधान संभव नहीं, जब तक समाज स्वयं जिम्मेदारी न ले।

दुनिया के अन्य देशों से हमें बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। इजराइल में ड्रिप इरिगेशन और डिसेलिनेशन तकनीक से 90 प्रतिशत तक पानी का पुनर्चक्रण किया जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया में वाटर ट्रेडिंग के माध्यम से जल संसाधनों का न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित किया गया है। अमेरिका में अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग और यूरोप में स्मार्ट वाटर मैनेजमेंट सिस्टम जल संकट से निपटने के प्रभावी उपाय बने हैं। भारत में भी राजस्थान जैसे राज्यों में जोहड़, खादिन और बावड़ियों जैसे पारंपरिक जल संरचनाएं आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं। समाधान का रास्ता स्पष्ट है-कठोर नीतियां, पारदर्शी प्रशासन और जनभागीदारी। जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं में भ्रष्टाचार के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनानी होगी। तकनीक का उपयोग कर निगरानी और सामाजिक ऑडिट को अनिवार्य बनाना होगा। आमजन को भी जागरूक होना पड़ेगा कि वर्षा जल संचयन, जल की बचत, ड्रिप सिंचाई और अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग केवल विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता हैं।

भारत में विश्व की कुल आबादी का लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा निवास करता है, जबकि देश में पीने योग्य जल संसाधनों का मात्र 4 प्रतिशत भाग ही उपलब्ध है। देश में अत्यधिक जल दोहन तथा अकुशल प्रबंधन के कारण भू-जल स्तर में निरंतर गिरावट आ रही है। इसके परिणामस्वरूप आने वाले समय में देश को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। नीति आयोग के अनुसार, वर्तमान में स्वच्छ जल की अपर्याप्त पहुँच के कारण लगभग 60 करोड़ भारतीय गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं तथा इसके कारण प्रतिवर्ष लगभग 2 लाख लोगों की मृत्यु होती है।

# बजट सत्र में जी राम जी पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

संसद के आगामी बजट सत्र में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल पर भारी हंगामा होने की संभावना है। यह मुद्दा मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस द्वारा जोर-शोर से उठाया जा रहा है। यह विधेयक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह लाया गया है और शीतकालीन सत्र में ही संसद के दोनों सदनों से पास हो चुका है। कांग्रेस और अन्य



राजेश माहेश्वरी

विपक्षी दल इस नए बिल को मनरेगा को खत्म करने की साजिश बता रहे हैं। उनका आरोप है कि नए कानून में कई ऐसे बदलाव किए गए हैं जिनसे गरीबों के रोजगार की गारंटी प्रभावित होगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता राहुल गांधी ने घोषणा की है कि वे इस मुद्दे को बजट सत्र के दौरान संसद में उठाएंगे।

संसद का बजट सत्र आगामी 28 जनवरी से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। सत्र का पहला चरण 28 जनवरी से 13 फरवरी तक, जबकि दूसरा चरण 9 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित होगा। बजट सत्र की शुरुआत लोकसभा में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी। विपक्ष के अनुसार, मनरेगा में 100 दिन का रोजगार सुनिश्चित था, जबकि नए कानून में 125 दिन के रोजगार का प्रावधान है, लेकिन इसके क्रियान्वयन को लेकर आशंकाएं हैं। साथ ही, खर्च का प्रतिशत भी राज्यों को अधिक उठाना पड़ेगा। विपक्षी दलों की बयानबाजी से इस बात के प्रमाण मिल रहे हैं कि आगामी

**विपक्ष के अनुसार, मनरेगा में 100 दिन का रोजगार सुनिश्चित था, जबकि नए कानून में 125 दिन के रोजगार का प्रावधान है, लेकिन इसके क्रियान्वयन को लेकर आशंकाएं हैं। साथ ही, खर्च का प्रतिशत भी राज्यों को अधिक उठाना पड़ेगा। विपक्षी दलों की बयानबाजी से इस बात के प्रमाण मिल रहे हैं कि आगामी बजट सत्र में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल विपक्ष के लिए सरकार को घेरने का एक प्रमुख मुद्दा होगा, जिससे सदन में हंगामेदार स्थिति उत्पन्न हो सकती है।**

बजट सत्र में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल विपक्ष के लिए सरकार को घेरने का एक प्रमुख मुद्दा होगा, जिससे सदन में हंगामेदार स्थिति उत्पन्न हो सकती है।



बीती 22 जनवरी को दिल्ली में मनरेगा बचाओ मोर्चा के राष्ट्रीय सम्मेलन में राहुल गांधी ने कानून का नाम सुनकर व्यंग्य किया और कहा कि उन्हें इसका नाम भी नहीं पता। उन्होंने इसे गरीबों के अधिकार छीनने की साजिश बताया और मोदी सरकार को खुली चेतावनी दी कि अगर गरीब एकजुट हो जाएंगे तो सरकार पीछे हट जाएगी। इस दौरान मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी माथे पर गमछा बांधे और हाथों में फावड़ा लिए मजदूर की वेशभूषा में नजर आए।

कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा, ये नया कानून क्या है, मुझे पता ही नहीं। क्या नाम है? जब जनता ने जी राम जी कहा, तो राहुल बोले, क्या? जी ग्राम जी? पता नहीं क्या! इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी कहा, हमको भी नहीं पता क्या नाम है। मनरेगा पर हम इस सत्र में संसद में लड़ेंगे। राहुल ने मनरेगा को गरीबों के लिए अधिकार-आधारित योजना बताया, जिसमें काम की गारंटी थी और पंचायती राज के माध्यम से चलती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम मोदी इसे खत्म करना चाहते हैं और केंद्र को काम व फंड का पूरा नियंत्रण देना चाहते हैं, जिसमें भाजपा शासित राज्यों को प्राथमिकता मिलेगी।

वही बीजेपी ने राहुल गांधी और कांग्रेस की तरफ से इस बिल का विरोध करने को लेकर फटकार लगाई है। बीजेपी का कहना है कि राहुल गांधी की अलोचनाओं ने कांग्रेस की हिंदू विरोधी मानसिकता को उजागर किया है। साथ ही कहा कि कांग्रेस गलत जानकारी फैला रही है। सरकार का पक्ष है कि इस कानून का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में 125 दिन के रोजगार की गारंटी देना, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप तैयार करना है। खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार मनरेगा को खत्म करने का काम इसलिए कर रही है, ताकि देश के दबे-कुचले लोगों को बंधुआ मजदूर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी लोगों को बंधुआ मजदूर बनाकर अमीरों के हाथ में सौंपने जा रहे हैं। ताकि लोग अमीरों के इशारों पर, उनकी मर्जी के पैसों पर काम करें।

नये कानून के तहत गांवों में सड़क निर्माण, जल संरक्षण, ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास और आजीविका से संबंधित संसाधनों को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इससे रोजगार सृजन के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता और विकास को बढ़ावा मिलेगा। विधेयक में मजदूरी भुगतान को साप्ताहिक या अधिकतम 15 दिनों के भीतर अनिवार्य किया गया है। भुगतान में देरी होने पर श्रमिकों को मुआवजा देने का भी प्रावधान है। कृषि मौसम को ध्यान में रखते हुए राज्यों को 60 दिनों की विराम अवधि का विकल्प दिया गया है। ताकि श्रमिक बुवाई और कटाई के दौरान कृषि कार्यों के लिए उपलब्ध रह सकें।

बीते वर्ष संसद के शीतकालीन सत्र में ये कानून लाया गया था। संसद में कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसे 20 वर्ष पुराने मनरेगा कानून का आधुनिक विकल्प बताते हुए ग्रामीण विकास के लिए संरचनात्मक सुधार करार दिया था। जबकि कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने इसे महात्मा गांधी का नाम हटाने, राज्यों पर बोझ बढ़ाने और रोजगार गारंटी को कमजोर करने की कोशिश बताते हुए तीखा विरोध किया था। इससे पहले 22 जनवरी की सुबह जी राम जी बिल को लेकर कर्नाटक विधानसभा में हंगामा देखने को मिला। जहां राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने राज्य सरकार की तरफ से तैयार भाषण पढ़ने से इंकार कर दिया। इसमें जी राम जी बिल को लेकर आलोचना शामिल था। वहीं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा है कि उनकी सरकार भी ऐसा प्रस्ताव लाएगी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मनरेगा के स्थान पर लागू होने वाला वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025 अभी तक औपचारिक रूप से अधिसूचित और लागू नहीं हुआ है, इसलिए केंद्र सरकार आगामी बजट में इस योजना को निर्बाध समर्थन सुनिश्चित करने के लिए दोहरी बजटीय आवंटन पर विचार कर रही है। नए कानून के तहत नियम अभी तैयार किए जा रहे हैं, इसलिए सरकार संक्रमणकालीन चरण में मनरेगा और वीबी-जी राम जी योजना दोनों के लिए एक साथ निधि उपलब्ध करा सकती है। नियमों के अधिसूचित होने के बाद ही नया कानून लागू होगा। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब सरकार अगले छह महीनों में मनरेगा को धीरे-धीरे समाप्त करने और नए कानून को लागू करने की योजना बना रही है। वीबी-जी आरएएमजी विधेयक अभी लागू नहीं हुआ है, इसलिए केंद्र सरकार ग्रामीण परिवारों के लिए मजदूरी पर आधारित रोजगार में किसी भी प्रकार की बाधा से बचना चाहती है। बजट में भारी बढ़ोतरी का संकेत देते हुए, सरकार ने पहले घोषणा की थी कि वीबी-जी आरएएम जी के लिए 1,51,282 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे। सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार अपने बजट घोषणा में इस आवंटन को और बढ़ा सकती है। एमजीएनआरईजीए के लिए वित्त वर्ष 2025 और वित्त वर्ष 2026 दोनों में 86,000 करोड़ रुपये का अपरिवर्तित आवंटन किया गया था। नए अधिनियम के तहत, अनुमानित केंद्रीय निधि का हिस्सा 95,692.31 करोड़ रुपये है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवसः जागरूक मतदाता, मजबूत लोकतंत्र का आधार

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण राष्ट्र के लिए लोकतंत्र केवल एक शासन प्रणाली नहीं, बल्कि एक जीवन दर्शन है। लोकतंत्र जीवित रहता है नागरिकों की भागीदारी से, और उसकी सबसे सशक्त अभिव्यक्ति है -मतदान। भारत जैसे देश में यह सत्य और भी गहरा हो जाता है, जहाँ एक मत केवल सरकार नहीं चुनता, बल्कि समाज की दिशा, नीति की प्राथमिकता और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा भी तय करता है। यह संयोग नहीं है कि भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी



महेन्द्र तिवारी

1950 को हुई थी, ठीक एक दिन पहले जब देश औपचारिक रूप से गणतंत्र बना। संविधान निर्माताओं ने स्पष्ट रूप से समझ लिया था कि लोकतंत्र की सफलता केवल लिखित संविधान से नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र, निष्पक्ष और शक्तिशाली चुनावी संस्था से सुनिश्चित होगी। छह दशक बाद, जब निर्वाचन आयोग ने 2011 में अपने 60 वर्ष पूरे किए, तब राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुरुआत की गई। इसका उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं था, बल्कि उस चिंता को संबोधित करना था जो धीरे-धीरे उभर रही थी—मतदाताओं, विशेषकर युवाओं, की घटती रुचि और बढ़ती उदासीनता।

आज जब भारत 96 करोड़ से अधिक मतदाताओं वाला देश बन चुका है, तो इस दिवस की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। यह दिवस एक सेतु का कार्य करता है—अतीत के संघर्षों और भविष्य की संभावनाओं के बीच।

**आधुनिक भारत में मतदान केवल एक संवैधानिक अधिकार नहीं, बल्कि एक नैतिक उत्तरदायित्व है। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिवर्ष एक नई थीम के साथ इस दिवस का आयोजन करना इस बात का संकेत है कि लोकतंत्र को निरंतर नवीनीकरण की आवश्यकता होती है। कोई भी मतदाता पीछे न छूटे जैसा संकल्प केवल एक नारा नहीं है, बल्कि यह उस अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचने की प्रतिबद्धता है।**

आधुनिक भारत में मतदान केवल एक संवैधानिक अधिकार नहीं, बल्कि एक नैतिक उत्तरदायित्व है। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिवर्ष एक नई थीम के साथ इस दिवस का आयोजन करना इस बात का संकेत है कि लोकतंत्र को निरंतर नवीनीकरण की आवश्यकता होती है। कोई भी मतदाता पीछे न छूटे जैसा संकल्प केवल एक नारा नहीं है, बल्कि यह उस अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचने की प्रतिबद्धता है, जो सामाजिक या भौगोलिक कारणों से मुख्यधारा से कटा हुआ है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का वास्तविक अर्थ तभी सार्थक होता है जब एक युवा, जो अभी-अभी 18 वर्ष का हुआ है, अपने मतदाता पहचान पत्र को केवल एक पहचान पत्र के रूप में नहीं, बल्कि देश के भाग्य-विधाता बनने के अधिकार पत्र के रूप में देखता है। यह दिवस युवाओं को राजनीतिक उदासीनता की गर्त से निकालकर भागीदारी की रोशनी में लाने का प्रयास है।




वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यदि हम देखें, तो मतदान के प्रति एक अजीब सी विडंबना दिखाई देती है। जहाँ ग्रामीण क्षेत्रों में लोग भीषण गर्मी या ठंड की परवाह किए बिना मिलों पैदल चलकर अपनी बारी का इंतजार करते हैं, वहीं शहरी क्षेत्रों में छुट्टी का आनंद लेना अधिक प्राथमिकता बन गया है। इस शहरी उदासीनता पर प्रहार करना राष्ट्रीय मतदाता दिवस का एक प्रमुख लक्ष्य है। यह दिवस हमें यह समझाने का प्रयास करता है कि यदि हम अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सड़कों पर उतरने का हक रखते हैं, तो हमें मतदान केंद्र तक जाने का कर्तव्य भी निभाना होगा। लोकतंत्र में निष्क्रियता की कोई जगह नहीं होती; यहाँ अनुपस्थिति का अर्थ अपनी शक्ति किसी और को सौंप देना है। इसलिए, 25 जनवरी का दिन हर भारतीय को यह सोचने पर विवश करता है कि क्या वह केवल एक उपभोक्ता नागरिक है या एक सहभागी नागरिक।

प्रौद्योगिकी के इस युग में निर्वाचन आयोग ने स्वीपजैसे कार्यक्रमों के माध्यम से जिस प्रकार की जागरूकता फैलाई है, वह वैश्विक स्तर पर अनुकरणीय है। डिजिटल इंडिया के दौर में मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया को उंगलियों के पोरों पर ला देना एक क्रांतिकारी कदम है। वोटर हेल्पलाइनऐप, ऑनलाइन सुधार और ई-एपिक जैसी सुविधाओं ने उन बाधाओं को दूर किया है जो कभी मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया से दूर रखती थीं। राष्ट्रीय मतदाता दिवस इन्हीं तकनीकी सफलताओं और मानवीय प्रयासों के संगम का दिन है। यह उस निर्वाचन अधिकारी के प्रति सम्मान व्यक्त करने का दिन है जो लद्दाख की बर्फीली चोटियों से लेकर अंडमान के दूरदराज के द्वीपों तक सिर्फ एक मतदाता के लिए भी पोलिंग बूथ स्थापित करता है। यह उस सुरक्षाकर्मी के प्रति कृतज्ञता का दिन है जो निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए अपना जीवन दांव पर लगाता है। भारतीय लोकतंत्र की यह मशीनरी दुनिया के लिए एक केस स्टडी है, और राष्ट्रीय मतदाता दिवस इस मशीनरी के केंद्र में स्थित मतदाता को सम्मानित करने का अवसर प्रदान करता है।

हालाँकि, जागरूकता के इस महाभियान के सामने चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। सूचना क्रांति के इस दौर में फेक न्यूज और भ्रामक प्रचार लोकतंत्र के लिए नए खतरे बनकर उभरे हैं। मतदाताओं को न केवल यह बताना जरूरी है कि वोट देना है, बल्कि यह भी सिखाना अनिवार्य है कि विवेकपूर्ण वोट कैसे देना है। जाति, धर्म और संकीर्ण क्षेत्रीयता के घेरों से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में मतदान करना ही इस दिवस की सच्ची उपलब्धि होगी। धनबल और बाहुबल की छाया से लोकतंत्र को मुक्त कराने के लिए मतदाता का जागरूक होना पहली शर्त है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर ली जाने वाली शपथ—कि हम बिना किसी प्रलोभन के निष्पक्ष मतदान करेंगे—मात्र औपचारिकता नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसे हमारे राजनीतिक आचरण का हिस्सा बनना चाहिए। जब तक मतदाता प्रलोभन को ठुकराने का साहस नहीं दिखाएगा, तब तक राजनीति की गंदगी को साफ करना संभव नहीं होगा।

समावेशिता इस दिवस का एक अन्य महत्वपूर्ण आयाम है। वर्षों तक समाज के कुछ वर्ग—जैसे महिलाएं, दिव्यांगजन और ट्रांसजेंडर समुदाय—चुनावी प्रक्रिया में अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराने के लिए संघर्ष करते रहे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस ने इन वर्गों को एक विशेष मंच दिया है। पिंक बूथों की स्थापना, दिव्यांगों के लिए घर से मतदान की सुविधा और थर्ड जेंडर के लिए अलग से पंजीकरण जैसे कदमों ने यह सिद्ध किया है कि लोकतंत्र तभी पूर्ण होता है जब वह सबके लिए सुलभ हो। महिलाओं का बढ़ता मतदान प्रतिशत इस बात का प्रमाण है कि भारत का लोकतंत्र अब घर की चारदीवारी से निकलकर नीति-निर्धारण के केंद्र तक पहुँच रहा है। यह सामाजिक परिवर्तन का वह मूक आंदोलन है, जिसे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के माध्यम से स्वर प्राप्त हुआ है। भविष्य की ओर देखते हुए, हमें एक राष्ट्र, एक मतदाता सूची और रिमोट वोटिंग जैसे विचारों पर गंभीरता से विचार करना होगा। भारत एक ऐसा देश है जहाँ बड़ी आबादी रोजगार और शिक्षा के लिए प्रवास करती है। ऐसे में करोड़ों मतदाता अपने मताधिकार से वंचित रह जाते हैं क्योंकि वे मतदान के दिन अपने गृह क्षेत्र में उपस्थित नहीं रह पाते। तकनीक के माध्यम से इस समस्या का समाधान ढूंढना अगली बड़ी लोकतांत्रिक क्रांति होगी।

# मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्तावों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले लगभग 09 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने विकास, सुरक्षा और समृद्धि की जिस दिशा में ठोस प्रगति की है, उससे प्रदेश की जनता को सरकार से बड़ी आशा है और जन-अपेक्षाओं पर खरा उतरना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आगामी बजट का केन्द्र लोककल्याण होना चाहिए। गरीब, किसान, श्रमिक, महिला, युवा और समाज के वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना ही बजट की आत्मा होनी चाहिए।बैठक में मुख्यमंत्री के अधीन विभागों तथा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के विभागों के बजट प्रस्तावों, नई मांगों और केन्द्रीय बजट 2026-27 के परिप्रेक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा रखे गए प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा भी हुई। इससे पहले मुख्यमंत्री ने बारी-बारी से विभागीय अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवगण से चालू वित्तीय वर्ष में बजट के सापेक्ष वित्तीय स्वीकृतियों और व्यय के सम्बन्ध में अद्यतन जानकारी भी ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 01 फरवरी को केन्द्र सरकार का आम बजट आने वाला है। उसमें उत्तर प्रदेश से जुड़े प्राविधानों को देखें और तदनुसार अपने विभागीय बजट प्रस्ताव में आवश्यक सुधार करें।

बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्तावों में लोककल्याणकारी योजनाओं की निरन्तरता, सामाजिक सुरक्षा के विस्तार और बुनियादी सुविधाओं को और मजबूत करने पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है। खाद्य सुरक्षा, आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा और आवश्यक सेवाओं से जुड़े प्राविधानों को इस दृष्टि से देखा गया है कि उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मजबूत कानून-व्यवस्था ही विकास और निवेश का आधार है। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस, न्याय और प्रशासन से जुड़े विभागों के प्रस्ताव जन-सुरक्षा, त्वरित न्याय और आम नागरिक के विश्वास को और मजबूत करने वाले हों। बैठक में यह भी बताया गया कि सड़क, भवन और अन्य अवसंरचनात्मक विकास से जुड़े प्रस्तावों का उद्देश्य प्रदेश की कनेक्टिविटी, औद्योगिक गतिविधियों और रोजगार के अवसरों को बढ़ाना है, ताकि विकास का लाभ शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों तक समान रूप से पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने वित्तीय प्रबन्धन पर जोर देते हुए कहा कि लोककल्याण और वित्तीय अनुशासन एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि संसाधनों का उपयोग इस प्रकार हो कि योजनाओं की गुणवत्ता बढ़े, समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित हो और जनता को वास्तविक परिणाम दिखाई दें। बैठक में बताया गया कि राजस्व सुदृढ़ीकरण, प्रशासनिक सुधार और व्यय दक्षता से जुड़े प्रस्तावों को इस तरह समाहित किया गया है, जिससे राज्य की वित्तीय समृद्धि और स्थिरता बनी रहे तथा विकास कार्यों में निरन्तरता सुनिश्चित हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने जिस विश्वास के साथ आगे बढ़कर देश में अपनी नई पहचान बनाई है, आगामी बजट उसी विश्वास को और मजबूत करने वाला होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन-आकांक्षाओं, क्षेत्रीय आवश्यकताओं और दीर्घकालिक विकास को संतुलित रखते हुए प्रस्तावों को अंतिम रूप दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष का बजट लोककल्याण, सुशासन और वित्तीय समृद्धि के माध्यम से प्रदेश की जनता के सपनों और अपेक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा।

इस अवसर पर सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जे0पी0एस0 राठौर एवं परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर सिंह उपस्थित थे।



- उ0प्र0 ने पिछले लगभग 09 वर्षों में विकास, सुरक्षा और समृद्धि की दिशा में ठोस प्रगति की, जन-अपेक्षाओं पर खरा उतरना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री
- गरीब, किसान, श्रमिक, महिला, युवा और समाज के वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना बजट की आत्मा होनी चाहिए
- आगामी केन्द्रीय बजट में उ0प्र0 से जुड़े प्राविधानों को देखा जाए और तदनुसार विभागीय बजट प्रस्तावों को आगे बढ़ाएं
- जन-आकांक्षाओं, क्षेत्रीय आवश्यकताओं और दीर्घकालिक विकास को संतुलित रखते हुए प्रस्तावों को अंतिम रूप देने के निर्देश
- पुलिस, न्याय और प्रशासन से जुड़े विभागों के प्रस्ताव जन-सुरक्षा, त्वरित न्याय और आम नागरिक के विश्वास को और मजबूत करने वाले हों

## दरगाह हजरत अब्बास में कराई आलीशान अलम-ए-मुबारक की जियारत

- मना जश्ने हजरत अबुल फजलिल अब्बास

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** हजरत अली (अ.स.) के बेटे और हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के भाई हजरत अब्बास (अ.स.) की विलादत के मौके पर शनिवार को दरगाह हजरत अब्बास रुस्तम नगर में एक शानदार विशाल अलम-ए-मुबारक की जियारत करायी गयी। इसके बाद जश्ने हजरत अबुल फजलिल अब्बास मनाया गया। उलमा ने जब जियारत के लिए अलम के फरेरे को खोला तो वहां मौजूद हजारों लोग जिसमें पर्दानशीन महिलाएं व बच्चों ने हाथ उठाकर नारे हैदरी या अली की सदाएं बुलन्द की और हाथों को बुलन्द करके अपने व देश के लिए दुआएं मांगी। मौलाना कल्बे जव्वाद ने हजरत अब्बास (अ.स.) की फजीलत बयान करते हुए कहा कि हजरत अब्बास वफाओं का समंदर थे। मौलाना हबीब हैदर सहित अन्य उलमा ने हजरत अब्बास (अ.स.) की फजीलत को बयान की। जश्न का आगाज कारी तुफैल हसन ने तिलावते कुराने पाक से, संचालन जाहिद कानपुरी व अली आजम ने किया तो आमिर वारसी ने नात पढ़ी। इसके बाद 110 बच्चों ने हजरत अब्बास (अ.स.) की शान में लिखी मनकबत पेश की। जश्न में शायर नायाब बलयावी, देवल अलीपुरी, फय्याज रायबरेलवी, मेराज मंगलौरी, कामरान आबिस, अली शब्बर नौगावीं, काज़िम जारचवी, जुलकरनैन अजमेरी, वकार सुल्तानपुरी, शबाब जलालपुरी, मुजीब सिद्दिकी, अदनान नौगावी , जिनान जफराबादी, मेंहदी महमूदाबादी, मिर्जा लखनवी, वसी अब्बास, हैदर रिजवी, जफर नजफी और वली ने अपने कलाम पेश किये। इस मौके पर क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की लाइटों से सजावट की तथा दरगाह की तारीखी इमारत को भव्यरूप से सजाया गया।

## लोक भवन गुजरात में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस का भव्य आयोजन

**लखनऊ।** गुजरात के लोक भवन में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने प्रतिभाग किया। एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को साकार करते हुए इस आयोजन में उत्तर प्रदेश के साथ-साथ असम, त्रिपुरा, मणिपुर और मेघालय का भी स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलक और आपसी सौहार्द का सुंदर दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश की विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास की एक नई इबारत लिख रहा है। प्रदेश सरकार के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश आज हर क्षेत्र में प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है। मंत्री शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश संस्कृति, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा, निवेश, उद्योग और सुशासन के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# ग्रामीण पर्यटन से जुड़े व्यक्तियों एवं प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया जाएगा

## उत्तर प्रदेश में पर्यटन रोजगार, सांस्कृतिक गौरव और समावेशी विकास का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है : जयवीर सिंह

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर राजधानी लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल में 25 जनवरी को पूर्वाह्न 10 बजे से एक दिवसीय पर्यटन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विविध लोक कलाओं, उभरते पर्यटन आयामों और समुदाय आधारित पहलों को मंच प्रदान करने वाले इस विशेष आयोजन का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह दीप प्रवलन के साथ करेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान, पर्यटन की संभावनाओं और समावेशी विकास के प्रयासों को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। राष्ट्रीय पर्यटन दिवस कार्यक्रम में कृषि मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधि, ग्रामीण पर्यटन समूहों तथा युवा संगठनों की भी सहभागिता रहेगी। 'ग्रामीण एवं समुदाय-केंद्रित पर्यटन' की थीम पर यह आयोजन इस दृष्टिकोण को रेखांकित करता है कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन अब केवल पर्यटन स्थलों के दर्शन तक सीमित न रहकर रोजगार, नवाचार और युवा सहभागिता का प्रभावी मंच बन रहा है।

राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन रोजगार सृजन, ग्रामीण सशक्तिकरण और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रभावी साधन बन चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा धार्मिक, ग्रामीण, इको और सांस्कृतिक पर्यटन को सुदृढ़ करने के साथ-साथ प्रत्येक स्तर पर समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

राष्ट्रीय पर्यटन दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से होगा। तत्पश्चात, अतिथियों का अभिनंदन एवं संस्कृति विभाग द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। पर्यटन दिवस के अवसर पर ग्रामीण पर्यटन से जुड़े व्यक्तियों एवं प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय पर्यटन दिवस का उद्देश्य अर्थव्यवस्था एवं संस्कृति के लिए जागरूकता उत्पन्न करना है।

## नाली विवाद में दबंगों ने दंपती को पीटा, दी जान से मारने की धमकी

**पारा लखनऊ।** पारा थाना क्षेत्र के नरपत खेड़ा में नाली के विवाद को लेकर दबंगों ने एक दंपती के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी। हमले में पति-पत्नी को चोटें आई हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नरपत खेड़ा निवासी राम शंकर के अनुसार, घटना उस समय हुई जब वह और उनकी पत्नी घर पर अकेले थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले गुलाब और उनके दो बेटे पवन व प्रदीप घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए दंपती पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों से मारपीट की और घर से बाहर निकलने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि मारपीट की घटना में उन्हें चोटें आई हैं और पूरा मोहल्ला इस घटना का गवाह है। राम शंकर ने अपनी कॉलेज जाने वाली बेटी की सुरक्षा को लेकर भी गहरी चिंता जताई है। सूचना पर 112 नंबर की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने बुलाया, लेकिन आरोपी पक्ष थाने नहीं पहुंचा। इसके बाद पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# उत्तर प्रदेश दिवस पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आज दिनांक 24 जनवरी, 2026 को उत्तर प्रदेश दिवस~ विकास की ओर बढ़ता कदम विषय पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर, तकरोही, इंदिरा नगर, लखनऊ में किया गया। कार्यक्रम का आरंभ माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं सरस्वती वन्दना के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में संस्थान के सदस्य तरुणेश बौद्ध, संस्थान के निदेशक डॉ राकेश सिंह जी, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य अवधेश जी, अरुणेश मिश्र, डॉ0 धीरेन्द्र सिंह, वेन डॉ0 जुलाम्पिटिये पुन्न्यासार तथा शिक्षक-शिक्षिकायें, छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थे। संस्थान के निदेशक डॉ राकेश सिंह जी ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस हमारी सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक चेतना का उत्सव है। यह प्रदेश संत-परंपरा, शौर्य और सृजनशीलता की भूमि रहा है। आज उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में तेज़ी से अग्रसर है। प्रधानाचार्या अवधेश जी ने बताया उत्तर प्रदेश दिवस हमारी पहचान, आत्मसम्मान और एकता का प्रतीक है। यह प्रदेश ज्ञान, श्रम और संस्कार की परंपरा से समृद्ध रहा है। संस्थान के सदस्य तरूणेश जी ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस हमारी सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक गौरव का उत्सव है। यह प्रदेश प्रगति, परंपरा और संभावनाओं का सशक्त संगम है।अरुणेश मिश्र जी ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस आत्मसम्मान, संकल्प और सामूहिक चेतना का दिन है। यह भूमि आज नए विचारों और नई ऊर्जा के साथ भविष्य गढ़ रही है। डॉ0 धीरेन्द्र सिंह जी ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस हमारी गौरवशाली परंपराओं और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। यह प्रदेश ऋषि-मुनियों, संतों और वीरों की पावन भूमि रहा है। शिक्षा,संस्कृति और विकास के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है। जन-सहभागिता और संकल्प के साथ यह प्रदेश नए भारत की मजबूत नींव बन रहा है। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश दिवसरू विकास की ओर बढ़ता कदम विषय पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गयी। चित्रकला प्रतियोगिता में पीहू को प्रथम, अंजली को द्वितीय तथा रचना मौर्या को तृतीय पुरस्कार तथा पांच अन्य प्रतिभागियों को क्रमशः राजवीर वर्मा, युक्ति वर्मा, जान्हवी, आयुष कुमार, प्राची शर्मा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

# जनसुनवाई में घूस की बात सुन मंत्री ने दिखाए सख्त तेवर, दोषियों पर गिरी गाज



- जनता को परेशान करना बर्दाश्त नहीं: ए.के. शर्मा

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने गुरुवार को लखनऊ स्थित अपने आवास पर आयोजित जनसुनवाई के दौरान विद्युत विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के एक गंभीर मामले पर अत्यंत सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट संदेश दिया। इसका नतीजा रहा कि शुक्रवार को एक लाइनमेन की सेवा समाप्त कर दी गई, वहीं जेई को निलंबित किया गया। इसी के साथ दो अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। मंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में घूसखोरी, लापरवाही और जनता को परेशान करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। जनसुनवाई के दौरान अमरोहा जनपद के नौगांव सादात निवासी शिकायतकर्ता मोहम्मद यूसा, पुत्र कासिम ने विद्युत संयोजन देने के नाम पर रिश्वत मांगने तथा जानबूझकर कार्य में टालमटोल किए जाने की शिकायत मंत्री के समक्ष रखी, जिसे मंत्री शर्मा ने अत्यंत गंभीरता से लिया। मंत्री ए.के. शर्मा ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता से फोन पर वार्ता की और दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए। मंत्री के सख्त तेवरों और जीरो टॉलरेंस नीति का असर यह रहा कि विभाग बिना विलंब किए तुरंत हरकत में आया और देर रात तक कार्रवाई करते हुए दोषियों पर गाज गिराई गई। मंत्री के निर्देश के क्रम में कनिष्ठ अभियंता (जेई) राजीव सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया, वहीं लाइनमैन अब्बास की सेवा समाप्त कर दी गई। इसके साथ ही एसडीओ रितेश प्रसाद एवं अधिशासी अभियंता राहुल निगम को नियम-10 के अंतर्गत स्पष्टीकरण जारी करते हुए संतोषजनक जवाब न मिलने की स्थिति में विभागीय कार्यवाही किए जाने की संस्तुति की गई है।

# लोकतंत्र की मजबूती का संदेश लेकर निकली मतदाता जागरूकता रैली

**अवधनामा ब्यूरो**



**देवरिया।** ।16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जनपद देवरिया में लोकतंत्र को सशक्त करने का संदेश देते हुए भव्य मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की आत्मा है और प्रत्येक पात्र नागरिक का यह संवैधानिक दायित्व है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करे। उन्होंने विशेष रूप से युवा मतदाताओं से आह्वान किया कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लें और देश की दिशा तय करने में अपनी निर्णायक भूमिका निभाएँ। रैली में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री, स्काउट-गाइड, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। हाथों में तख्तियाँ और नारों के माध्यम से प्रतिभागियों ने 'पहले मतदान, फिर जलपान', 'मेरा वोट, मेरी ताकत' जैसे संदेशों के जरिए आमजन को जागरूक किया। रैली जीआईसी से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट, पोस्टमार्टम चौराहा एवं जलकल रोड होते हुए पुनः जीआईसी ग्राउंड पहुँची। इसके उपरांत आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने उपस्थित नागरिकों को मतदाता शपथ दिलाई। इस दौरान नव पंजीकृत मतदाताओं को एपिक कार्ड वितरित किए गए तथा मतदाता जागरूकता अभियान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने शत-प्रतिशत मतदान का प्रभावशाली संदेश दिया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। अपने उद्बोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि एक जागरूक मतदाता ही मजबूत लोकतंत्र की नींव होता है। उन्होंने सभी नागरिकों से निर्भीक होकर मतदान करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की अपील की।

## उत्तर प्रदेश दिवस पर MDB ASMC, देवरिया में कार्यक्रम का सफल आयोजन



**देवरिया (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर महर्षि देवराहा बाबा स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज (MDB ASMC), देवरिया में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश की गौरवशाली संस्कृति, समृद्ध परंपराओं एवं अस्मिता के प्रति जागरूकता और प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना रहा। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, सम्मान और विकास के प्रति सामूहिक शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश की ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विशेषताओं पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में कॉलेज की प्रधानाचार्या प्रो. डॉ. रजनी, उप-प्रधानाचार्या प्रो. डॉ. श्वेता सिंह सहित विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर प्रदेश की समृद्ध पहचान को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। यह आयोजन उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और सम्मान की भावना को सशक्त करने वाला सिद्ध हुआ।

## खरीफ फसलों के मूल्यों की संस्तुति हेतु बैठक संपन्न

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में आज विधानभवन स्थित कक्ष संख्या 80 में खरीफ (2026-27) की मुख्य फसलों के मूल्यों की संस्तुति हेतु महत्वपूर्ण मूल्य परामर्शदात्री बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सहकारिता मंत्री जे.पी.एस. राठौर तथा खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा की विशिष्ट उपस्थिति रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी खरीफ सीजन के लिए किसानों के हित में विभिन्न फसलों के उचित मूल्यों का निर्धारण कर केंद्र सरकार को प्रस्ताव प्रेषित करना था। बैठक के दौरान खरीफ सीजन की कुल 10 प्रमुख फसलों के मूल्यों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। इसमें धान ग्रेड-ए, धान सामान्य, ज्वार, मक्का, उड़द, अरहर, मूंग, मूंगफली, सोयाबीन और तिल शामिल हैं।

# उ.प्र. की तरफ बढ़ रहा उत्तर प्रदेश: विजयलक्ष्मी

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** उत्तर प्रदेश की स्थापना दिवस पर जनपद के राजकीय इंटर कालेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश तेजी के साथ विकास की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में सभी क्षेत्रों में तेजी के साथ विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में भी यूपी का योगदान सबसे बड़ा रहा है। 1857 की क्रांति का केंद्र यही था। मंगल पांडेय, रानी लक्ष्मीबाई, चंद्रशेखर आजाद जैसे वीरों ने यहीं से अंग्रेजों को चुनौती दी। यूपी दिवस पर प्रदेश अपनी प्रगति भी दिखाता है। योगी सरकार के नेतृत्व में निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा और स्वास्थ्य में तेजी आई है। एक्सप्रेसवे, मेट्रो, एयरपोर्ट और नई फैक्टरियां बन रही हैं। यूपी अब विकसित भारत के संकल्प का मजबूत हिस्सा बन गया है। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश विकास की गाथा लिख रहा है जहां गरीब, किसान, महिला, नौजवान सभी को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्राप्त हो रहा है। आज उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य से निकलकर विकसित राज्य बनाने की ओर अग्रसर है। भाटपार रानी विधायक सभाकुंवर कुशवाहा ने कहा कि उत्तर प्रदेश का क्षेत्र मध्य देश या ब्रह्मर्षि देश कहलाता था। रामायण-महाभारत काल में अयोध्या, काशी, मथुरा महत्वपूर्ण थे। बौद्ध और जैन धर्म का उदय यहीं हुआ। सारनाथ में बुद्ध का पहला उपदेश और कुशीनगर में महापरिनिर्वाण हुआ।

इस दौरान जिलाधिकारी दिव्य मित्तल, सी डी ओ राजेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, सचिंद्र शाही दीपू, जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव, मुकुल मणि त्रिपाठी, विजय पटेल, विजय बेलदार, यशवंत शाही, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सर छोटू राम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी

- मेरठ के विद्यार्थियों का राष्ट्रीय सम्मेलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**



**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर संचालित सर छोटू राम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (SCRIET), मेरठ के विद्यार्थियों ने महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (MUIT), नोएडा में आयोजित "National Conference on AI in Entrepreneurship and Academics" में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया।

इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में आज SCRIET, मेरठ के एडमिन ब्लॉक स्थित कमेटी हॉल में संयुक्त (Combined) पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सम्मेलन तथा पूर्व में आयोजित आइडियाथॉन के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में संस्थान के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. एन.के. सोनी, निदेशक प्रो. नीरज सिंघल, SIH के जज डॉ. अनिल कुमार यादव, आइडियाथॉन की जज डॉ. निधि चौहान, E-Cell कन्वीनर डॉ. शोभित सक्सेना, आइडियाथॉन जज इं. आशुतोष मिश्रा एवं इं. प्रवीण पंवार की गरिमामयी उपस्थिति रही।

राष्ट्रीय सम्मेलन के अंतर्गत आयोजित पोस्टर प्रेजेंटेशन सत्र में SCRIET के कुल 7 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इसमें अंशिका भारद्वाज एवं अभिषेक शर्मा ने अपनी उत्कृष्ट तकनीकी समझ, नवाचार एवं प्रभावशाली प्रस्तुति के बल पर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वहीं वंशिका सिंघल, शिवांशी चौहान, त्रिलोक जोशी, पारस शाक्य एवं हर्षित वशिष्ठ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अर्जित किया।

इसके साथ ही यह भी उल्लेखनीय है कि Ideathon-2025, जो कि 27 अगस्त 2025 को आयोजित हुआ था, उसके विजेता विद्यार्थियों को उनके प्रमाणपत्र एवं सम्मान आज इसी संयुक्त पुरस्कार वितरण समारोह में प्रदान किए गए। आइडियाथॉन के परिणामस्वरूपटीम Iterator ने प्रथम स्थान,टीम Titans ने द्वितीय स्थानतथा टीम Idea Forge ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

समारोह के दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच, नवाचार क्षमता एवं आत्मविश्वास की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियाँ विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और संस्थान के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल हैं।

संस्थान के प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# सीएम योगी, भाजपा राष्ट्रीय और प्रदेश अध्यक्ष एक साथ मथुरा में आज

- बांके बिहारी की नगरी में जुटेंगे दिग्गज; चप्पे-चप्पे पर पहरा
- सुरक्षा का घेरा सख्त, अतिक्रमण पर चला 'हथौड़ा'

**अवधनामा संवाददाता**

**बाजना कट से होगी शुरुआत**

मांट क्षेत्र के भाजपा विधायक राजेश चौधरी के अनुसार रविवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन तथा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी अपने दौरे की शुरुआत प्रात 9. 30 बजे मांट तहसील क्षेत्र के बाजना कट पर आयोजित कार्यक्रम से करेंगे। यहां तीनों नेता एक छोटी जनसभा को भी संबोधित करेंगे। वृंदावन के कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विधायक राजेश चौधरी के आवास पर भोजन करेंगे।

**वृंदावन (मथुरा)।** कान्हा की नगरी रविवार को वीवीआईपी मूवमेंट की गवाह बनेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी एक साथ वृंदावन में मौजूद रहेंगे। अक्षय पात्र स्थित चंद्रोदय मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर धर्मनगरी में उत्साह और सुरक्षा का माहौल चरम पर है।

सूत्रों के मुताबिक तीनों दिग्गज नेता कार्यक्रम के पश्चात ठाकुर श्री बांके बिहारी जी के दर्शन कर आशीर्वाद लेंगे । इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मांट विधायक राजेश चौधरी के आवास पर पहुंचकर उनकी माताजी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे।

मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए जिलाधिकारी सीपी सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने शनिवार को खुद मोर्चा संभाला। अफसरों ने कार्यक्रम स्थलों और प्रस्तावित मार्गों का बारीकी से निरीक्षण किया। नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और बिजली विभाग की टीमें पिछले 48 घंटों से सड़कों को गड्ढामुक्त करने, रंग-रोगन और स्ट्रीट लाइटें दुरुस्त करने में जुटी हैं। नए बस स्टैंड से लेकर बिरला मंदिर मार्ग को पूरी तरह चमकाया जा रहा है।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन कोई जोखिम नहीं उठा रहा है। डीग गेट चौकी के सामने से अस्थाई अतिक्रमण और मंडी को पूरी तरह हटवा दिया गया है। भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ खुफिया एजेंसियां भी मुस्तैद हैं। देर शाम तक प्रोटोकॉल मिलने की संभावना है। नए बस स्टैंड के अंडरपास के निकट दोनों साइड पर्दे लगा दिए गए हैं ताकि मुख्यमंत्री को गंदगी आदि दिखाई ना दे।

# भारतीय सैन समाज का सामूहिक विवाह संपन्न 6 जोड़े बने हमसफ़र

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** भगवान श्री कृष्ण की जन्म स्थली कहे जाने वाले उत्तर प्रदेश के जनपद मथुरा में शुक्रवार को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर विगत वर्षों की भाति इस वर्ष भी भारतीय सैन समाज 20 वाँ भारतीय सैन समाज द्वारा 6 वर कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्मेलन हर्सोल्लास और सामाजिक एकता के भाव के साथ संपन्न कराया गया इस दौरान शहर का माहौल काफी उत्साहित नजर आया विवाह से पूर्व नगर में 6 दूल्हों की बारात निकाली गई भारतीय सैन समाज सलाहकार मंत्री व पत्रकार बृजेश सैन ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय सैन समाज समय समय पर समाज कल्याण के कार्य कराता रहता है शुक्रवार को भारतीय सैन समाज द्वारा भारतीय सैंन समाज सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन कराया गया सामूहिक विवाह समारोह में 6 गरीब परिवारों की बेटियों की शादी भूतेश्वर चौराहा स्थित 15 ए विष्णुपुरी में कराई गई जिसे लेकर भारतीय सैन समाज के पदाधिकारी काफी समय से तैयारियों में जुटे हुए थे सामूहिक विवाह समारोह से पूर्व 6 दूल्हों की एक भव्य बारात निकाली गई जो कि नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुए भूतेश्वर चौराहा स्थित 15 ए विष्णुपुरी पर जाकर समाप्त हुई बारात का जगह जगह स्वागत किया गया इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर वरमाला कार्यक्रम के अलावा अन्य शादियों की रस्में निभाई गई भारतीय सैन समाज के सभी पदाधिकारीयों और महिला पत्रकार कुमारी सोनम व भारतीय सैन समाज सलाहकार मंत्री व पत्रकार बृजेश सैन ने दूल्हा दुल्हन को आशीर्वाद दिया और उन दोनों के लिए उज्जवल भविष्य की कामना की भारतीय सैन समाज द्वारा 6 कन्याओं को एक गैस सलैण्डर एक चूल्हा मग रेगुलेटर एक अप्रार्थ एक बैड एक गड्डा चादर एक कम्बल, दो कुर्सी एक रेबिल एक चौकी घरेलु व रही बर्तन आदि पाँच जोड़ी साड़ी जिमूली को स्वापा पगड़ी एक सिंगाल्दानी लड़की को एल.सी.डी पिंडस चीजे चाँदी व सोने की पाँच कपड़े लड़के को चार आदि उपर दिए गए।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर को दी गई श्रद्धांजलि




**अवधनामा संवाददाता**

- कर्पूरी ठाकुर जयंती पर मोहम्मद इलियास सम्मानित
- कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलने पर एआइपीएमएम ने जताई

**लखनऊ।** सविता समाज युवा संस्थान की ओर से शोषित, दलित, पिछड़े, अतिपिछड़े और पसमांदा समाज के नायक जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती 24 जनवरी को कर्पूरी ठाकुर पार्क, महानगर, लखनऊ में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

जन्मजयंती समारोह के अवसर पर ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के प्रदेश महामंत्री मोहम्मद इलियास को फूलमालाएं पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर मोहम्मद इलियास ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के योगदान को याद करते हुए कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री रहते हुए कर्पूरी ठाकुर ने समाज के हर वर्ग के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने देश में सबसे पहले पिछड़ा वर्ग आरक्षण लागू किया। साथ ही महिलाओं और आर्थिक रूप से कमजोर सवर्ण वर्ग को आरक्षण देने की पहल भी कर्पूरी ठाकुर ने ही की, जो आज भी सामाजिक न्याय की मिसाल है।

उन्होंने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना शोषित, दलित, वंचित और पसमांदा समाज के लिए गौरव की बात है। इसके लिए उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के विचारों को आत्मसात करने और सामाजिक समरसता के लिए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

# संगठन व्यापारियों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचा रहा है



**अवधनामा संवाददाता**

- उ. प्र. उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश मंत्री ने प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** छोटे व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। किराना व्यापारी आमजन की दैनिक जरूरतों को पूरा करते हुए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन सदैव व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और हर स्तर पर व्यापारियों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है।

यह बात नगर के मोहल्ला सुभाष नगर में एक किराना प्रतिष्ठान के शुभारंभ अवसर पर पहुंचे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश मंत्री सागर अग्रवाल ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया और संचालक को शुभकामनाएं देनें के उपरान्त कही। कहा कि ईमानदारी, गुणवत्ता और ग्राहक सेवा ही व्यापार में सफलता की कुंजी है। प्रतिष्ठान संचालक ने मुख्य अतिथि एवं आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे ग्राहकों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण सामान उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे। प्रतिष्ठान शुभारंभ के अवसर पर मोहल्ले में उत्साह का माहौल रहा और लोगों ने प्रतिष्ठान पर पहुंचकर खरीदारी भी की। कार्यक्रम के दौरान व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय व्यापारी मौजूद रहे।

# आईओसी रिफाइनरी में हुआ ब्लैकआउट मॉक ड्रिल का प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश दिवस एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (मथुरा रिफाइनरी) परिसर में नागरिक सुरक्षा विभाग मथुरा द्वारा हवाई हमले से बचाव हेतु ब्लैकआउट मॉक ड्रिल का भव्य एवं सजीव काल्पनिक प्रदर्शन किया गया। इस मॉक ड्रिल का आयोजन जिलाधिकारी/नियंत्रक नागरिक सुरक्षा चन्द्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के निर्देशन में किया गया। ड्रिल में मथुरा रिफाइनरी स्टाफ, अग्निशमन विभाग, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, डीडीएमए, एसडीआरएफ सहित सभी आपातकालीन सेवाओं ने समन्वित सहभागिता की। ड्रिल के दौरान हवाई हमले के पीले, लाल एवं हरे संकेतों के माध्यम से आमजन को सतर्कता, शरण लेने, राहत एवं बचाव कार्यो का अभ्यास कराया गया। सायरन बजते ही नागरिकों ने सुरक्षित स्थानों पर शरण ली। फायर फाइटर टीमों ने आग पर काबू पाया, फर्स्ट एड टीम ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया तथा गंभीर घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया। कार्यक्रम में कल्याण सेवा से मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा, हताहत सेवा से मुख्य चिकित्साधिकारी, अग्निशमन सेवा से मुख्य अग्निशमन अधिकारी मथुरा, तथा संचार/प्रशिक्षण सेवा से सहायक उपनियंत्रक (व0वे0) नागरिक सुरक्षा की सक्रिय भूमिका रही। अपर जिलाधिकारी /प्रभारी उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में सभी कमांडिंग अधिकारियों ने अपने दायित्वों का सफल निर्वहन किया। इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से अनिल कुमार (सीजीएम-एचआर), ए.के. मिश्रा (सीजीएम), रजनीश तिवारी (डीजीएम फायर) एवं उनके अधीनस्थों ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया। नागरिक सुरक्षा वार्डेन सेवा से भारतभूषण तिवारी (डिवीजनल वार्डेन), राजेश मित्तल (डिप्टी डिवीजनल वार्डेन), दीपक कुमार बैंकर, डॉ. महेश शर्मा, अशोक यादव, पवन शर्मा, ताहिर खान, यतेन्द्र, नितिन सोनी, सुनैना गुप्ता, शैली अग्रवाल सहित अन्य वार्डेन व स्वयंसेवकों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का संचालन नीरज श्रीवास्तव, सहायक उपनियंत्रक (व0वे0) नागरिक सुरक्षा द्वारा किया गया।

## मनरेगा बचाव चौपाल का आयोजन

**सुल्तानपुर।** 191 कादीपुर विधानसभा के कादीपुर ब्लॉक के पंचायत में एक मनरेगा बचाव चौपाल का आयोजन किया गया इसकी अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष सर्वेंद्र सिंह ने की मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा प्रभारी विजयपाल पूर्व ब्लाक प्रमुख मोतिगरपुर में उपस्थित रहे। जिला सचिव इश्तियाक अहमद न्याय पंचायत अध्यक्ष गंगा दिन जी भी रहे विजयपाल प्रभारी ने कहा कि मनरेगा एक ऐसी स्कीम थी जिसमें मजदूरों को रोजगार देने के लिए बात किया गया था यदि रोजगार नहीं देते तो उनको बेरोजगारी भत्ता देना था वर्तमान सरकार मजदूरों के हित में न्याय नहीं कर रही है और इस स्कीम में तमाम तरह के बदलाव करके उनको रोजगार देने से वंचित करना चाह रही है अब इसमें 40 परसेंट का प्रावधान प्रदेश सरकार को करना है जबकि पहले मनरेगा में हंड्रेड परसेंट पैसा केंद्र सरकार से ही आता था और उसे पर भी लगभग छह महीने मजदूरों को मजदूरी नहीं मिल पाती थी तो वर्तमान समय में प्रदेश और केंद्र दोनों मिलकर मजदूरों को कैसे मजदूरी देते देंगे जैसा कि आप लोग जान ही रहे हैं की प्रदेश सरकार के पास इतना कम बजट है कि तमाम उसकी योजनाएं बंद होने के कगार पर हैं।

# ओटीएस योजना के दूसरे चरण का लाभ उठायें उपभोक्ता: जेई



**अवधनामा संवाददाता**

**कन्नौज।** विद्युत उपखण्ड अधिकारी पंकज चौधरी के नेतृत्व में अवर अभियंता राज कुमार द्वारा क्षेत्र के ग्राम तेराजाकेट में आयोजित विद्युत बिल राहत योजना के अंतर्गत लगाए गए कैंप में उपभोक्ताओं की अच्छी भागीदारी देखने को मिली। कैंप के दौरान कुल सोलह उपभोक्ताओं ने ओटीएस योजना के अंतर्गत पंजीकरण कराया। शनिवार को आयोजित विद्युत बिल राहत योजना कैम्प के दौरान अवर अभियंता राज कुमार द्वारा बताया गया कि ओटीएस योजना के द्वितीय चरण के अंतर्गत इन पंजीकरणों से कुल 01 लाख 10 हजार रुपये का राजस्व वसूल किया गया। बताया कि कैम्प में 03 नए कनेक्शन, 04 केवाईसी कर दस बकायेदारों के कनेक्सन काटे गये। अवर अभियंता नें बताया कि ओटीएस योजना के दूसरे चरण के अंतिम 5 दिन शेष बचे हैं। योजना का उद्देश्य बकाया शुल्क की आसान व त्वरित वसूली करना है, ताकि आमजन को ब्याज व जुर्माने में राहत मिल सके। कैंप में मौजूद फीडर मैनेजर सुमरीत, निविदाकर्मी विवेक कटियार एवं रामजीवन द्वारा लोगों को योजना की शर्तों व लाभों की जानकारी भी दी गई। शिविर में अमित कुमार त्रिपाठी जनसेवा केंद्र का विशेष सहयोग रहा। उधर विद्युत उपखण्ड कार्यालय में एसडीओ पंकज चौधरी ने शेष बकायेदारों से अपील की है कि वे ओटीएस योजना का लाभ उठाते हुए निर्धारित समय सीमा में अपने बकाया का निस्तारण करा लें, जिससे अनावश्यक कार्रवाई से बचा जा सके।

## चाकू सहित युवक गिरफ्तार



**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त को अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर बन्ना रोड रेलवे लाईन के पास से एक अभियुक्त हाशिम पुत्र समशुद्दीन निवासी देशी शराब के ठेके के पास मोहम्मदाबाद थाना टूण्डला को गिरफ्तार किया गया, तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई है।

# शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शासन के निर्देश पर कोतवाली परिसर में आयोजित थाना दिवस के अवसर पर तीन राजस्व एक पुलिस संबधित कुल चार शिकायतें आईं। थाना दिवस में क्षेत्र के फरियादी अपनी-अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिन्हें गंभीरता से सुना गया।

शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक अजय अवस्थी के नेतृत्व में निरीक्षक सीपी तिवारी ने सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं और संबंधित राजस्व व पुलिसकर्मियों को निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश देने के उपरान्त कहा कि प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे फरियादियों को न्याय मिल सके। इस दौरान कस्वा प्रभारी दीपक चौधरी, मझपुरवा चौकी प्रभारी विनोद कष्यप, लेखपाल अभिषाक कटियार, राजेश अग्निहोत्री, कुलदीप यादव, कौशल पाण्डेय सहित हेड मोहर्रिर पवन शर्मा, राघवेन्द्र सिंह, अर्जुन ठाकुर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस हर्षोल्लास से मनाया

**अवधनामा संवाददाता**




**फिरोजाबाद।** जनपद फिरोजाबाद में भारत सरकार एवं निदेशालय महिला कल्याण उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के निर्देशानुसार जिला प्रोबेशन अधिकारी फिरोजाबाद के निर्देशन में जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन की अधिकारी जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम आकाशा, मिशन शक्ति महिला कल्याण विभाग फिरोजाबाद एवं अकाउंट अस्सिटेंट मोहिनी शर्मा द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के शुभ अवसर पर जनपद के प्रतिष्ठा इंटर कॉलेज में हर्ष उल्लास के साथ बालिकाओं को संबोधित और जागृत करते हुए मनाया गया। इस कार्यक्रम की पहल मौलाना आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज फिरोजाबाद में बालिका शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं बाल अधिकार और बाल विवाह की रोकथाम आदि से संबंधित कई विषयों पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, सिलाई प्रतियोगिता एवं ग्लास पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज की विभिन्न छात्राओं ने प्रतिभाग किया एवं अपने विचारों को कलाओं के माध्यम से उकेरा और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। साथ विद्यालय में हैंड मेड खाद्य पदार्थ जैसे जैम, जेली, अचार चटनी, चिप्स आदि, हैंडीक्राफ्ट, एंब्रोस पेंटिंग, सिलाई, कढ़ाई, बुनाई आदि आर्ट एवं क्राफ्ट वर्कशॉप की प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसमें बालिकाओं द्वारा अपने हुनर के माध्यम से 'बेटी किसी से कम नहीं है' वह हर क्षेत्र में कार्य कर रही है से संबंधित नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया। इस कार्यक्रम में अनम अकाशा डीएमसी डी एच ई डब्लू अधिकारी फिरोजाबाद, द्वारा समस्त को कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा गया कि बालिकाएं यदि कोई कौशल सीख रही हैं तो उसे सिर्फ सीख कर जंग नहीं लगानी है बल्कि उन्हें निरंतर बेहतरीन करने के प्रयास में जुड़ना है और अपने कौशल को रोजगार से जोड़ना है इस उद्देश्य से निरंतर आगे बढ़ते रहना है और समाज की अन्य महिलाओं एवं बालिकाओं को आगे यह हुनर प्रदान करना है, तभी सही मायने में नारी सशक्तिकरण का अर्थ सिद्ध हो पाएगा। इसी क्रम में अकाउंट अस्सिटेंट मोहिनी शर्मा द्वारा समस्त को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह की रोकथाम पर शपथ कराई गई। इस कार्यक्रम में एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार से ग्लास उद्योग जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ0 ज्योति द्वारा सभी बालिकाओं को ग्लास पेंटिंग पर ट्रेनिंग दी गई एवं उनके साथ सबोर्डिनेट हेमलता द्वारा ग्लास पेंटिंग के विभिन्न प्रकारों एवं विशेषताएं बताते हुए रोजगार से किस प्रकार जुड़ सकते हैं, समझाया गया।

# भाषा विश्वविद्यालय: उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस का भव्य आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस 24 जनवरी 2026 को अटल सभागार में अत्यंत उत्साह, गरिमा एवं सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं, उपलब्धियों एवं विशिष्ट पहचान को शैक्षणिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों द्वारा सजीव रूप में प्रदर्शित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों के आगमन एवं पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुआ, जो ज्ञान, प्रकाश एवं सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। इसके उपरांत अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ के दौरान डॉ शचींद्र शेखर द्वारा निर्मित उत्तर प्रदेश की गौरव गाथा का परिचय देते हुए एक चलचित्र का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए हिंदी एवं अंग्रेजी भाषण प्रस्तुत किए, जिनमें उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व को रेखांकित किया गया। छात्र-छात्राओं तथा डॉ. विभा सिंह द्वारा प्रस्तुत संगीतमय गायन ने वातावरण को सुरमय बना दिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कविता पाठ ने साहित्यिक चेतना को और समृद्ध किया।

सामाजिक सरोकारों पर आधारित नुक्कड़ नाटक ने जागरूकता का सशक्त संदेश दिया। डॉ. मजहर खालिक की विशेष गायन प्रस्तुति ने कार्यक्रम की सांस्कृतिक गरिमा को और ऊँचाई प्रदान की। डॉ. सिद्धार्थ सुदीप द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य पर दी गई जानकारीपूर्ण प्रस्तुति में प्रदेश की उपलब्धियों, विविधताओं एवं विकास यात्रा पर प्रकाश डाला गया। डॉ. शान-ए-फातिमा द्वारा प्रस्तुत कविता पाठ भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों द्वारा चार नृत्य प्रस्तुतियाँ (दो एकल एवं दो समूह) प्रस्तुत की गई, जिनमें उत्तर प्रदेश की लोक परंपराओं, कलाओं एवं सांस्कृतिक रंगों की सजीव झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मंजू शुक्ला, सेवानिवृत्त, पुलिस अधिकारी, इंटेलिजेंस ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस सांस्कृतिक पहल की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया।

## सपा का मतदाता संवर्धन अभियान आयोजित

**सुल्तानपुर।** समाजवादी पार्टी लम्भुआ में मतदाता जागरूकता संवर्धन अभियान की अध्यक्षता विधान सभा अध्यक्ष सत्य पाल ने किया जिसका संचालन हरीश ने किया। बैठक की मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य लीलावती कुशवाहा ने कहा कि भाजपा सरकार में हत्या, रेप डकैती, लूट जैसी घटनाओं से जनता छुटकारा चाहती हैं। कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे एसआईआर फॉर्म भरवाने में अपनी पूरी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के कथित षड्यंत्रों को बेनकाब सपा कार्यकर्ता करेंगे, कहा कि 18 वर्ष पूरे करने वाले हर युवा को मतदाता सूची में शामिल करवाना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। कुशवाहा ने जोर देकर कहा कि समाजवादी पार्टी के का बूथ अध्यक्ष फॉर्म 6 (नया नाम जोड़ने), फॉर्म 7 (संशोधन) और फॉर्म 8 (विलोपन) के माध्यम से मतदाता सूची को मजबूत करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि PDA की सरकार बनेगी जहां लूट, हत्या, सामूहिक रेप, डकैती से निजात मिलेगी। कुशवाहा ने जोर देकर कहा कि प्रदेश की जनता आशा भरी निगाहों से सारी उम्मीदें सापा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से जुड़ी हैं।

# यूपी दिवस पर गूंजा विकास का संदेश

- विकसित भारत में यूपी की अहम भूमिका
- उत्तर प्रदेश दिवस पर लाभार्थी सम्मानित
- संस्कृति और विकास का संगम : योगेंद्र उपाध्याय
- यूपी 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर
- ओडीओपी से बदली यूपी की पहचान

**अवधनामा संवाददाता**



**मैनपुरी।** विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश थीम पर आयोजित उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र, टूलकिट, आवास की चाबी, विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित करने के पश्चात उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने उत्तर प्रदेश केवल भारत का एक राज्य नहीं बल्कि यह भारत की आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक गौरव का केंद्र है। यह भूमि गंगा-यमुना की पुण्यधारा से सिंचित है, भारतीय संस्कृति का विश्व में शंखनाद करने वाला प्रदेश है। उन्होने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हम उस प्रदेश के वासी हैं, जहां भगवान विष्णु, श्रीकृष्ण, प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि स्थित है। भगवान श्रीराम ने उत्तर से दक्षिण तक यात्रा कर पूरे भारत को एक सूत्र में बांधा और समाज के वनवासी, गिरिवासी, आदिवासी तथा वंचित वर्गो को संगठित कर शक्ति का निर्माण किया, रावण जैसी सबसे बड़ी शक्ति को परास्त कर यह संदेश दिया कि संगठित समाज दुनिया की किसी भी ताकत को पराजित कर सकता है, भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश का मार्ग दिखाया, कुरुक्षेत्र के मैदान में उन्होंने अर्जुन को कर्म का महत्व समझाकर जीवन में संघर्ष और कर्तव्य का संदेश दिया, श्रीकृष्ण का यह उपदेश आज भी मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होने कहा कि भगवान शंकर का प्राकट्य केंद्र भी उत्तर प्रदेश है, भगवान शंकर ने पूरे भारत को ज्योतिर्लिंगों, शक्तिपीठों के माध्यम से एकता के सूत्र में बांधा। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश केवल धार्मिक भूमि नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता का भी प्रतीक है। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध ने पहला उपदेश सारनाथ में दिया और उन्होंने अंतिम सांस कुशीनगर में ली, जैन तीर्थंकरों की स्थली भी उत्तर प्रदेश है, यह प्रदेश ऋषि-मुनियों की तपस्थली रहा है, जहां भारद्वाज, वशिष्ठ, वाल्मीकि, विश्वामित्र, दुर्वासा, भृगु जैसे महान तपस्वियों ने साधना की, काशी विश्व की सबसे प्राचीन नगरी, नैमिषारण्य, शुक्रताल, प्रयागराज का संगम, अयोध्या, मथुरा, वृंदावन जैसे असंख्य तीर्थ स्थल उत्तर प्रदेश को अद्वितीय पहचान प्रदान करते हैं, यह भूमि केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना का भी केंद्र रही है।

## सभासद और सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष के बीच हुई कहासुनी

**शिकोहाबाद।** सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष और सभासद के बीच हुई कहासुनी के बाद आक्रोशित सफाई कर्मचारियों ने सफाई कार्य का बहिष्कार कर दिया और पालिका में एकत्रित होकर नारेबाजी। हड़ताल और सभासद व सफाई कर्मचारियों के विवाद की जानकारी होने पर पालिका पहुंचे चेयरमैन प्रतिनिधि ने दोनों पक्षों को बैठा कर मामला शांत करा दिया। इसके बाद कर्मचारियों ने हड़ताल वापस ले ली।

नगर के मुहल्ला बोझिया में दो दिन पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि ने क्षेत्र का दौरा किया था और इस दौरान साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में सफाई की समस्या को चेयरमैन प्रतिनिधि के सामने रखा। इस पर चेयरमैन प्रतिनिधि ने क्षेत्र में तैनात सफाई कर्मचारी को हटाने के निर्देश दिये। इसकी जानकारी होने पर सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष और सभासद के बीच हुआ मोबाइल फोन पर कहा सुनी हो गई। दोनों में खूब तड़का-भड़की हुई। जिसके बाद सभासदों ने एकत्रित होकर कोतवाली में सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष के विरुद्ध थाने में प्रार्थना पत्र दिया।

# एलोवेरा से करें सेंसिटिव स्किन की केयर, जानें इस्तेमाल का तरीका



**नई दिल्ली।** एलोवेरा जेल को आप सेंसेटिव स्किन पर बतौर मॉइश्चराइजर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप पौधे से एलोवेरा जेल निकाल लें। फेस वॉश के बाद आप थोड़ा सा जेल चेहरे पर लगाओ। इससे आपकी स्किन को दिनभर ठंडक और नमी मिलती रहेगी।

अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो ऐसे में आपको किसी भी प्रोडक्ट को बहुत ही सोच-समझकर इस्तेमाल करना होता है। अगर जरा सी भी लापरवाही बरती जाए तो इससे आपकी स्किन को बहुत अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। सेंसेटिव स्किन की केयर करने के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। यह ना केवल स्किन पर जेंटल होता है, बल्कि इससे स्किन को ठंडक भी मिलती है। साथ ही साथ, बिना किसी साइड इफेक्ट के यह आपकी स्किन को ठीक भी करता है। चाहे सनबर्न हो, रैश हो या पूरे दिन की थकान, एलोवेरा आपकी स्किन की हर समस्या से निजात दिला सकती है।

एलोवेरा का इस्तेमाल करना भी बेहद आसान है। आप घर पर ही एलोवेरा के पौधे से जेल निकालकर उसे इस्तेमाल कर सकते हैं। आप इससे फेस मास्क बना सकते हो, मिस्ट की तरह स्प्रे कर सकते हो या रोज़ मॉइस्चराइज़र की तरह भी लगा सकते हो। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि संसेटिव स्किन की केयर करने के लिए आप एलोवेरा जेल का इस्तेमाल किन तरीकों से कर सकते हैं- एलोवेरा जेल को आप सेंसेटिव स्किन पर बतौर मॉइश्चराइजर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप पौधे से एलोवेरा जेल निकाल लें। फेस वॉश के बाद आप थोड़ा सा जेल चेहरे पर लगाओ। इससे आपकी स्किन को दिनभर ठंडक और नमी मिलती रहेगी। एलोवेरा जेल गर्मी के दिनों में आपकी स्किन के लिए एक बेहतरीन फेस मिस्ट भी साबित हो सकता है। इसके लिए आप 1 हिस्सा एलोवेरा जेल .2 हिस्से गुलाब जल लेकर मिक्स कर लें। अब इसे स्प्रे बोतल में भर लो।

# स्किन टोन के हिसाब से चुने अपना लहंगा, जानिए कौन सा कलर कॉम्बिनेशन रहेगा बेस्ट

**नई दिल्ली।** अगर आप बिना सोचे समझे लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन को पहनती हैं, तो यह आपके पूरे लुक को बिगाड़ सकता है। हर स्किन टोन का अपना कलर होता है, जो उनपर अच्छा लगता है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि स्किन टोन के आधार पर आप लहंगे के कलर के किन कॉम्बिनेशन का चुनाव कर सकती हैं।

जब भी स्टाइलिश दिखने की बात होती है, तो हम सभी ट्रेंड के पीछे भागते हैं। लेकिन जरूरी नहीं होता है कि एक ही ट्रेंड सभी पर फिट बैठे। अगर आप किसी खास मौके पर लहंगा पहनने का मन बना रही हैं, तो सिर्फ ट्रेंड को फॉलो करते हुए कलर कॉम्बिनेशन नहीं चुनना चाहिए। बल्कि ऐसे रंगों का चुनाव करना चाहिए, जो आपकी स्किन टोन के साथ फिट बैठे। जिससे आपके लुक में निखार आए।





बता दें कि अगर आप बिना सोचे समझे लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन को पहनती हैं, तो यह आपके पूरे लुक को बिगाड़ सकता है। हालांकि लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन के ऑप्शन में कोई कमी नहीं है। इसके लिए जरूरी है कि आप अपने लिए सही कलर कॉम्बिनेशन चुनें। हर स्किन टोन का अपना कलर होता है, जो उनपर अच्छा लगता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि स्किन टोन के आधार पर आप लहंगे के कलर के किन कॉम्बिनेशन का चुनाव कर सकती हैं। अगर आपकी रंगत फेयर है तो आप लाइट और डार्क शेड्स दोनों ही पहन सकती हैं। हालांकि कुछ रंग आपकी रंगत को फीका दिखा सकते हैं। इसलिए आपको बहुत ज्यादा क्रीम, बेज या फिर सुपर ब्राइट नियॉन शेड्स से बचना चाहिए। फेयर स्किन टोन के लिए आपको मैरून, डीप पर्पल, नेवी, लैवेंडर, एमरेल्ड ग्रीन, रॉयल ब्लू, ब्लश पिंक, पीच, आइसी ब्लू और पाउडर पिंक या फिर गोल्ड व सिल्वर कलर पहनना चाहिए। इसमें आप बहुत ज्यादा खूबसूरत नजर आएंगी। वहीं अगर आप परफेक्ट कलर कॉम्बिनेशन वाला लहंगा पहनना चाहती हैं, तो आप एमरेल्ड ग्रीन के साथ गोल्ड, सिल्वर, डीप ब्लू या फिर ब्लश पिंक के अलावा रोज गोल्ड पहन सकती हैं। मीडियम स्किन टोन एक बेहद वर्सेटाइन स्किन टोन है। इसके कलर कॉम्बिनेशन में आपके पास ऑप्शन की कमी नहीं होगी। इस स्किन टोन वाली महिलाएं ऑलिव ग्रीन, रूबी रेड, मिंट ग्रीन, मस्टर्ड, डीप रेड, डस्की पिंक जैसे कलर्स कैरी कर सकती हैं। प्रयास करें कि आप अधिक लाइट पेस्टल शेड्स या फिर नियॉन ग्रीन, नियॉन येलो जैसे रंगों को इग्नोर करें। अगर आप लहंगे में कलर कॉम्बिनेशन पहनना चाहती हैं, तो आप रॉयल ब्लू के साथ सिल्वर, डीप रेड के साथ गोल्ड या फिर ऑलिव ग्रीन के साथ ब्रॉन्ज जैसे कलर्स को साथ में पेयर कर सकती हैं। इस स्किन टोन वाली महिलाएं ब्राइट और बोल्ड कलर्स को अपने स्टाइल का हिस्सा बना सकती हैं। ऐसे में आप कोबाल्ट ब्लू, ब्राइट रेड, हॉट पिंक, मैजेंटा, टैंगरीन से लेकर चॉकलेट ब्राउन, मस्टर्ड, डीप ग्रीन या एमरेल्ड को अपने रूटीन में शामिल कर सकती हैं। डस्की स्किन टोन वाली महिलाएं बेबी पिंक, बेज, पाउडर ब्लू, ग्रे और सिल्वर जैसे शेड्स अच्छे नहीं लगते हैं।

# छोटे कद की लड़कियां पहनना चाहती हैं बोल्ड प्रिंट, इन टिप्स को ना करें नजरअंदाज



**नई दिल्ली।** अगर आप बोल्ड प्रिंट्स पहनना चाहती हैं तो ऐसे में आपको इसके साइज पर ध्यान देना चाहिए। बहुत बड़े प्रिंट्स देखने में तो अच्छे लगते हैं, लेकिन छोटे कद पर ये भारी लग सकते हैं। ऐसे में छोटे या मीडियम साइज़ के बोल्ड प्रिंट्स पहनें। ये स्टाइलिश भी लगते हैं और शरीर पर हावी भी नहीं होते।

बोल्ड प्रिंट्स आपके लुक को एकदम से निखार सकते हैं। लेकिन अगर आपकी हाइट थोड़ी कम है, तो कभी-कभी ऐसा लग सकता है कि ये पैटर्न आपको ढक सकते हैं। लेकिन छोटी हाइट का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि आप ब्राइट और मज़ेदार प्रिंट्स से खुद को दूर रखें। बस जरूरत होती है सही स्टाइलिंग की। एक परफेक्ट स्टाइलिंग के साथ, ये बोल्ड प्रिंट्स आपको ज़्यादा लंबा, कॉन्फिडेंट और ट्रेंडी भी दिखा सकते हैं।

बस थोड़े से प्रॉपोर्शन्स से खेलकर और सही प्रिंट्स को चुनकर आप अपनी बॉडी को छुपाने की बजाय निखारें। चाहे वो फ्लोरल्स हों, स्ट्राइप्स हों या कुछ हटके जियोमैट्रिक डिज़ाइन्स, हर तरह के प्रिंट्स को आप अपने लिए काम में ला सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे स्टाइलिंग टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप छोटे कद में भी बोल्ड प्रिंट्स को स्टाइल कर सकती हैं-

अगर आप बोल्ड प्रिंट्स पहनना चाहती हैं तो ऐसे में आपको इसके साइज पर ध्यान देना चाहिए। बहुत बड़े प्रिंट्स देखने में तो अच्छे लगते हैं, लेकिन छोटे कद पर ये भारी लग सकते हैं। ऐसे में छोटे या मीडियम साइज़ के बोल्ड प्रिंट्स पहनें। ये स्टाइलिश भी लगते हैं और शरीर पर हावी भी नहीं होते। इसलिए, बहुत बड़े फ्लोरल प्रिंट की बजाय थोड़ा छोटे फ्लोरल प्रिंट्स चुनें, जो कॉन्ट्रास्ट कलर में हों और सॉलिड बैकग्राउंड पर हों।

अगर आप बोल्ड प्रिंट में भी अपनी हाइट को लंबा दिखाना चाहती हैं तो ऐसे में वर्टिकल प्रिंट्स को चुनें। ऊपर से नीचे जाने वाले लाइन वाले प्रिंट्स जैसे वर्टिकल स्ट्राइप्स आपको लंबा दिखाते हैं। वर्टिकल प्रिंट वाला कुर्ती-पैंट सेट या को-ऑर्ड सेट पहनना परफेक्ट रहेगा।

यह एक बेहद ही छोटा लेकिन अच्छा तरीका है बोल्ड प्रिंट्स में लंबा नजर आने का। ध्यान रखें कि बोल्ड प्रिंट्स वैसे ही ध्यान खींचते हैं। अगर कपड़ा बहुत ढीला या बहता हुआ हो, तो लुक बिगड़ सकता है। इसलिए फिटिंग वाले टॉप्स, बेल्ट वाली ड्रेस या स्ट्रेट फिट बॉटम्स पहनें ताकि बैलेंस बना रहे।

कुछ ड्रेस में प्रिंट नीचे की ओर ज्यादा होता है या रैंडम फैला होता है। ऐसे कपड़े चुनें जिनमें प्रिंट बॉडी को फ्लैटर करे, जैसे कंधों के पास हल्का प्रिंट और नीचे डार्क।

# सफर में हों या ऑफिस हर महिला के बैग में होने चाहिए ये मेकअप प्रोडक्ट्स, दिनभर बना रहेगा ग्लो

**नई दिल्ली।** अगर आपके पास समय कम है और आप अपनी स्किन को हेल्दी और सुंदर बनाए रखना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। ऐसे आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे ब्यूटी प्रोडक्ट्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें आपको अपनी पर्स में जरूर रखना चाहिए।

ब्यूटी की मतलब सिर्फ मेकअप से नहीं होता है, बल्कि हर तरफ से अपने फेस को सही रखना होता है। जब भी हम कहीं बाहर जाने का प्लान करते हैं, तो सोचते हैं कि बैग में ऐसा क्या रखें कि हमारा चेहरा सुंदर दिखे। लेकिन अगर आपके पास समय कम है और आप अपनी स्किन को हेल्दी और सुंदर बनाए रखना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। ऐसे आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे ब्यूटी प्रोडक्ट्स के बारे में बताने जा रहे



हैं, जिन्हें आपको अपनी पर्स में जरूर रखना चाहिए।

सफर के दौरान फेस की खूबसूरती को बनाए रखने के लिए सबसे जरूरी स्किन को साफ रखना होता है। दिनभर की धूल-मिट्टी, ऑयल और मेकअप हटाने के लिए सबसे अच्छा फेस वॉश या क्लींजर जरूरी है। इसलिए आप अपनी स्किन टाइप का क्लींजर और फेस वॉश जरूर रखें।

बाहर की धूप और धूल की वजह से फेस पर गंदगी की परत जम जाती है। इसलिए आप अपनी पर्स में फेस मास्क जरूर रखें। यह आपकी स्किन को हाइड्रेटेड रखता है। फेस के साथ-साथ होंठों की देखभाल करना बेहद जरूरी है। ड्राय और फटे होंठ दर्द देते हैं। साथ ही फटे होंठ हमारे लुक को भी खराब कर देते हैं। इसलिए अपनी पर्स में लिप बाम जरूर रखें। आप विटामिन श्व और स्क्का युक्त लिप बाम का इस्तेमाल कर सकते हैं।

स्किन को कोमल और मुलायम बनाए रखने के लिए आपको अपनी पर्स में मॉइस्चराइजिंग क्रीम रखना चाहिए। इसलिए बाहर जाते समय इसको लेना न भूलें।

रात में हमारी स्किन रिपेयर होती है, इसलिए रात में सोने से पहले आपको किसी अच्छी नाइट क्रीम या सीरम अपनी स्किन पर जरूर लगानी चाहिए। इससे अगली सुबह आपका फेस फ्रेश और ग्लोइंग रहेगा।

## हाथों की ढीली स्किन बनेगी कोमल और मुलायम, टाइट और शाइनी बनेगी त्वचा

**नई दिल्ली।** अगर आप भी हाथों की स्किन को टाइट और सुंदर करना चाहते हैं, तो हम आपको कुछ चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल आप सप्ताह में आप 2 दिन इस्तेमाल कर सकती हैं। जिससे आपके हाथों की स्किन टाइट होगी और हाथ भी सुंदर दिखेंगे।

आजकल की भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल की वजह से खानपान और त्वचा से जुड़ी समस्याएं शुरू हो जाती हैं। स्किन केयर के लिए महिलाएं कई महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन हाथों की केयर करने के बारे में भूल जाती हैं। जिसकी वजह से हाथों की स्किन ढीली और बेजान नजर आने लगती हैं। इस वजह से महिलाएं उम्र से पहले बूढ़ी नजर आने लगती हैं। ऐसे में अगर आप भी हाथों की स्किन को टाइट और सुंदर करना चाहते हैं, तो हम आपको कुछ चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल आप सप्ताह में आप 2 दिन इस्तेमाल कर सकती हैं। जिससे आपके हाथों की स्किन टाइट होगी और हाथ भी सुंदर दिखेंगे।

बता दें कि बादाम स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है और बादाम का तेल स्किन के लिए लाभकारी होता है। बादाम के तेल में कई गुण और विटामिन पाए जाते हैं। बादाम का तेल स्किन की नमी बनाए रखने और त्वचा में कसाव लाने का काम करता है।

एलोवेरा जेल में कई सारे गुण पाए जाते हैं और यह सभी गुण त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं। एलोवेरा जेल में एंटी-ऑक्सीडेंट और मॉइस्चराइजिंग गुण पाए जाते हैं। जोकि स्किन पर ग्लो लाने का काम करते हैं। साथ ही यह स्किन को टाइट और कोमल बनाने में सहायता करते हैं।

सबसे पहले हाथों को अच्छे से साफ कर लें। उसके बाद एलोवेरा पत्ते से जेल निकालें अब इस जेल को हाथों पर अप्लाई करें और फिर 20 मिनट बाद अपने हाथों को ठंडे पानी से धो लें। इस उपाय को सप्ताह में दो बार करना चाहिए।

# एजिंग स्किन की केयर कर सकती है सौंफ, बस इन तरीकों से करें इस्तेमाल



**नई दिल्ली।** स्किन को टाइटन करने से लेकर उसके टेक्सचर को बेहतर बनाने और स्किन के नेचुरल ग्लो को बढ़ाने में सौंफ मददगार साबित हो सकती है। यह अपनी स्किन का ख्याल रखने का एक नेचुरल और बजट फ्रेंडली तरीका है।

सौंफ को डाइजेशन के लिए काफी अच्छा माना जाता है। लेकिन बहुत कम लोगों को इस बात की जानकारी है कि सौंफ आपकी स्किन के लिए भी उतनी ही फायेदमंद है। खासतौर से, सौंफ आपकी स्किन को लंबे समय तक यंगर बनाए रखने में मददगार है। दरअसल, सौंफ में एंटी-ऑक्सीडेंट्स, विटामिन सी और कई ज़रूरी मिनरल्स पाए जाते हैं, जो फ्री रेडिकल्स से लड़ते हैं, जो स्किन की झुर्रियों, ढीलापन और बेजानपन के पीछे का बड़ा कारण होते हैं।

यही वजह है कि अपनी स्किन को टाइटन करने से लेकर उसके टेक्सचर को बेहतर बनाने और स्किन के नेचुरल ग्लो को बढ़ाने में सौंफ मददगार साबित हो सकती है। यह अपनी स्किन का ख्याल रखने का एक नेचुरल और बजट फ्रेंडली तरीका है। इतना ही नहीं, आप इसे अपने स्किन केयर रूटीन में कई अलग-अलग तरीकों से शामिल भी कर सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि एजिंग स्किन की देखभाल के लिए आप सौंफ को किस तरह इस्तेमाल कर सकते हैं- यह एक नेचुरल एंटी-एजिंग टोनर की तरह काम करता है। सौंफ के बीज में फ्लेवोनॉयड्स और विटामिन सी होते हैं, जो स्किन को टाइटन करने, फाइन लाइन्स को कम करने और स्किन की रंगत को एकसमान बनाने में मदद करते हैं।

1 चम्मच सौंफ के बीज को 1 कप गर्म पानी में 30 मिनट तक भिगोकर रखें। फिर छानकर इसे स्प्रे बोतल में भरकर फ्रिज में रखें। इसे चेहरे पर ताजगी देने वाले मिस्ट या टोनर के रूप में इस्तेमाल करें।

सौंफ फ्री रेडिकल्स से लड़ने के साथ-साथ कोलेजन को बढ़ाता है, जबकि दही स्किन को हाइड्रेट करती है और लैक्टिक एसिड की मदद से हल्के से एक्सफोलिएट करता है। यह मिश्रण स्किन को ताजगी और चमक देता है। चम्मच सौंफ के बीज को पीसकर पाउडर बना लें। इसे 1 चम्मच दही के साथ मिला लें और चेहरे पर लगाएं। 15-20 मिनट तक लगा रहने दें और फिर धो लें।यह स्क्रब डेड स्किन सेल्स को हटाने और ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने में मदद करता है। जिसकी वजह से आपकी स्किन ज्यादा चमकदार और जवां दिखने लगती है। सौंफ के एंटी-एजिंग गुण समय के साथ उम्र के धब्बों को कम करने में मदद करते हैं। एक चम्मच सौंफ के बीज को मोटे तौर पर पीसकर शहद या एलोवेरा जेल में मिला लें और इसे एक हल्के स्क्रब के रूप में हफ्ते में एक बार इस्तेमाल करें।

# बसंती हवाओं में रूखी हो गई है स्किन तो फॉलो करें ये टिप्स, ग्लोइंग और हाइड्रेटेड रहेगी त्वचा



**नई दिल्ली।** स्किन को खूबसूरत और स्वस्थ बनाए रखने के लिए जरूरी है कि आप अपनी स्किन केयर रूटीन में कुछ बदलाव करें। इन स्किन केयर रूटीन को फॉलो कर आपकी स्किन न सिर्फ रूखेपन से बच सकती है, बल्कि इससे स्किन ग्लोइंग और हाइड्रेटेड रहेगी। बसंत का मौसम आने पर बड़ा बदलाव होता है, लेकिन यह बदलाव स्किन के लिए चुनौतीपूर्ण होता है। इस मौसम में बसंती हवाएं हमारी स्किन की नमी को छीन लेती हैं, जिससे हमारी त्वचा बेजान, रूखी और संवेदनशील हो जाती है। स्किन को खूबसूरत और स्वस्थ बनाए रखने के लिए जरूरी है कि आप अपनी स्किन केयर रूटीन में कुछ बदलाव करें। इन स्किन केयर रूटीन को फॉलो कर आपकी स्किन न सिर्फ रूखेपन से बच सकती है, बल्कि इससे स्किन ग्लोइंग और हाइड्रेटेड रहेगी। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे स्किन स्किन केयर टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं।

इस मौसम में स्किन की नमी को बनाए रखना जरूरी होता है। इसलिए पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और स्किन को हाइड्रेटेड रखने के लिए हाइड्रेटिंग प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें। आप स्किन को हेल्दी और नमी बनाए रखने के लिए ह्युलोरोनिक एसिड युक्त सीरम या फिर मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें। यह स्किन में नमी बनाए रखता है। इसलिए रोजाना रात में सोने से पहले गहरी मॉइस्चराइजिंग क्रीम लगाएं, जिससे आपकी स्किन रातभर रिपेयर हो सके।

मौसम बदलने के साथ ही आपको स्किन की सफाई के तरीके में भी बदलाव करना चाहिए। इस दौरान स्किन को रसायनों से भरे क्लींजर से धोने से बचना चाहिए। इसलिए आप प्राकृतिक क्लींजर का इस्तेमाल करें, जो स्किन को गहराई से साफ करें और स्किन में नमी बरकरार रखें।

बता दें कि रूखी स्किन में डेड स्किन सेल्स अधिक जमा हो जाते हैं। जिसकी वजह से हमारी स्किन बेजान दिखती है। इसलिए सप्ताह में एक बार स्क्रब से स्किन को एक्सफोलिएट करें। जिससे स्किन पर जमा डेड स्किन सेल्स हटेंगे और नई त्वचा को सांस लेने का मौका मिलेगा।

रात के समय हमारी स्किन को देखभाल की खास जरूरत होती है। इसलिए रोजाना रात में सोने से पहले सीरम या फिर अच्छे फेस ऑयल का इस्तेमाल करें। विटामिन-ई और सी युक्त प्रोडक्ट्स स्किन की मरम्मत में सहायता करते हैं और स्किन को कोमल और नरम बनाता है।

बसंत के मौसम में सूरज की किरणें हमारी स्किन पर गहरा असर डालती हैं। इसलिए बाहर निकलने से पहले हमेशा सनस्क्रीन जरूर लगाएं। आप 30 स्कस्न या उससे अधिक वाले ब्रॉड स्पेक्ट्रम सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। यह आपक ी स्किन को यूवी किरणों से बचाने के साथ डार्क स्पॉट्स और एजिंग से भी सुरक्षित रखेगा।

स्किन को नेचुरल रूप से पोषण देने के लिए होममेड फेस पैक का इस्तेमाल करें। इसलिए आप शहद और दही का पैस लगा सकते हैं। दरअसल, दही स्किन को मॉइस्चराइज करता है और शहद स्किन पर चमक बनाए रखता है। इसलिए इस फेसपैक को फेस पर अप्लाई करें और फिर 20 मिनट बाद धो लें।

बसंती मौसम में स्किन पर कठोर रसायन युक्त प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इसकी जगह आप नेचुरल और सौम्य प्रोडक्ट्स को प्राथमिकता दें। अगर आपकी स्किन अधिक सेंसिटिव है, तो स्किन एक्सपर्ट से परामर्श लें और उनकी सलाह पर प्रोडक्ट का चयन करें।

# गर्मियों में ट्राई करें 4 लाइट कलर के खूबसूरत कुर्ता सेट, एलिगेंट लगेगा आपका लुक





**नई दिल्ली।** इस गर्मी में भी आप अपने लुक को एलिगेंट बना सकती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे कुर्ता सेट के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको ट्राई करके आप गर्मियों के मौसम में अपना कूल लुक क्रिएट कर सकती हैं। गर्मियों का मौसम शुरू हो चुका है। वहीं तेज धूप के कारण और गर्मी से बचने के लिए लड़कियां ढीले और हल्के कपड़े पहनना पसंद करती हैं। वहीं अगर आप भी गर्मियों के मौसम में खूबसूरत आउटफिट की तलाश कर रही हैं, तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि इस गर्मी में भी आप अपने लुक को एलिगेंट बना सकती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे कुर्ता सेट के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको ट्राई करके आप गर्मियों के मौसम में अपना कूल लुक क्रिएट कर सकती हैं। अगर आप गर्मी के मौसम में रोजाना ऑफिस या कॉलेज जाती है और ऐसे में कंफर्टेबल आउटफिट पहनना पसंद कर रही है, तो आपके लिए यह स्टाइलिश लाइट पर्पल कलर स्ट्रेट कुर्ता बेस्ट हो सकता है। इस कुर्ते के साथ आप वाइट कलर की पेंट या प्लाजो शामिल कर सकती हैं। यह कुर्ता आपको ऑनलाइन 700 रुपए तक मिल जाएगा।

अगर आप गर्मियों में कोई फंक्शन अटेंड करने वाली हैं, या फिर आप कंफर्टेबल कुर्ता देख रहे हैं।

तो आप राउंड नेक स्ट्रेट कट स्टाइल कुर्ता कैरी कर सकती हैं। इसके साथ आप वाइट कलर की पैंट या फिर प्लाजो पहनकर अपने लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। इसको आप 700 रुपए तक ऑनलाइन खरीद सकती हैं।

अपने लुक को एलिगेंट टच देने और तेज गर्मी से बचने के लिए इस तरह के लाइट ब्लू वी नेक कुर्ता ट्राई कर सकती हैं। आप ऑफिस या कॉलेज भी इस तरह के कुर्ते पहनकर जा सकती हैं। इसके साथ आप एक्सेसरीज और हेयर स्टाइल बनाकर अपने लुक को एलिगेंट टच दे सकती हैं। यह कुर्ता आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगा। ऑनलाइन खरीदने पर यह ुर्ता आपको 700 रुपए तक मिल जाएगा।

गर्मियों में आप राउंड नेक ब्लू कलर स्ट्रेट कुर्ते भी कैरी कर सकती हैं। इस तरह के कुर्ते को आप वाइट पेंट या प्लाजो के साथ पेयर कर अपने लुक को खूबसूरत बना सकती हैं। आप चाहें तो इस कुर्ते को एक्सेसरीज में भी शामिल कर सकती हैं। इसको आप ऑफिस या फिर कॉलेज के अलावा किसी फंक्शन में भी ट्राई कर सकती हैं। आप ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों जगहों से यह कुर्ता खरीद सकती हैं।

अवधनामा

लखनऊ, रविवार 25 जनवरी 2026



## पृथ्वी की खिसकती प्लेटों की चाल ने जलवायु को सबसे ज्यादा बदला



**नई दिल्ली।** नए अध्ययन में खुलासा हुआ है कि पृथ्वी की टेक्टोनिक प्लेटों की गति ने वायुमंडलीय कार्बन और जलवायु बदलाव को करोड़ों वर्षों तक नियंत्रित किया। पृथ्वी के इतिहास में जलवायु ने कई बार अत्यधिक ठंडे आइसहाउस दौर से लेकर बेहद गर्म ग्रीनहाउस अवस्थाओं तक की यात्रा की है। अब तक वैज्ञानिक इन बदलावों को मुख्य रूप से वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड के उतार चढ़ाव से जोड़ते रहे हैं, लेकिन एक नया अध्ययन बताता है कि इस कार्बन का स्रोत और उसे नियंत्रित करने वाली ताकतें कहीं अधिक जटिल हैं। पृथ्वी की सतह के नीचे खिसकती टेक्टोनिक प्लेटें जलवायु परिवर्तन में पहले से कहीं बड़ी भूमिका निभा रही हैं। खासकर वे स्थान जहां प्लेटें अलग होती हैं। जर्नल कम्युनिकेशन्स, अर्थ एंड एनवायरनमेंट में प्रकाशित इस नए शोध में वैज्ञानिकों ने बताया है कि पृथ्वी की टेक्टोनिक्स प्लेटों ने पिछले 540 मिलियन वर्षों में वैश्विक जलवायु को किस तरह आकार दिया। अध्ययन के अनुसार कार्बन केवल वहीं नहीं निकलता जहां टेक्टोनिक प्लेटें टकराती हैं, बल्कि उन क्षेत्रों में भी बड़ी मात्रा में भूमिका निभाता है जहां प्लेटें एक-दूसरे से दूर खिसकती हैं।

जहां टेक्टोनिक प्लेटें आपस में मिलती हैं, वहां ज्वालामुखियों की कतारें बनती हैं, जिन्हें ज्वालामुखीय चाप कहा जाता है। इन ज्वालामुखियों से जुड़ी पिघलन प्रक्रिया चट्टानों में लंबे समय से बंद कार्बन को मुक्त कर वायुमंडल में छोड़ती है। शोध के अनुसार वे क्षेत्र जहां टेक्टोनिक प्लेटें फैलती हैं भूगर्भीय समय में पृथ्वी के कार्बन चक्र को चलाने में कहीं अधिक अहम रहे हैं।

# किसी को भी हमें राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ाने की जरूरत नहीं: सीएम स्टालिन

**सम्मान**

**वे बार-बार एक ही मुद्दे पर आपत्ति जताकर सदन से चले जाते हैं। मेरे मन में देश और राष्ट्रगान के प्रति गहरा सम्मान है।**



**चेन्नई।** तमिलनाडु में सरकार और राज्यपाल के बीच की तनातनी लगातार जारी है। हाल ही में भी राज्यपाल विधानसभा सत्र की शुरुआत में राष्ट्रगान न गाए जाने से नाराज होकर वॉक आउट कर गए थे। अब इसे लेकर सीएम ने जमकर भड़ास निकाली और कहा कि किसी को भी डीएमके को राष्ट्रवाद सिखाने की जरूरत नहीं है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने दावा किया है कि राज्यपाल आरएन रवि विधानसभा के संयुक्त सत्र में कैबिनेट द्वारा मंजूर भाषण को न पढ़कर गवर्नर पद का अपमान कर रहे हैं। शनिवार को तमिलनाडु विधानसभा में सीएम स्टालिन ने राज्यपाल की आलोचना की। हाल ही में तमिलनाडु विधानसभा के संयुक्त सत्र की शुरुआत में राष्ट्रगान न बजाए जाने पर राज्यपाल सत्र को संबोधित किए बिना ही सदन से चले गए थे, जिसे लेकर खूब विवाद हुआ। शनिवार को इस मुद्दे पर बोलते हुए सीएम स्टालिन ने कहा, राज्यपाल,सरकार के खिलाफ काम कर रहे हैं। वे बार-बार एक ही मुद्दे पर आपत्ति जताकर सदन से चले जाते हैं। मेरे मन में देश और राष्ट्रगान के प्रति गहरा सम्मान है। किसी को भी हमें राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ाने की जरूरत नहीं है। विधानसभा सत्र की शुरुआत में तमिल थाई वझाथु गाने की परंपरा रही है और सत्र के अंत में राष्ट्रगान गाया जाता है। सीएम ने कहा, द्रवड़ियन मॉडल की सरकार की उपलब्धियों के चलते तमिलनाडु का सिर ऊंचा है। तमिलनाडु अन्य राज्यों की तुलना में ज्यादा विकसित हुआ है। इसका कारण हमारी योजनाएं हैं। एक के बाद एक उपलब्धियां हासिल करना डीएमके सरकार की पहचान है। राज्यपाल को लेकर सीएम ने कहा, मैं ये संकट झेल रहा हूं, लेकिन मेरे पहले के मुख्यमंत्रियों सीएन अन्नादुरई, एम करुणानिधि, एमजी रामचंद्रन और जे जयललिता आदि ने इस संकट को नहीं झेला था।

राज्यपाल कैबिनेट द्वारा मंजूर भाषण को न पढ़कर और सत्र की शुरुआत में राष्ट्रगान गाए जाने की जिद करके अपने पद का अपमान कर रहे हैं।

स्टालिन ने कहा, हम किसी के भी राष्ट्रवाद से घबरा नहीं रहे हैं और हमें राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ाने की भी जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि ये संकट उनके लिए नया नहीं है और वे पहले भी कई तरह की चुनौतियां झेल चुके हैं।

सीएम ने कहा कि राज्य में अपराध का ग्राफ कम हो रहा है और पिछली एआईएडीएमके सरकार की तुलना में ये डीएमके सरकार में नीचे आया है।

## धरती पर हर साल खोजी जा रहीं 16 हजार से ज्यादा नई प्रजातियां



**नई दिल्ली।** एक नए अध्ययन में सामने आया है कि वैज्ञानिक हर साल 16,000 से अधिक नई प्रजातियां खोज रहे हैं। यह दर विलुप्त होती प्रजातियों से कहीं ज्यादा है। वैज्ञानिक हर साल औसतन 16,000 से अधिक नई प्रजातियों की पहचान कर रहे हैं। यह न केवल अब तक की सबसे तेज रफ्तार है, बल्कि इस बात का संकेत भी है कि धरती पर जीवन की वास्तविक विविधता अभी भी बड़े पैमाने पर अज्ञात बनी हुई है। यह खोजें ज्ञान-वृद्धि के साथ संरक्षण, चिकित्सा और तकनीकी विकास के लिए भी निर्णायक साबित हो रही हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ एरिजोना के नेतृत्व में किया गया अध्ययन अंतरराष्ट्रीय जर्नल साइंस एडवांसेज में प्रकाशित हुआ है। अध्ययन में वैज्ञानिकों ने करीब 20 लाख ज्ञात प्रजातियों का विश्लेषण किया। निष्कर्ष बताते हैं कि 2015 से 2020 के बीच हर साल औसतन 16,000 से अधिक नई प्रजातियां वैज्ञानिक रूप से दर्ज की गईं। इनमें 10,000 से अधिक जानवर शामिल हैं, जिनका बड़ा हिस्सा कीटों और अन्य आर्थ्रोपॉड्स का है। इसके अलावा हर साल औसतन 2,500 नई पौधों की प्रजातियां और लगभग 2,000 नई फफूंद प्रजातियां भी दर्ज की गईं। शोधकर्ताओं के अनुसार यह धारणा गलत साबित हो रही है कि नई प्रजातियों की खोज की रफ्तार धीमी पड़ गई है। अध्ययन की एक अहम बात यह है कि नई प्रजातियों की खोज की गति, प्रजातियों के विलुप्त होने की दर से कहीं अधिक है। अक्टूबर 2025 में प्रकाशित एक अन्य शोध के अनुसार हर साल औसतन लगभग 10 प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं, जबकि इसके मुकाबले हजारों नई प्रजातियां वैज्ञानिक रिकॉर्ड में दर्ज की जा रही हैं। नई प्रजातियों की पहचान केवल अकादमिक रुचि का विषय नहीं है। प्रोफेसर वाइन्स के अनुसार किसी भी प्रजाति के संरक्षण की पहली शर्त उसका वैज्ञानिक रूप से दर्ज होना है। जब तक किसी जीव का अस्तित्व आधिकारिक रूप से स्वीकार नहीं किया जाता, तब तक उसे बचाने की नीतियां भी नहीं बन सकतीं। इसके अलावा, जैव-विविधता चिकित्सा और तकनीक के लिए भी अनमोल संसाधन है। वजन घटाने की लोकप्रिय दवाओं में इस्तेमाल होने वाला जीएलपी-1 हार्मोन गिला मॉन्स्टर नामक छिपकली से प्रेरित है। इसी तरह मकड़ियों और सांपों के जहर तथा कई पौधे और फफूंद दर्द, कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज में उपयोगी साबित हो रहे हैं। कुछ जीवों की अनोखी क्षमताएं तकनीकी नवाचारों को भी प्रेरित कर रही हैं, जैसे गेको छिपकली के अत्यधिक चिपकने वाले पैर, जिनसे दीवारों पर चढ़ने वाले नए पदार्थ विकसित किए जा रहे हैं।

## 3000 साल पुराने हैं भारत-ईरान के रिश्ते, चाबहार पर काम अच्छे से होगा, ईरानी प्रतिनिधि

**नई दिल्ली।** भारत और ईरान के रिश्ते बहुत मजबूत ऐतिहासिक और सांस्कृतिक आधार पर टिके हैं। ये कहना है ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि अब्दुल मजीद हकीम इलाही का, जिन्होंने ये भी कहा कि चाबहार परियोजना दोनों देशों के लिए फायदेमंद है और वे चाहते हैं कि यह बिना किसी रुकावट के आगे बढ़े। ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने भारत और ईरान के रिश्तों को लेकर सकारात्मक बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि चाबहार बंदरगाह परियोजना पर काम अच्छे तरीके से आगे बढ़ेगा और भारत-ईरान के संबंध भविष्य में और मजबूत होंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि दोनों देश आपसी सहयोग और समझदारी के साथ इस परियोजना को सफल बनाएंगे। एएनआई को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि भारत और ईरान के रिश्ते बहुत पुराने हैं, इस्लाम के आने से भी लगभग 3,000 साल पहले से दोनों सभ्यताओं के बीच संपर्क रहा है।

## गुजरात में खैर की लकड़ी तस्करों पर प्रवर्तन निदेशालय का शिकांजा, 11.3 करोड़ रुपये अचल संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** गुजरात में प्रवर्तन निदेशालय को बड़ी सफलता मिली है। अधिकारियों ने खैर की लकड़ी तस्करी मामले में 11.3 करोड़ रुपये अचल संपत्ति को जब्त किया है। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों को गुजरात में मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में एक बड़ी सफलता मिली है। अधिकारियों के अनुसार गुजरात के पंचमहल जिले के गोधरा शहर में खैर की लकड़ी तस्करी रैकेट के बारे में जानकारी मिली। ईडी ने छापा मारकर 11.3 करोड़ रुपये की 14 अचल संपत्तियों को जब्त किया है। ईडी ने जानकारी दी कि इन संपत्तियों को मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत जब्त किया गया है। इस मामले में मुश्ताक आदम तासिया और मोहम्मद ताहिर हुसैन को आरोपी बताया गया है।

# कुछ लोग ठाकरे का नाम मिटाने की ताक में, मंसूबे सफल नहीं होंगे: पूर्व मुख्यमंत्री धनबल

**दर्ज**

**15 जनवरी को हुए बीएमसी चुनाव के बाद आई है। इन चुनावों में भाजपा ने 227 में से 89 सीट पर जीत दर्ज की और सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी।**



**मुंबई।** बीएमसी चुनाव में हार के बाद पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) केवल एक सियासी पार्टी नहीं, बल्कि एक विचार है और भाजपा इसे खत्म नहीं कर सकती। उन्होंने बाल ठाकरे की जन्मशती पर पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि ठाकरे नाम को मिटाने की कोशिशें की जा रही हैं। उद्धव ठाकरे ने क्या कहा, पढ़िए- बृहन्मुंबई महानगरपालिका चुनाव में हार का सामना करने के कुछ दिनों बाद शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) यह सोच रही है कि वह उनकी पार्टी को खत्म कर सकती है, तो यह उसकी बड़ी भूल है। उन्होंने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) केवल एक राजनीतिक पार्टी नहीं, बल्कि एक विचार है। अपने पिता और शिवसेना (अविभाजित) के संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे की जन्मशती के मौके पर शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में उद्धव ठाकरे ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कई लोग ठाकरे नाम को मिटाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ऐसा कभी नहीं हो पाएगा। उद्धव से पहले मंच पर बोलते हुए उनके चचेरे भाई और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने कहा कि राज्य की राजनीतिक स्थिति गुलामों के बाजार जैसी है। कल्याण-डोंबिवली नगर निगम समेत हाल के निकाय चुनावों को लेकर उन्होंने कहा कि राज्य में नीलामी चल रही है। उद्धव ने कहा, अगर भाजपा यह सोचती है कि वह शिवसेना (यूबीटी) को खत्म कर देगी, तो वह गलत है। शिवसेना (यूबीटी) कोई पार्टी नहीं, बल्कि एक विचार है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर शिवसेना नहीं होती, तो भाजपा कभी भी बीएमसी या राज्य सरकार के मुख्यालय मंत्रालय के अंदर तक नहीं पहुंच पाती।

उनकी यह टिप्पणी 15 जनवरी को हुए बीएमसी चुनाव के बाद आई है। इन चुनावों में भाजपा ने 227 में से 89 सीट पर जीत दर्ज की और सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना (29 सीट) के साथ गठबंधन में भाजपा ने देश की सबसे अमीर नगर निगम पर ठाकरे परिवार का दशकों पुराना नियंत्रण खत्म कर दिया। बीएमसी चुनाव में शिवसेना (यूबीटी)-मनसे गठबंधन ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया। लेकिन वह भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन को बहुमत हासिल करने से नहीं रोक सका। शिवसेना (यूबीटी) ने 65 सीटें जीतीं, जबकि राज ठाकरे की मनसे को छह सीटें मिलीं। उन्होंने कहा कि बीएमसी के नतीजे पार्टी की उम्मीद के मुताबिक नहीं रहे। इसके बावजूद नगर निगम में विपक्ष एक मजबूत ताकत के रूप में उभरा। उद्धव ने कहा कि विपक्ष को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा, जैसे मतदाता सूची में खामियां। उन्होंने दावा किया कि अगर शिवसेना (यूबीटी) ने दोहरे मतदाताओं की पहचान नहीं की होती, तो नतीजे और भी अलग होते।

# मॉडल हाउस फूंका गया, भाजपा विधायक के परिजन ने कांग्रेस समर्थकों पर लगाया आरोप



**बंगलूरू।** बेल्लारी के जी स्क्वायर लेआउट में बने एक मॉडल हाउस में आगजनी की गई। भाजपा विधायक जनार्दन रेड्डी के भाई ने कांग्रेस विधायक नारा भरत रेड्डी के समर्थकों पर पेट्रोल-डीजल डालकर आग लगाने का आरोप लगाया है। पुलिस और दमकल ने आग बुझाई। मामला एक जनवरी की हिंसा से जुड़ा बताया जा रहा है। कर्नाटक के बेल्लारी में शुक्रवार को राजनीति और कानून-व्यवस्था आमने-सामने आ गई। जिला मुख्यालय शहर के जी स्क्वायर लेआउट में बने एक मॉडल हाउस को आग के हवाले कर दिया गया। यह लेआउट खनन कारोबारी और भाजपा विधायक जी. जनार्दन रेड्डी और पूर्व मंत्री बी. श्रीरामुलु द्वारा विकसित किया जा रहा है। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, संभावित खरीदारों के लिए बनाए गए मॉडल हाउस में शुक्रवार शाम अचानक आग लग गई।

आग इतनी तेज थी कि दमकल और पुलिस को मौके पर पहुंचकर काबू पाना पड़ा। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

जनार्दन रेड्डी के भाई जी. सोमशेखर रेड्डी ने आरोप लगाया कि आगजनी कांग्रेस विधायक नारा भरत रेड्डी के समर्थकों ने की। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल डालकर मॉडल हाउस को जलाया गया। उनके मुताबिक, 15 असामाजिक तत्वों ने शाम के वक्त यह वारदात की, जब लोग टहल रहे थे। सोमशेखर रेड्डी ने दावा किया कि यही लोग 1 जनवरी को जनार्दन रेड्डी के घर के पास हुई हिंसा में भी शामिल थे। उस दिन मूर्ति अनावरण कार्यक्रम से पहले बैनर लगाने को लेकर दोनों गुटों में झड़प हुई थी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। उस घटना के बाद से बेल्लारी में सियासी माहौल लगातार गरमाया हुआ है।

भाजपा ने आरोप लगाया है कि जनार्दन रेड्डी को निशाना बनाने की कोशिश हो रही है और उनके लिए 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा की मांग की है। पार्टी ने 17 जनवरी को बेल्लारी में प्रदर्शन भी किया था। आगजनी के इस मामले पर अभी तक भरत रेड्डी की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। पुलिस ने कहा है कि तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## इंडोनेशिया में भूस्खलन से 8 लोगों की मौत, 80 से ज्यादा लापता

**बारिश**

**इंडोनेशिया के मुख्य द्वीप जावा में शनिवार को भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ। इसमें कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 82 लोग लापता हो गए।**



**इंडोनेशिया।** इंडोनेशिया में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 82 लोग लापता हैं। पश्चिम जावा प्रांत के पश्चिम बांडुंग जिले के पासिर लांगू और पासिर कुनिंग गांव सबसे ज्यादा प्रभावित हुए, जहां कीचड़ और चट्टानों से 34 घर दब गए।

इंडोनेशिया के मुख्य द्वीप जावा में शनिवार को भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ। इसमें कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 82 लोग लापता हो गए। बचावकर्मी गहरे कीचड़ में फंसे लोगों की तलाश में जुटे रहे। कई दिनों तक हुई मूसलाधार बारिश के कारण नदियां उफान पर आ गईं। पश्चिम जावा प्रांत के पश्चिम बांडुंग जिले के पासिर लांगू गांव में तबाही मचा दी। कीचड़, चट्टानें और पेड़ पहाड़ की ढलान से नीचे लुढ़क गए, जिससे लगभग 34 घर दब गए।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहरी ने बताया कि बचावकर्मी कीचड़ और मलबे के ढेर के नीचे दबे होने की आशंका वाले 82 निवासियों की तलाश कर रहे थे, जबकि 24 लोग आपदा से बचने में कामयाब रहे। सुबह 3 बजे हुए भूस्खलन में घर और लोग बह जाने के बाद सबसे बुरी तरह प्रभावित पासिर कुनिंग गांव से लगभग आठ शव निकाले गए। टेलीविजन स्टेशनों ने पासिर लांगू में श्रमिकों और निवासियों द्वारा हताशा में खुदाई करते हुए फुटेज प्रसारित किए, जहां सड़कें और हरे-भरे सीढ़ीदार चावल के खेत कीचड़ भरे भूरे रंग के कीचड़ में बदल गए थे, क्योंकि गांव मोटी मिट्टी, चट्टानों और उखड़े हुए पेड़ों से ढका हुआ था। पश्चिम जावा के आपदा प्रबंधन कार्यालय के प्रमुख टेटेन अली मुंगकु एंगकुन ने कहा, ÷अस्थिर मिट्टी और भारी बारिश खोज और बचाव कार्यों को जटिल बना रही है।÷ उन्होंने बताया कि स्थानीय अधिकारियों ने भूस्खलन के तुरंत बाद नुकसान का आकलन किया। आपातकालीन बचाव दल तैनात किए। भूस्खलन क्षेत्र से 100 मीटर (गज) के दायरे में रहने वाले परिवारों को भूस्खलन के और अधिक होने की आशंका के चलते सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। अधिकारियों ने भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से सतर्क रहने और यदि उन्हें गड़गड़ाहट की आवाज सुनाई दे, मिट्टी हिलती हुई दिखाई दे या उन्हें लगे कि स्थिति असुरक्षित है तो तुरंत खाली करने का आग्रह किया। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी ने बताया कि दिसंबर में इंडोनेशिया के सबसे बड़े द्वीप सुमात्रा में विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन आया, जिसमें कम से कम 1,200 लोग मारे गए और 7,000 से अधिक लोग घायल हो गए। अक्टूबर से अप्रैल तक होने वाली मौसमी बारिश और उच्च ज्वार के कारण इंडोनेशिया में अक्सर बाढ़ और भूस्खलन होता है।

# खैबर पख्तूनख्वा में हिमस्खलन से एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हिमस्खलन में एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि एक नौ साल का बच्चा बच गया। 36 घंटे से लगातार बर्फबारी से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। कई सड़कें बंद हो गईं, यात्री फंसे और बिजली तथा राहत कार्य भी ठप हो गए। डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, बर्फबारी के कारण शुक्रवार को खैबर पख्तूनख्वा, बलूचिस्तान, गिलगित-बाल्टिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में जनजीवन पूरी तरह ठप हो गया। कई सड़कें बंद हो गईं, यात्री फंस गए और भीषण ठंड के बीच बिजली और राहत कार्य प्रभावित हुए। शुक्रवार दोपहर खैबर पख्तूनख्वा के चितराल जिले के दक्षिणी इलाके में स्थित सेरीगल गांव के एक घर को हिमस्खलन ने अपनी चपेट में ले लिया।

मृतकों की पहचान बाचा खान, उनकी पत्नी, तीन बेटे, दो बेटियां और दो बह्यहुओं के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि हादसे के समय परिवार के सभी सदस्य घर के बीच वाले कमरे में खाना खा रहे थे। चितराल घाटी में अरंदू से लेकर ब्रोघिल तक 36 घंटे से अधिक समय तक लगातार बर्फबारी होती रही, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी बुरी तरह प्रभावित हुई।

कई सड़कों पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई, जिससे हजारों यात्री करीब 18 घंटे तक फंसे रहे। शुक्रवार शाम को बर्फ हटाए जाने के बाद कुछ जगहों पर यातायात बहाल हो सका। ऊपरी और निचले चितराल की कई सड़कें अब भी भारी बर्फबारी के कारण बंद हैं।

# अमेरिका के अधिकांश हिस्सों में भारी बर्फबारी की आशंका

**नई दिल्ली।** अमेरिका के पूर्वी तट पर भारी बर्फबारी और भीषण शीतकालीन तूफान की चेतावनी के कारण न्यूयॉर्क और नेवार्क से एअर इंडिया की 25 और 26 जनवरी की सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। अमेरिकी मौसम विभाग ने न्यू मैक्सिको से न्यू इंग्लैंड तक 14 करोड़ लोगों के लिए चेतावनी जारी की है और कई राज्यों में आपातकाल घोषित किया गया है। इस तूफान के कारण आठ हजार से ज्यादा उड़ानें रद्द की जा चुकी हैं।

अमेरिका के पूर्वी तट पर न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी और आसपास के इलाकों में रविवार से सोमवार तक भारी बर्फबारी की आशंका है। इसके साथ ही भीषण शीतकालीन तूफान का अनुमान भी जताया गया है। इसका असर उड़ानों पर पड़ सकता है।

ऐसे में एअर इंडिया ने यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा, सुविधा और कल्याण को ध्यान रखते हुए 25 और 26 जनवरी को न्यूयॉर्क और नेवार्क से आने-जाने वाली अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं।



एअर इंडिया ने कहा कि जिन यात्रियों की इन तारीखों में उड़ान बुक हैं, उन्हें उनकी समर्पित टीमें हरसंभव मदद प्रदान करेंगी। इससे जुड़ी अधिक जानकारी के लिए यात्री एअर इंडिया के 24×7 कॉल सेंटर +91 1169329333 और +91 1169329999 पर संपर्क कर सकते हैं। एयरलाइन ने बताया कि यात्रियों से यह भी अनुरोध किया गया है कि वे एअर इंडिया की वेबसाइट http://airindia.com पर जानकारी जांच करते रहें। एअर इंडिया ने यात्रियों से धैर्य और सहयोग बनाए रखने के लिए धन्यवाद कहा। मौसम विभाग के अनुसार, शीतकालीन तूफान की चेतावनी के दायरे में न्यू मैक्सिको से लेकर न्यू इंग्लैंड तक करीब 14 करोड़ लोग हैं। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने चेतावनी दी है कि भारी बर्फबारी होगी और पूर्वी टेक्सास से नॉर्थ कैरोलिना तक खतरनाक बर्फ जमने की स्थिति बन सकती है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि जिन इलाकों में बर्फ जमने की संभावना है, वहां हालात इतने खराब हो सकते हैं कि नुकसान किसी बड़े तूफान या चक्रवात जैसा हो सकता है। एक दर्जन से ज्यादा राज्यों के गवर्नर्स ने खराब मौसम को लेकर चेतावनी जारी की है। कई जगह आपातकाल घोषित किया गया है और लोगों से घरों में रहने की अपील की गई है। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि राज्य का परिवहन विभाग सड़कों पर पहले से तैयारी कर रहा है। उन्होंने लोगों से कहा, अगर संभव हो तो घर पर ही रहें।

उड़ानों की निगरानी करने वाली वेबसाइट फ्लाइटअवेयर के मुताबिक, शनिवार को 3,400 से ज्यादा उड़ानें रद्द की गईं या उनमें देरी हुईं, जबकि रविवार के लिए 5,000 से ज्यादा उड़ानें पहले ही रद्द कर दी गई थीं। एंजेला एक्सस्ट्रॉम मेक्सिको यात्रा के बाद नेब्रास्का के ओमाहा लौटने वाली थीं, लेकिन उन्हें पता चला कि ह्यूस्टन से शनिवार की उनकी उड़ान रद्द कर दी गई है। अब वह लॉस एंजिलिस के रास्ते वापस लौट रही हैं।

## भारतीय मूल के शख्स ने पत्नी समेत चार रिश्तेदारों को उतारा मौत के घाट

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के जॉर्जिया में कथित तौर पर पारिवारिक विवाद के गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई, जिसमें एक भारतीय नागरिक भी शामिल था। आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और उस पर हत्या और बच्चों के साथ बुरा व्यवहार करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने घटना पर दुख जताया।

क्या है पूरा मामला

स्थानीय मीडिया के अनुसार, इस गोलीबारी में शुक्रवार सुबह (स्थानीय समय) चार लोग मारे गए। घटना के समय घर में तीन बच्चे मौजूद थे। अटलांटा में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने इस गोलीबारी पर गहरा दुःख जताते हुए कहा कि कथित शूटर को गिरफ्तार कर लिया गया है और मृतकों के परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है।

# यूपी रच रहा है आत्मनिर्भरता के नए आयाम: कुलपति प्रो. वंदना

**पीयू में उत्तर प्रदेश दिवस समारोह का आयोजन**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में शनिवार को उत्तर प्रदेश दिवस समारोह का धूमधाम से मनाया गया। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने समारोह के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया. प्रख्यात आल्हा सम्राट फौजदार सिंह ने वीर रस में की गई अपनी प्रस्तुति से लोगों का मनमोह लिया. विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि एक समय था जब यहां का युवा रोजगार की तलाश में महानगरों और विदेशों का रुख करता था, लेकिन आज वही युवा अपनी प्रतिभा, परिश्रम और नवाचार से स्वयं रोजगार सृजन कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से नई तकनीक अपनाने, कौशल अद्यतन करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। विश्वविद्यालय की शोध, खेल, एनसीसी और एनएसएस गतिविधियों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। समारोह उत्तर प्रदेश की प्रगति और युवा शक्ति को समर्पित रहा, जो राज्य के विकास संकल्प को मजबूत करने का प्रतीक बना। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद सिंह ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया. कार्यक्रम में कथक, कजरी और आल्हा की मनमोहक प्रस्तुतियों ने समा बांध दिया। विशेष रूप से आल्हा सम्राट फौजदार सिंह की जोरदार वीर रस प्रस्तुति दर्शकों के रग रग मे समा गयी. उन्होंने पृथ्वीराज चौहान का राणा प्रताप के युद्ध की प्रस्तुति आल्हा में की. सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संयोजन सह नोडल अधिकारी डॉ. अन्नू त्यागी ने किया. स्वागत भाषण प्रो. प्रदीप कुमार ने दिया, जबकि संचालन नोडल अधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने किया। धन्यवाद ज्ञापन शशिकांत यादव ने प्रस्तुत किया। समारोह मेंं शामिल प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. मिथिलेश सिंह,प्रो. रवि प्रकाश, डा. अन्नू त्यागी, डा. शशिकांत यादव, डा. सुनील कुमार, डा. अमरेंद्र सिंह, डॉ प्रमोद यादव, डॉ श्याम कन्हैया, डॉ .नीरज अवस्थी डॉ पुनीत सिंह आदि उपस्थित थे।

## सेन्ट्रल बार एसो. ने सांसद को किया सम्मानित

**आजमगढ़।** सेन्ट्रल बार एसोसिएशन मण्डल आजमगढ़ के सभागार में सांसद धर्मेन्द्र यादव जी का स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष नागेन्द्र प्रसाद मौर्य एडवोकेट तथा संचालन मंत्री राना अजेय प्रताप सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम शुभारम्भ सांसद धर्मेन्द्र यादव द्वारा माँ सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। सर्वप्रथम श्री कौशल कुमार राय जी द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात संघ की मांग सभागार के विस्तार हेतु सेन्ट्रल बार एसोसिएशन मण्डल आजमगढ़ के सदस्यों के आग्रह को सहर्ष स्वीकार करते हुए सांसद धर्मेन्द्र यादव द्वारा सभागार एवं पुस्तकालय के विस्तार हेतु घोषणा की गयी है। और यह कहा कि भविष्य में भी आपकी मांगों को पूरा करते रहेंगे। स्वागत समारोह में हवलदार यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी, प्रभाकर सिंह अध्यक्ष दीवानी बार एसोसिएशन, शत्रुघ्न सिंह एडवोकेट, आशीष अन्य सभी सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** शासन के निर्देशानुसार जनपद में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समस्त तहसीलों एवं विकास खंडों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य कार्यक्रम कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी एवं विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह 'प्रिंशू' रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर प्रेरणा स्थल, लखनऊ से आयोजित उत्तर प्रदेश दिवस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। साथ ही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में उत्कृष्ट कार्य हेतु जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र को गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किए जाने का सजीव प्रसारण भी प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में 'उत्तर प्रदेश ङ्क उत्तम प्रदेश' पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। इसके पश्चात गृह मंत्री एवं मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना गया। मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, अपर जिलाधिकारी अजय अम्बष्ट व परमानंद झा सहित अधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा एवं बदलाव पर आधारित भव्य प्रदर्शनी का उद्घाटन राज्यसभा सांसद द्वारा फीता काटकर किया गया। दिव्यांगजन लाभार्थियों को ट्राइसाइकिल, उद्योग विभाग के लाभार्थियों को सिलाई मशीन वितरित की गई। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी गई। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के स्टॉल पर नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन भी कराया गया।

मुख्य अतिथि द्वारा भूतपूर्व सैनिकों, उत्कृष्ट किसानों, युवा उद्यमियों, पेंशन लाभार्थियों तथा खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग के अध्यापकों एवं बच्चों द्वारा बनाई गई रंगोली ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

संस्कृति उत्सव के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के छात्रों तथा संस्कृति विभाग के कलाकारों द्वारा भजन व देश-प्रदेश के विकास पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।

अपने संबोधन में राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की बधाई देते हुए प्रदेश की प्रगति की सराहना की। वहीं एमएलसी श्री बृजेश सिंह 'प्रिंशू' ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में जनपद का प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करना गौरव की बात है।

कार्यक्रम स्थल पर सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम का संचालन सलमान शेख एवं नूपुर श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के शिविर में पैक रखे हैं सवा लाख शिवलिंग

**माघ मेले में श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए लाए गए थे, बवाल के बाद नहीं खुले कार्टून**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** माघ मेले में स्थित शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के शिविर में सवा लाख शिवलिंग पैक रखे गए हैं। यह शिवलिंग श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए यहां पर लाए गए थे। करीब 5 हजार शिवलिंग यहां सजाए जा चुके थे, लेकिन इसी बीच मौनी अमावस्या के मौके पर यहां अविमुक्तेश्वरानंद महाराज के साथ संगम पर प्रशासन के साथ विवाद हो गया था। तब से लगातार नाराज शंकराचार्य अपने शिविर के बाहर ही बैठे हुए हैं।

वह लगातार पांच दिनों से अपने शिविर में अंदर नहीं गए हैं। यही कारण है कि यह जो शिवलिंग छत्तीसगढ़ से लाए गए थे वह कार्टून में पैक ही रखे गए हैं। शंकराचार्य ने कहा कि एक साथ सवा लाख शिवलिंग किसी ने देखा है क्या? हम यहां पर सवा लाख शिवलिंग लेकर आए थे। लेकिन तब तक यह घटना घट गई। सवा लाख शिवलिंग के दर्शन से यहां आने वाले श्रद्धालु वंचित रह गए। यह किसका दोष है?

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के शिष्यों ने बताया कि छत्तीसगढ़ में रायपुर के बेमेतरा में सवा लाख शिवलिंग का मंदिर बनना है जो एशिया के सबसे बड़े शिवलिंग के रूप में जाना जाएगा। इसकी लागत करीब 65 करोड़ रुपए होगी। वहां पर जो शिवलिंग स्थापित होनी थी वह शिवलिंग माघ मेले में यहां लाई गई है। ताकि इस पवित्र त्रिवेणी संगम आने वाले श्रद्धालु भी इसका दर्शन कर सकते। इसके बाद इसे यहां से वह रायपुर ले जाने की तैयारी लेकिन बवाल के बाद से यह सब नहीं हो पाया। अब महाराज जी अंदर नहीं आ रहे हैं। कुछ शिवलिंग ही लगे हैं बाकी सब पैक हैं। प्रशासन की जिद के आगे यह सब हो रहा है।

# चतुर्थी पुण्यतिथि पर याद किये गये स्व. श्याम लाल पुजारी

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** प्रसिद्ध समाजसेवी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री पद पर रहे स्व. श्याम लाल पुजारी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर लोगो ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर लोगो ने स्व. श्याम लाल को एक जनसेवक, मृदुभाषी और गरीबो का सच्चा हितैषी बताया। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। हर वर्ष की तरह स्व. श्याम लाल पुजारी जी की चतुर्थी पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में इस वर्ष भी आज शनिवार को महर्षि वाल्मीकि निर्धन कन्या विवाह समिति द्वारा हवन व भण्डारा का आयोजन के साथ गरीब परिवारों के पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल बैग वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष पुजारी राजेश वाल्मीकि ने कहा उन्होंने आजीवन जनता के बीच मे अपना समय निस्वार्थ सेवा में बिताया और लोगो की समस्याओं को सुलझाने में अपनी शक्ति लगा दी। उन्होंने राष्ट्रवादी श्रमजीवी दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप मे भी अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा सें निभाया व सकारात्मक बदलाव हेतु तमाम समाजिक आंदोलन किये।

मौके पर शहर के सम्मानित लोगो के साथ समिति के पदाधिकारियों में गोपाल वाल्मीकि, बृजेश चौधरी, रामकुमार वाल्मीकि, अजय बागड़ी, राजू प्रधान, विशाल वाल्मीकि, विजय वाल्मीकि, शत्रुहन वाल्मीकि, मंगल वाल्मीकि, राम नरेन्द्र, महेश वाल्मीकि आदि उपस्थित थे।

# वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में सरस्वती पूजन व विद्यारंभ संस्कार का आयोजन




अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** आईकॉनिक स्कूल ऑफ़ आजमगढ़, वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में सरस्वती पूजन एवं विद्यारंभ संस्कार कार्यक्रम का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत वाद्य यंत्रों का विधिवत पूजन किया गया, जिससे शिक्षा के साथ-साथ कला और संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया गया। तत्पश्चात प्रकांड विद्वान पं. पुष्पेंद्र मिश्र द्वारा मंत्रोच्चार के साथ सभी देवी-देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। विशेष रूप से माँ सरस्वती की आराधना कर यह प्रार्थना की गई कि विद्यालय के विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक, कर्मचारीगण एवं संपूर्ण विद्यालय परिवार सदैव प्रगति और कल्याण के मार्ग पर अग्रसर रहें। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में हवन-यज्ञ का भी आयोजन किया गया, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय एवं सकारात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो गया। इस पावन अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में विद्यालय के प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह एवं विद्यालय के संरक्षक अरविंद कुमार सिंह उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या सावरी मुखर्जी ने बच्चों का विद्यारंभ संस्कार विधिवत संपन्न कराया, जिसमें नन्हे विद्यार्थियों ने शिक्षा के पथ पर अपने प्रथम कदम रखे। कार्यक्रम के साथ ही विद्यालय में नए शैक्षिक सत्र हेतु प्रवेश परीक्षा का भी आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ विद्यारंभ संस्कार में सहभागिता की। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थितजनों को प्रसाद वितरण किया गया। इस सफल आयोजन में अदिति सिंह, कुमकुम दुबे, ए.के. शुक्ला, किशन मिश्रा, सुनंदन सरकार, जानिया, शकीरा, अनीता सिंह, सुनीता दीक्षित, इंद्रजीत साहनी, उजाला गुप्ता सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# सभी को दिलाई गई मतदाता शपथ



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में आज कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल और कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी परमानन्द झा ने उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा तथा निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने शपथ का सामूहिक रूप से वाचन दोहराया। शपथ- हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी लाल बहादुर, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, सह जिला विद्यालय निरीक्षक विवेक कुमार सिंह, शिवकुमार, महमूद अली, ई मैनेजर प्रतीक उपाध्याय, सहित कलेक्ट्रेट के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य लोकतंत्र को सशक्त बनाने, मतदाता जागरूकता बढ़ाने तथा प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार के प्रयोग हेतु प्रेरित करना है।


## उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि.

(यूपीआरएनएसएस)
राजकीय निर्माण एजेन्सी
कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता यूपीआरएनएसएस निर्माण प्रखण्ड अयोध्या
19टी-1-152, अवघूतनगर कालोनी, देवकाली बाईपास, जनपद- अयोध्या
पत्रांक : 1121/यूपीआरएनएसएस/अधि0अभि0/अयो0/25-26 दिनांक : 24/01/2026

| क्र. सं. | टेण्डर नोटिस सं. | निविदा अपलोड करने की तिथि | जनपद का नाम | कार्य का नाम | निविदा की लागत - लाख में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 518/ UPRNSS/ S.E./ E -TENDER/25-26 DT. 23-01-26 | 27.01.26 | अयोध्या | टाटा टेक्नॉलाजी के सहयोग से राजकीय पालीटेक्निक अयोध्या में सेन्टर आफ एक्सीलेंस की स्थापना। | 545.39 |
| 2 | 519/UPRNSS/S.E./ E-TENDER/25-26 DT. 23-01-26 | 27.01.26 | अयोध्या | टाटा टेक्नॉलाजी के सहयोग से महिला पालीटेक्निक अयोध्या में सेन्टर आफ एक्सीलेंस की स्थापना। | 545.39 |

अधिशाषी अभियन्ता
यूपीआरएनएसएस
निर्माण प्रखण्ड अयोध्या


## गणतंत्र दिवस परेड समारोह के अतिथि होंगे उद्योगपति विदुप अग्रहरि

**प्रयागराज।** 26 जनवरी पर 77 वें गणतन्त्र दिवस परेड पर सी.जी.एस.टी. द्वारा श्याम इण्टरप्राइज ग्रुप प्रयागराज के निदेशक एवं उद्योगपति विदुप अग्रहरि को स्पेशल गेस्ट के रूप में शामिल होने के लिए आमन्त्रित किया गया है। यह जानकारी देते हुए व्यापारी नेता विजय गुप्ता ने बताया कि यह सूचना मिलते ही प्रयागराज के व्यापारियों में खुशी की लहर है क्योंकि विदुप अग्रहरि को गणतन्त्र दिवस के अवसर पर स्पेशल गेस्ट के रूप में दिल्ली आमन्त्रित किया जाना व्यापारियों के लिए गौरव की बात है। दिल्ली के कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी पर गणतन्त्र दिवस के कार्यक्रम में स्पेशल गेस्ट के रूप विदुप अग्रहरि एवं प्रबंध निदेशक मनोज अग्रवाल शामिल होगे।

# बसंत पंचमी के स्नान पर्व पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** माघ मेले में शुक्रवार को बसंत पंचमी स्नान पर्व पर शाम 4 बजे तक लगभग 3 करोड़ 20 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। प्रयागराज मेला प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि कल रात 12 बजे से ही लोगों का संगम क्षेत्र में आगमन और स्नान जारी है और आज बसंत पंचमी पर दोपहर 12 बजे तक 2.10 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। मेलाधिकारी ऋषिराज ने कहा कि मेला क्षेत्र के सभी घाटों पर श्रद्धालुओं का अपार जनसैलाब मौजूद है। कंट्रोल रूम के माध्यम से श्रद्धालुओं के आवागमन पर नजर रखी जा रही है। पूरे मेला क्षेत्र में 400 से अधिक कैमरे क्रियाशील हैं। उन्होंने कहा कि साथ ही रेलवे स्टेशनों और बस स्टैंडों की भी निगरानी की जा रही है। सभी जगहों पर पुलिस प्रशासन के कर्मचारी अधिकारी तैनात हैं। तीर्थ पुरोहित राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि चूंकि प्रयागराज में गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती का वास है, इसलिए यहां बसंत पंचमी स्नान का विशेष महत्व है। बसंत पंचमी पर पीला वस्त्र धारण करने, पीली वस्तुओं का दान करने का विधान है।

# बसंत पंचमी पर डीपीसीपी के सदस्यों ने निभाई जिम्मेदारी

**पुलिस कमिश्नर और डीएम सहित अधिकारियों ने किया उत्साहवर्धन**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** बसंत पंचमी के पर्व पर आज प्रयागराज संगम तट पर स्नान एवं दर्शन हेतु आए श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारु आवागमन सुनिश्चित करने हेतु जिला अपराध निरोधक समिति (डीसीपीसी) के सदस्य एवं पदाधिकारी प्रातःकाल से ही अनुशासन एवं सेवा-भावना के साथ ड्यूटी करते हुए नजर आए। इस व्यापक सेवा कार्य का नेतृत्व चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव, वाइस चेयरमैन आर. एस. वर्मा (पूर्व आईएएस, सचिव उत्तर प्रदेश सरकार) एवं सचिव संतोष कुमार के कुशल निर्देशन में किया गया।

समिति के स्वयंसेवकों ने प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर यातायात शांति, सुरक्षा व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं के सहयोग में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। प्रयागराज से लगभग 70 किलोमीटर दूर तहसील कोराव (खीरी), मेजा एवं मांडा क्षेत्र से प्रभारी नरेंद्र देव मिश्र एवं डॉ. सुभाष चंद्र जायसवाल अपनी अधीनस्थ टीमों के साथ एक दिन पूर्व ही शिविर में रुककर प्रातःकाल संगम क्षेत्र में सेवा कार्य में जुटे रहे। हंडिया तहसील से राम सजीवन, ऋषि राज, महेंद्र कुमार, अजय कुमार बिंद, झूंसी एवं फूलपुर से डॉ. राकेश कुमार एवं हेमलता ने भी अपनी टीमों सहित श्रद्धालुओं को सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इसी क्रम में जीटी जवाहर, हर्षवर्धन चौराहा, एमजी मार्ग सहित प्रमुख मार्गों एवं मुख्य एंट्री पॉइंट्स, नैनी-अरैल और नगर क्षेत्र में स्वयंसेवक सेवा में जुटे रहे। पूर्व की भांति इस अवसर पर भी डॉ. संतोष कुमार यादव एवं डॉ. दीपा यादव द्वारा शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण किया गया। स्वयंसेवकों के अनुकरणीय सेवा कार्य को देखकर जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष वर्मा, पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक (माघ मेला) नीरज पांडे, (आईपीएस) एवं सहायक पुलिस अधिकारी माघ मेला विजय आनंद द्वारा परेड क्षेत्र में पहुँचकर जगदीश काली रमन के माध्यम से स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया गया।


## कार्यालय नगर पंचायत उसका बाजार, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक :- 404(3)/न.पं.उ.बा.सि.नगर/2025-26 दिनाँक : 21.01.2026

### दीर्घ कालीन ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत उसका बाजार, सिद्धार्थनगर में राज्य वित्त, पेयजल हेतु व्यवस्था योजना एवं प0 दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत सीमान्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमन्त्रित किया जाता है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो हेतु निविदा डाल सकता है। उक्त निर्माण कार्य करने हेतु नगर पंचायत उसका बाजार मे ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्य से संबंधित निविदा दिनांक 21.01.2026 से दिनांक 11.02.2026 तक आनलाईन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दोपहर 05.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा के संबंध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्यदिवस में जानकारी प्राप्त कर सकतें हैं। उक्त निविदा दिनांक 12.02.2026 को अपरान्ह 11.00 बजे खोली जायेगी। निर्माण कार्य से सम्बन्धित शर्तो की जानकारी कार्यालय से कार्यदिवस के दिन प्राप्त किया जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| (A) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशित की तिथि | 21/01/2026 |
| (B) | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि | 21/01/2026 सायं : 04:00 बजे स |
| (C) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 11/02/2026 सायं 05:00 बजे तक |
| (D) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 12/02/2026 प्रातः 11:00 बजे |
| (E) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | 12/02/2026 अपराह्नः 03:00 बजे के उपरान्त |
| (F) | ई-निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत उसका बाजार |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत उसका बाजार
सिद्धार्थनगर

अध्यक्ष
नगर पंचायत उसका बाजार
सिद्धार्थनगर

# यूपी के बेटे और एजुकेटर, अलख पांडे को यूपी दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 'यूपी गौरव सम्मान' दिया गया

आज उत्तर प्रदेश सरकार ने फिज़िक्सवाला (पीडब्लू) के संस्थापक और टीचर, अलख पांडे को प्रतिष्ठित यूपी गौरव सम्मान दिया। यह सम्मान उन्हें अपनी उद्यमिता की भावना और राज्य को दी गई अपनी सेवा के लिए प्राप्त हुआ है। 'अलख सर' के नाम से मशहूर, अलख पांडे को यह पुरस्कार प्रयागराज की गलियों से भारत की प्रमुख सार्वजनिक सूचीबद्ध कंपनियों में से एक का नेतृत्व करने तक के अपने सफर तथा सामाजिक कल्याण और राष्ट्र निर्माण की प्रतिबद्धता के लिए दिया गया है। यह पुरस्कार उन्हें यूपी दिवस के अवसर पर राज्य में आयोजित भव्य समारोह के दौरान माननीय गृहमंत्री, श्री अमित शाह ने दिया।इस एक बड़े पब्लिक कॉर्पोरेशन का नेतृत्व करने के बाद भी अलख सर ने उत्तर प्रदेश में अपनी जड़ों को भुलाया नहीं और उन्होंने यहाँ पर परोपकार का काम जारी रखा। उन्होंने राज्य में कई स्कूलों के रेनोवेशन और आधुनिकीकरण में



व्यक्तिगत मदद दी। उनका उद्देश्य है कि दूरदराज के क्षेत्रों में स्थित विद्यार्थियों को भी आधुनिक टेक्नोलॉजी पर आधारित लर्निंग का वातावरण मिल सके। उन्होंने जे.ई.ई और नीट में सफलता प्राप्त करने वाले कई कमजोर बैकग्राउंड के स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप प्रदान की है। जमीन से जुड़े अभियानों के माध्यम से उन्होंने वंचित वर्ग के स्टूडेंट्स तक स्कॉलरशिप और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर पहुँचाए हैं। उनका उद्देश्य डिजिटल अंतर को दूर करना तथा इस समुदाय को अपना योगदान देना है, जिसके बीच उनका बचपन बीता है।अलख सर ने कहा, ''यूपी दिवस के अवसर पर यूपी गौरव सम्मान पाना एक व्यक्तिगत उपलब्धि तो है ही, साथ ही यह उत्तर प्रदेश उस हर स्टूडेंट का सम्मान भी है, जो बड़े सपने देखने का साहस करता है। मेरा जन्म इसी मिट्टी में हुआ है। मैं चाहता हूँ कि भारत का हर बच्चा, चाहे वह यूपी के गाँव में हो या फिर देश की सीमा पर स्थित छोटे से शहर में, उसे पैसे की कमी की वजह से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रहना पड़े। मैं माननीय गृहमंत्री, श्री अमित शाह जी, माननीय मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ जी और उत्तर प्रदेश सरकार का आभारी हूँ, जिन्होंने मुझे इस पुरस्कार से सम्मानित किया है। मैं इस राज्य और देश के उन सभी टीचर्स की ओर से इस पुरस्कार को ग्रहण करता हूँ, जो शिक्षा के माध्यम से राष्ट्रनिर्माण में योगदान दे रहे हैं।''इसके अलावा अलख सर के नेतृत्व में पीडब्लू ने सीआरपीएफ, बीएसएफ और एसएसबी के साथ साझेदारी करके देश के रक्षकों को संस्थागत सपोर्ट दी है। इन अभियानों के माध्यम से पीडब्लू शहीदों के बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करता है, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। देशसेवा कर रहे रक्षकों और रिटायर्ड कर्मियों के बच्चों को स्कॉलरशिप और फीस में छूट दी जाती है, ताकि भारत के साहसी रक्षकों के परिवारों को जरूरी शैक्षणिक संसाधन मिल सकें।

## टैरिफ संकट में भारत-ईयू एफटीए से बदलेगा खेल

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) लंबे समय से चले आ रहे मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देने के करीब हैं। इसकी घोषणा मंगलवार को नई दिल्ली में भारत-ईयू समिट के दौरान होने की उम्मीद है। कई मायनों में खास यह समझौता दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ा सकता है। हालांकि, इसके पूरी तरह कार्यान्वयन में कम-से-कम एक साल लग सकता है।



भारत का यह पिछले चार वर्षों में 9वां व्यापार समझौता होगा, जो यह दिखाता है कि जब वैश्विक व्यापार ज्यादा संरक्षणवादी हो रहा है, तो देश वैश्विक बाजार में अपनी मजबूत जगह बनाने की कोशिश कर रहा है। ईयू के साथ एफटीए, कपड़ा और आभूषण जैसे भारतीय उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा दे सकता है, जो अगस्त अंत से लागू 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित हुए हैं।

थिंक टैंक जीटीआरआई का कहना है, भारतीय उत्पादों पर औसत ईयू टैरिफ करीब 3.8 फीसदी है, लेकिन टेक्सटाइल और कपड़ों जैसे लेबर आधारित सेक्टर पर करीब 10 फीसदी ड्यूटी लगती है।

यह समझौता 2023 के जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रेफरेंसेज के तहत कपड़ों, फार्मास्यूटिकल्स और मशीनरी उत्पादों पर टैरिफ रियायतें वापस लेने के बाद खोई हुई प्रतिस्पर्धा को बहाल करने में मदद करेगा। उच्च टैरिफ के असर को भी कम करेगा।

भारतीय पेशेवरों और आईटी सेवाओं के निर्यात के लिए यूरोपीय संघ के दरवाजे खुल सकते हैं।

**चीन पर घटेगी यूरोपीय संघ की निर्भरता**

ईयू के लिए यह सौदा आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाने और चीन पर निर्भरता कम करने में मददगार होगा। साथ ही, उसे भारत की तेजी से बढ़ती 4.2 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था का भी लाभ मिलेगा।

ईयू को 2024-25 में भारत को 60.7 अरब डॉलर के सामान निर्यात पर करीब 9.3 फीसदी का वेटेड-औसत शुल्क देना पड़ा था। ऑटोमोबाइल, ऑटो पार्ट्स, केमिकल और प्लास्टिक पर ड्यूटी खासतौर पर ज्यादा है।

शुल्क कटौती से कारों, मशीनरी, एयरक्राफ्ट और केमिकल के क्षेत्र में मौके खुलेंगे। साथ ही, सबसे तेजी से बढ़ते बड़े बाजार में सेवाओं, खरीद और निवेश तक पहुंच बेहतर होगी।

**अटके मुद्दे**

एफटीए से कृषि-डेयरी को बाहर रखा गया है। भारत 95 फीसदी से ज्यादा सामानों पर ड्यूटी हटाने की ईयू की मांग का विरोध कर रहा है। ऑटो, शराब और स्पिरिट संवेदनशील मुद्दे हैं।

## रूस से तेल आयात घटा रहा इंडियन ऑयल, ब्राजील-अंगोला से खरीद बढ़ी, अमेरिका से व्यापार समझौते में मदद



**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी रिफाइनरी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने मार्च में रूसी तेल में कटौती की भरपाई के लिए ब्राजील की पेट्रोब्रास समेत कई अन्य देशों से 70 लाख बैरल तेल खरीदा है। घरेलू रिफाइनरियां अपने शीर्ष आपूर्तिकर्ता रूस से दूरी बनाने और मध्य पूर्व से आयात बढ़ाने के लिए रणनीतियों में बदलाव कर रही हैं। यह कदम भारत को अमेरिका के साथ टैरिफ कम करने के लिए व्यापार समझौता करने में मदद कर सकता है। सूत्रों के अनुसार, आईओसी ने शेल से अबू धाबी के मुरबान ग्रेड का 10 लाख बैरल और व्यापारी मर्कुरिया से अपर जाकुम ग्रेड का 20 लाख बैरल खरीदा है। एक्सॉन से अंगोला के हंगो और क्लोव ग्रेड का 10 लाख बैरल भी खरीदा है। आईओसी ने वैकल्पिक अनुबंध के तहत पेट्रोब्रास से ब्राजील के बुजियोस तेल के 20 लाख बैरल भी खरीदे हैं, जो पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर सौदा करने की सुविधा प्रदान करता है। गोपनीयता समझौतों के कारण तेल खरीदी के कुल मूल्य का आंकड़ा कंपनियों ने नहीं दिया है। आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर में भारत का रूसी तेल आयात दो वर्षों में सबसे निचले स्तर पर आ गया। दूसरी ओर, ओपेक देशों से आयात का हिस्सा 11 महीनों के उच्च स्तर पर पहुंच गया। 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद भारत रियायती रूसी समुद्री कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार बनकर उभरा, आईओसी ने पिछले माह कोलंबिया की सरकारी तेल कंपनी इकोपेट्रोल से वैकल्पिक आपूर्ति समझौते के तहत पहला कोलंबियाई तेल खरीदा। इक्वाडोर से ओरिएंट क्रूड की भी पहली बार खरीदी की थी।

ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि रूस से तेल आयात में कटौती और अन्य देशों से खरीद बढ़ाने का यह कदम भारत को अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते में मदद कर सकता है। खासतौर पर टैरिफ में राहत और ऊर्जा व्यापार को लेकर भारत की स्थिति मजबूत हो सकती है। हालांकि गोपनीयता समझौतों के चलते इन सौदों की कुल कीमत सार्वजनिक नहीं की गई है, लेकिन यह साफ है कि भारतीय रिफाइनरियां अब केवल सस्ती आपूर्ति नहीं, बल्कि भू-राजनीतिक संतुलन और दीर्घकालिक रणनीति को ध्यान में रखकर फैसले ले रही हैं।

# भारत टैक्सी और जीएसटी का सवालः ड्राइवरों को सशक्त बनाने के लिए नीति में स्पष्टता ज़रूरी

**सदस्यता**

**पारंपरिक प्लेटफॉर्म हर राइड पर कमीशन काटते हैं, जबकि SaaS मॉडल अलग है। इसमें ड्राइवर एक तय सदस्यता शुल्क देकर तकनीक का इस्तेमाल करते हैं।**

ड्राइवरों के स्वामित्व वाले और सब्सक्रिप्शन आधारित राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म भारत टैक्सी की शुरुआत भारत की बदलती गिग इकोनॉमी में एक अहम कदम है। यह प्लेटफॉर्म पारंपरिक एग्रीगेटर कंपनियों के मुकाबले कम कमीशन और सहकारी मॉडल पर काम करता है, जिसका मकसद ऑटो और टैक्सी ड्राइवरों को उनकी कमाई और काम पर दोबारा नियंत्रण देना है। लेकिन जैसे-जैसे यह मॉडल आगे बढ़ रहा है, एक बुनियादी नीतिगत सवाल और गहरा होता जा रहा है क्या भारत की टैक्स व्यवस्था ड्राइवरों को सशक्त बनाने वाले ऐसे नवाचारों का साथ देगी, या अनजाने में उन्हें नुकसान पहुंचाएगी?

इस बहस के केंद्र में है सब्सक्रिप्शन या SaaS (सॉफ्टवेयर-एज़-ए-सर्विस) मॉडल पर चलने वाले राइड प्लेटफॉर्म्स पर प्रस्तावित 5 प्रतिशत जीएसटी। पारंपरिक प्लेटफॉर्म हर राइड पर कमीशन काटते हैं, जबकि SaaS मॉडल अलग है। इसमें ड्राइवर एक तय सदस्यता शुल्क देकर तकनीक का इस्तेमाल करते हैं। किराया ड्राइवर और यात्री आपस में तय करते हैं और भुगतान सीधे ऑफलाइन होता है। प्लेटफॉर्म न तो किराया तय करता है और न ही भुगतान अपने पास रखता है। यही फर्क सबसे अहम है। SaaS प्लेटफॉर्म्स को पारंपरिक ई-कॉमर्स एग्रीगेटर्स की तरह मानकर जीएसटी लगाना कानूनी और व्यावहारिक दोनों ही स्तर पर सही नहीं है। जीएसटी एक्ट की धारा 9(5) के अनुसार टैक्स की ज़िम्मेदारी तभी प्लेटफॉर्म पर आती है, जब वह सेवा को नियंत्रित करे और भुगतान इकट्ठा करे। SaaS मॉडल में ये दोनों बातें लागू नहीं होतीं। भारत टैक्सी के आने से यह अंतर और भी साफ हो गया है। एक सहकारी ढांचे में बना यह प्लेटफॉर्म ड्राइवरों के स्वामित्व और प्लेटफॉर्म की सीमित भूमिका को दिखाता है। ऐसे मॉडल पर हर राइड पर जीएसटी लगाना, असल में उन ड्राइवरों को सज़ा देना होगा जो बेहतर और न्यायपूर्ण प्लेटफॉर्म चुन रहे हैं।

यह चिंता सिर्फ सैद्धांतिक नहीं है। SaaS प्लेटफॉर्म्स पर काम करने वाले ज़्यादातर ड्राइवरों की सालाना आय 20 लाख रुपये की जीएसटी सीमा से काफी कम है। औसतन उनकी आय 2 से 3 लाख रुपये सालाना होती है, जिस पर वे कानूनन जीएसटी से मुक्त हैं। ऐसे में उस आय पर टैक्स लगाना, जो प्लेटफॉर्म के ज़रिए जाती ही नहीं, गलत है।

कई राज्यों के ड्राइवरों ने सरकार से मांग की है कि कमीशन-आधारित एग्रीगेटर्स और सिर्फ कनेक्ट करने वाले SaaS प्लेटफॉर्म्स के बीच साफ फर्क किया जाए। उनका कहना है कि ऑफलाइन ऑटो और टैक्सी सेवाओं पर जीएसटी नहीं लगता, तो सिर्फ डिजिटल प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल से वही सेवा टैक्स के दायरे में क्यों आए?

अगर भारत टैक्सी का उद्देश्य ड्राइवरों की आय बढ़ाना, उन्हें औपचारिक व्यवस्था से जोड़ना और पारदर्शिता लाना है, तो टैक्स नीति को भी उसी दिशा में होना चाहिए। एक जैसी जीएसटी नीति, जो अलग-अलग बिज़नेस मॉडल को नज़रअंदाज़ करे, ड्राइवरों को फिर से अनौपचारिक सिस्टम की ओर धकेल सकती है।

जीएसटी काउंसिल हमेशा सरलता और समानता की बात करती आई है। ड्राइवर-स्वामित्व वाले SaaS प्लेटफॉर्म्स के लिए स्पष्ट और अलग टैक्स व्यवस्था उसी सोच का अगला कदम होगी। जैसे-जैसे भारत टैक्सी आगे बढ़ रहा है, सरकार के पास मौका है कि वह यह दिखाए कि भारत में डिजिटल नवाचार के साथ-साथ ड्राइवरों का सशक्तिकरण भी उतना ही अहम है।

## टैरिफ संकट के बीच केंद्र का बड़ा दांव, विनिर्माण बढ़ाकर 2035 तक निर्यात तीन गुना करने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितता और उच्च टैरिफ संकट के बीच भारत भारी खर्च करने के बजाय रणनीतिक बदलावों के जरिये विनिर्माण को बढ़ावा देकर 2035 तक देश के निर्यात को तीन गुना करने की योजना बना रहा है। दो सरकारी अधिकारियों ने बताया, इसके लिए प्रधानमंत्री की तीसरी ऐसी कोशिश में देश 15 क्षेत्रों में विनिर्माण को प्राथमिकता दे रहा है, जिसमें हाई-एंड सेमीकंडक्टर, मेटल और श्रम आधारित लेदर इंडस्ट्री शामिल हैं। इसका मकसद भारत की आर्थिक वृद्धि को बढ़ाना और माल निर्यात को सालाना 1.3 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचाना है।

दरअसल, मोदी सरकार जीडीपी में विनिर्माण का हिस्सा दोगुना कर 25 फीसदी करने में दो बार नाकाम रही है। पहला...2014 में मेक इन इंडिया अभियान के जरिये और दूसरा... 2020 में 23 अरब डॉलर के प्रोत्साहन पैकेज के साथ। नीति निर्माताओं में शामिल एक अधिकारी ने बताया, पिछले कुछ वर्षों में सरकार की कई पहलों के बावजूद विनिर्माण में धीमी वृद्धि देखने को मिली है। अब तीसरी कोशिश में बदलाव लाने के लिए एक साहसिक, फोकस्ड और एकजुट रणनीति की जरूरत है।

अधिकारियों ने बताया, सरकार ने योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए एक पैनल बनाया है, जिसका फोकस बड़ी परियोजनाओं के लिए तेज नियामकीय मंजूरी, जमीन और सस्ता फाइनेंस उपलब्ध कराने पर होगा। इस पैनल की अध्यक्षता एक मंत्री करेंगे, जिसमें कैबिनेट सचिव सहित नौकरशाह भी शामिल होंगे। विनिर्माण हब की पहचान मौजूदा इन्फ्रा, भौगोलिक फायदों और बंदरगाहों से नजदीकी के आधार पर की गई है। यह पैनल विनिर्माण हब के लिए सस्ती बिजली आपूर्ति कराने को राज्यों के साथ काम करेगा। अधिकारियों ने बताया, सरकार लक्षित क्षेत्रों में करीब 30 विनिर्माण हब के लिए बुनियादी ढांचा बनाने पर लगभग 100 अरब रुपये खर्च करेगी। वहीं, चिप्स और एनर्जी स्टोरेज जैसे एडवांस्ड एरिया के लिए 21.8 करोड़ डॉलर का ग्रांट देगी।

## क्या डीजीसीए की सख्ती से इंडिगो को बदलनी पड़ी रणनीति?

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने घरेलू हवाई अड्डों पर 700 से अधिक स्लॉट खाली कर दिए हैं। यह कदम नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा इंडिगो की शीतकालीन उड़ानों में 10 प्रतिशत कटौती के निर्देश के बाद उठाया गया है। सूत्रों के मुताबिक, इंडिगो ने कुल 717 स्लॉट छोड़े हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अन्य एयरलाइनों से इन खाली स्लॉट पर उड़ान संचालन के लिए आवेदन मांगे हैं। मंत्रालय के अनुसार, इंडिगो ने यह स्लॉट उस समय छोड़े जब दिसंबर की शुरुआत में उसकी घरेलू उड़ानों में 10 प्रतिशत कटौती की गई थी।

मंत्रालय के अनुसार, स्लॉट के पुनर्वितरण को लेकर गठित समिति की पहली बैठक 13 जनवरी को हुई थी। इसके बाद एयरलाइनों से उनकी प्राथमिकताओं और अनुरोधों को भेजने को कहा गया है। शर्तों के तहत, एयरलाइनों को अपने मौजूदा रूट बंद किए बिना ही खाली स्लॉट का उपयोग करना होगा।

डीजीसीए के निर्देशों के बाद एयरलाइन की उड़ानों की संख्या कितनी घटी?

इंडिगो आम तौर पर रोजाना 2,200 से अधिक उड़ानें संचालित करती है। लेकिन डीजीसीए के निर्देश के बाद उसकी घरेलू उड़ानों की संख्या घटकर करीब 1,930 प्रतिदिन रह गई है। इससे पहले शीतकालीन कार्यक्रम में इंडिगो को प्रति सप्ताह 15,014 उड़ानों की अनुमति थी, जो औसतन 2,144 उड़ानें प्रतिदिन होती थीं।

दिसंबर की शुरुआत में इंडिगो को भारी परिचालन संकट का सामना करना पड़ा था। 3 से 5 दिसंबर के बीच एयरलाइन ने 2,507 उड़ानें रद्द कीं और 1,852 उड़ानें विलंबित हुईं, जिससे देशभर में तीन लाख से अधिक यात्री प्रभावित हुए। इसके बाद डीजीसीए ने उड़ानों में कटौती का फैसला लिया। उड्डयन उद्योग के विशेषज्ञों का कहना है कि इंडिगो द्वारा छोड़े गए स्लॉट को अन्य एयरलाइनों द्वारा अस्थायी रूप से ही इस्तेमाल किया जा सकता है, क्योंकि मार्च के बाद ये स्लॉट वापस इंडिगो को मिल सकते हैं।

## बजट सत्र से पहले 27 जनवरी को सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र की शुरुआत इस साल 28 जनवरी से होगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी। इसके बाद निर्धारित अवधि में सदन के विधायी कामकाज का निपटारा किया जाएगा। एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आम बजट पेश करेंगी। सत्र की शुरुआत से पहले सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

बजट सत्र से पहले सरकार ने सियासी सहमति बनाने की कवायद तेज कर दी है। संसद के आगामी बजट सत्र से ठीक एक दिन पहले, 27 जनवरी को सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में विधायी कार्यसूची और सत्र के दौरान उठने वाले अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। सरकार का उद्देश्य सत्र को सुचारु रूप से चलाना और सभी दलों की राय जानना है।

बजट सत्र की शुरुआत 28 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक में अभिभाषण से होगी।

## तीन साल बाद राज्यों का राजकोषीय घाटा 3% के पार

**नई दिल्ली।** आरबीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2024-25 में राज्यों का राजकोषीय घाटा बढ़कर जीडीपी का 3.3% हो गया है। जानें कर्ज की स्थिति और जनसांख्यिकीय बदलावों पर रिजर्व बैंक का विश्लेषण।

लगातार तीन साल तक अपने खर्चों को काबू में रखने के बाद, भारतीय राज्यों का राजकोषीय घाटा एक बार फिर बढ़ गया है। भारतीय रिजर्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 में राज्यों का कुल घाटा बढ़कर जीडीपी के 3.3% पर पहुंच गया है, जो इससे पहले 3% से नीचे बना हुआ था। हालांकि, राहत की बात यह है कि घाटे में यह बढ़ोतरी राज्यों की खराब वित्तीय स्थिति के कारण नहीं, बल्कि विकास कार्यों (पूंजीगत निवेश) के लिए केंद्र सरकार से मिले 50 साल के ब्याज-मुक्त कर्ज को लेने की वजह से हुई है।

आरबीआई की रिपोर्ट में बताया गया है कि घाटे का 3% की सीमा से ऊपर जाना अनिवार्य रूप से खराब वित्तीय प्रबंधन का संकेत नहीं है। यह वृद्धि मुख्य रूप से केंद्र सरकार की ओर से पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना के तहत दिए गए 50-वर्षीय ब्याज मुक्त ऋणों को दर्शाती है। यह उधारी राज्यों की सामान्य शुद्ध उधार सीमा से ऊपर है, जिसका सीधा असर राजकोषीय आंकड़ों पर पड़ा है। आगामी वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भी, राज्यों ने अपने सकल राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 3.3% पर ही बजट किया है, हालांकि इस दौरान राजस्व व्यय को नियंत्रित करके खर्च की संरचना में सुधार करने का लक्ष्य रखा गया है।

राज्यों की कुल देनदारियों के मोर्चे पर रिपोर्ट मिश्रित लेकिन सकारात्मक संकेत देती है।

गिरावट का दौरः मार्च 2021 के अंत में राज्यों की समेकित देनदारियां GDP के 31% के शिखर पर थीं, जो वित्तीय समेकन के प्रयासों और अनुकूल ऋण गतिशीलता के कारण मार्च 2024 के अंत तक घटकर 28.1% रह गईं।

## इंश्योरेंस आधारित निवेश विकल्प दे सकते हैं स्थिरताः बंधन लाइफ इंश्योरेंस

**लखनऊ।** वित्तीय बाजारों में अनिश्चितता बनी हुई है। ऐसे समय में इंश्योरेंस आधारित निवेश विकल्प लंबे समय के निवेश पोर्टफोलियो में एक स्थिर घटक के रूप में उभर रहे हैं। ये प्लान्स सुरक्षा प्रदान करते हैं, भविष्य की योजना बनाने में मदद करते हैं और विकास में भागीदारी का अवसर भी देते हैं। बंधन लाइफ इंश्योरेंस के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ सतीश्वर बी. के अनुसार, बीमा में यूलिप जैसे प्लान्स खास तौर पर उन लोगों के लिए संतुलन प्रदान कर सकते हैं जो अपनी कमाई के सबसे अच्छे वर्षों में हैं और भविष्य के लिए मजबूत वित्तीय आधार बनाना चाहते हैं।

बंधन लाइफ के एमडी और सीईओ सतीश्वर बी. ने कहा बाजार में उतार-चढ़ाव आता रहता है, लेकिन वित्तीय योजना स्थिर होनी चाहिए। अस्थिर बाजार परिस्थितियों में निवेश को लेकर झिझक महसूस होना स्वाभाविक है, खासतौर पर तब, जब लक्ष्य लंबी अवधि का रिटर्न पाने के साथ वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करना हो। ऐसे में निवेशकों को उन बीमा-आधारित निवेश विकल्पों पर विचार करना चाहिए, जो बाजार से जुड़े विकास, नुकसान से सुरक्षा और जीवन कवर प्रदान करते हैं और अनिश्चितता के दौर में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने में मदद करते हैं। सतीश्वर बी. का कहना है कि निवेशकों के लिए फोकस स्थिरता और जोखिम प्रबंधन पर होना चाहिए। बाजार में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव के कारण वित्तीय सुरक्षा से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा चाहे कोई स्थिरता के लिए पार प्लान चुने, संतुलित वृद्धि के लिए डेट या फ्लेक्सी-कैप यूलिप, या सुरक्षा के साथ लाभ देने वाले हाइब्रिड प्लान जीवन बीमा में निवेश एक समझदारी भरा कदम है। ये योजनाएं न केवल निवेश को बढ़ाने में मदद करती हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित करती हैं कि किसी भी परिस्थिति में परिवार की आर्थिक सुरक्षा बनी रहे।

इक्विटी बाज़ार में लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ है, जिससे निवेशक बोनस या सैलरी में बढ़ोतरी जैसी अतिरिक्त आय को बाज़ार से जुड़े निवेशों में लगाने को लेकर सतर्क हैं।

हालाँकि लंबी अवधि का निवेश अभी भी ज़रूरी है, लेकिन मौजूदा अनिश्चितता के कारण ऐसे विकल्पों में रुचि बढ़ी है जो रिटर्न के साथ-साथ पूंजी की सुरक्षा और वित्तीय स्थिरता भी देते हैं। उन्होंने तीन प्रमुख इंश्योरेंस-आधारित विकल्पों की ओर ध्यान दिलाया, जिन पर निवेशक विचार कर सकते हैं। पार्टिसिपेटिंग (पार) प्लान्सः पार प्लान उन निवेशकों के लिए विशेष रूप से उपयोगी हैं जो अपनी पूंजी को सुरक्षित रखते हुए लंबे समय में स्थिर रूप से बढ़ाना चाहते हैं। इन योजनाओं में जीवन बीमा कवर के साथ बोनस से जुड़े रिटर्न मिलते हैं, जो बाजार के उतार-चढ़ाव से प्रभावित नहीं होते। समय के साथ ये बोनस मैच्योरिटी बेनेफिट को बढ़ा सकते हैं या भविष्य के प्रीमियम भुगतान में मदद कर सकते हैं। यही कारण है कि पार प्लान पूर्वानुमानित और कम जोखिम वाले संचय की तलाश करने वाले निवेशकों के लिए उपयुक्त माने जाते हैं।

## भारतीय व्यवसायों को वैश्विक मंच देगा जोहो

**तंजावुर।** जोहो ने अपनी नई जोहो ईआरपी सेवा को तमिलनाडु के कुंभकोणम में लॉन्च किया है। यह एक पूरी तरह से भारत में बनी एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग प्रणाली है, जो खास तौर पर तेजी से बढ़ते भारतीय व्यवसायों के लिए तैयार की गई है। जोहो ईआरपी की खास बात यह है कि यह पुराने और महंगे ईआरपी सिस्टम की तुलना में ज्यादा लचीला, आसान और कम खर्चीला है। जोहो ने भारतीय व्यवसायों को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को कुंभकोणम से जोहो एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। जोहो के सह-संस्थापक व चीफ साइंटिस्ट डॉ. श्रीधर वेम्बु ने कहा, ईआरपी प्लेटफॉर्म में ऐसे फीचर्स को शामिल किया गया है जो मौजूदा पारंपरिक प्लेटफार्म में नहीं है। जहां पहले से उपलब्ध अन्य प्लेटफार्म में एआई को एक अतिरिक्त लेयर के रूप में जोड़ा जाता है, वहीं जोहो ईआरपी के पूरे प्लेटफार्म में पहले से इसे समाहित किया गया है। मेड इन इंडिया, एआई नेटिव जोहो ईआरपी भारतीय व्यवसायों को वैश्विक स्तर पर विकास करने में सक्षम बनाएगा।

वेम्बु ने कहा, जोहो ईआरपी भारतीय व्यवसायों को सरलता से कम लागत में आगे बढ़ने में सहायक होगा। इस एक ही प्लेटफार्म में कोर फाइनेंशियल मैनेजमेंट, बिलिंग, स्पेंड मैनेजमेंट, सप्लाई चेन मैनेजमेंट, आमेनीचैनल कॉमर्स और पेरोल मैनेजमेंट को इंटीग्रेट किया गया है। एसेट मैनेजमेंट, बजटिंग, वित्तीय समापन की सुविधा भी दी गई है।

यह हमारे लिए एक सपने जैसा है। 15 साल से अधिक समय से हम इस पर काम कर रहे थे। इसका यूजर इंटरफेस मॉर्डन होने के साथ इतना यूजर फ्रेंडली है कि इसे अपनाना बहुत सरल होगा। प्लेटफार्म को आसानी से कस्टमाईज किया जा सकता है। - डॉ. श्रीधर वेम्बु, सह संस्थापक, जोहो जोहो ईआरपी में मैन्यूफैक्चरिंग, डिस्ट्रीब्यूशन, रिटेल और नॉन प्रॉफिट संगठनों के लिए उनकी जरूरत के अनुसार फीचर्स हैं। यह उनकी संचालन और अनुपालन से जुड़ी विशेष जरूरतों को पूरा करता है।

# मेदांता अस्पताल ने की ओ-आर्म स्पाइन सुइट की शुरुआत

■ **स्पाइन सर्जरी में सटीकता को नया आयाम**

■ **स्पाइन सर्जरी में नई तकनीक, लखनऊ में मेदांता ने शुरू किया ओ-आर्म स्पाइन सुइट**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में स्पाइन और न्यूरोसर्जरी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मेदांता ने अपने लखनऊ केंद्र में अत्याधुनिक ओ-आर्म स्पाइन सुइट की शुरुआत की है। इसके साथ ही मेदांता लखनऊ शहर का पहला अस्पताल बन गया है, जहां यह उन्नत इंट्रा-ऑपरेटिव इमेजिंग और नेविगेशन तकनीक उपलब्ध है। यह तकनीक ऑपरेशन थिएटर के भीतर ही रियल टाइम में उच्च गुणवत्ता की 2डी और 3डी तस्वीरें उपलब्ध कराती है, जिससे स्पाइन और मस्तिष्क की जटिल सर्जरी पहले से अधिक सुरक्षित, तेज और सटीक हो सकेगी।

अब तक स्पाइन और क्रेनियल सर्जरी में एमआरआई या सीटी स्कैन ऑपरेशन से पहले या बाहर किए जाते थे। ओ-आर्म स्पाइन सुइट इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए सर्जरी के दौरान ही डॉक्टरों को शरीर के अंदर की स्पष्ट तस्वीरें दिखाता है। इसे अक्सर स्पाइन के लिए जीपीएस सिस्टम कहा जाता है, क्योंकि इससे डॉक्टर संकरे और संवेदनशील हिस्सों में भी सटीक स्थान की पहचान कर पाते हैं, जिससे सर्जरी की शुद्धता काफी बढ़ जाती है।

इस अवसर पर मेदांता के मेडिकल डायरेक्टर एवं यूरोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी के निदेशक डॉ. राकेश कपूर ने कहा कि ओ-आर्म की शुरुआत मेदांता की उन्नत और भरोसेमंद इलाज की सोच को दर्शाती है। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास है कि उत्तर प्रदेश में भी दुनिया के बेहतरीन इलाज की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। ओ-आर्म स्पाइन सुइट से सर्जरी अधिक सुरक्षित और सटीक होगी, साथ ही मरीजों की रिकवरी भी तेज होगी।

न्यूरोसर्जरी विभाग के निदेशक डॉ. कमलेश सिंह भैसोरा ने बताया कि यह तकनीक स्पाइन और मस्तिष्क की सर्जरी में बड़ा बदलाव लेकर आई है। उन्होंने कहा, सर्जरी के दौरान ही तीन आयामी तस्वीरें मिलने से हम तुरंत सटीकता की पुष्टि कर सकते हैं। इससे चीरा छोटा रहता है, खून कम बहता है, ऑपरेशन का समय घटता है और मरीज जल्दी ठीक होता है।

न्यूरोसर्जरी निदेशक डॉ. रवि शंकर ने कहा कि यह प्रणाली जटिल और जोखिम भरी सर्जरी में सुरक्षा को और मजबूत करती है। उनके अनुसार, ओ-आर्म लगातार नेविगेशन की सुविधा देता है, जिससे डॉक्टरों को कठिन हिस्सों में भी पूरे भरोसे के साथ काम करने में मदद मिलती है।

ऑर्थोपेडिक्स और स्पाइन विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. श्वेताभ वर्मा ने कहा कि यह तकनीक खासतौर पर मिनिमली इनवेसिव स्पाइन सर्जरी के लिए बेहद उपयोगी है। उन्होंने बताया, सटीक इम्प्लांट लगाने और आसपास के टिश्यू को कम नुकसान होने से मरीजों को ऑपरेशन के बाद दर्द कम होता है और वे अक्सर दो से तीन दिन में अस्पताल से घर जा सकते हैं।

# उप्र की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ाने में सीएम योगी का अविस्मरणीय योगदान : दिनेश प्रताप

**कुशीनगर में भव्यता के साथ मनाया गया उत्तर प्रदेश दिवस**

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर जिला स्टेडियम कुशीनगर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने यूपी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जब उन्हें कुशीनगर जनपद का प्रभारी मंत्री बनाया गया था, तो नेपाल सीमा से सटे इस जनपद की जिम्मेदारी को लेकर मन में आशंका थी, परंतु यहां आने के बाद उन्हें अनुभव हुआ कि कुशीनगर सांस्कृतिक, राजनीतिक एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध जनपद है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हमारी संस्कृति और परंपराएं रामायण जैसे महान ग्रंथों



यूपी दिवस का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि मंत्री दिनेश प्रताप व सांसद विजय दुबे

के माध्यम से आगे बढ़ी हैं, उसी प्रकार उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रयास सदैव स्मरणीय रहेंगे। उन्होंने कहा कि कुशीनगर की विरासत को खोजकर उसे आगे बढ़ाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाएंगे तथा जनपद के समग्र विकास के लिए सभी को संकल्प लेना होगा।

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि उत्तर प्रदेश एक राज्य किसी देश कम नही है। उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है, क्योंकि 24 जनवरी 1950 को उत्तर प्रदेश राज्य की स्थापना हुई थी। उन्होंने कहा कि प्रशासन निरंतर सभी वर्गों को साथ लेकर विकास के कार्यों को आगे बढ़ा रहा है और आने वाले समय में हर तीन माह में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देगा। उन्होंने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा प्रशस्ति



विभिन्न विभागों की 16 करोड़ योजनाओं का चेक वितरण करते अतिथि

पत्र एवं डमी चेक के माध्यम से लगभग 16 करोड़ 4 लाख रुपए की योजनाओं का वितरण मुख्य अतिथि एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री के साथ अन्य जन प्रतिनिधि गण व अधिकारियों द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण भी किया गया।

### पीएम मोदी व सीएम योगी के हाथों देश व प्रदेश सुरक्षित : सांसद

सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे ने कहा कि वर्ष 1950 में उत्तर प्रदेश राज्य की स्थापना हुई, किंतु यह आश्चर्यजनक है कि जिस भूमि पर प्रभु श्रीराम और श्रीकृष्ण का अवतरण हुआ, जहां अयोध्या, काशी जैसी महान धरोहरें हैं, वहां यूपी दिवस मनाने में लगभग 70 वर्ष लग गए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में देश और प्रदेश सुरक्षित हाथों में हैं और निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हैं।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में विधायक हाटा मोहन वर्मा, विधायक खड्डा विवेकानंद पांडे, विधायक रामकोला विनय प्रकाश गोंड, विधायक पडरौना मनीष जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्गेश राय, पिछड़ा आयोग सदस्य फूल बदन कुशवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधि व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, परियोजना निदेशक पियूष कुमार सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### विकास की नई ऊंचाइयों को छूएगा कुशीनगर : आरपीएन

राज्यसभा सांसद कुंवर आर.पी.एन. सिंह ने उपस्थित जनसमूह को यूपी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कुशीनगर जनपद जिस गति से विकास कर रहा है, उसमें और तेजी लाई जाएगी तथा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जनपद को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया जाएगा।

# तमकुहीराज में आवासीय पट्टा आवंटन को लेकर बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर

**एक ही भूमि पर पति-पत्नी के नाम दो पट्टे, प्रशासनिक भूमिका पर उठे सवाल**

अवधनामा संवाददाता

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के गांव परिखहवा उर्फ करजहा में आवासीय पट्टा आवंटन को लेकर एक गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है, जिसने तहसील प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। आरोप है कि पहले पति के नाम आवासीय पट्टा स्वीकृत किया गया और कुछ वर्षों बाद नियमों को दरकिनार करते हुए उसी भूमि पर पत्नी के नाम भी फर्जी तरीके से आवासीय पट्टा जारी कर दिया गया।

उल्लेखनीय हो कि यह मामला उस समय उजागर हुआ जब जनसूचना अधिकार (आरटीआई) के तहत प्राप्त जानकारी में तहसील प्रशासन ने स्पष्ट किया कि खाता संख्या 310 की बंजर भूमि पर किसी भी प्रकार का कोई पट्टा आवंटित नहीं किया गया है। इसके बावजूद आरोप है कि लेखपाल खालिद द्वारा धारा 67 के अंतर्गत विचाराधीन फाइल संख्या 67 में प्रभावित होकर भूमि पर पट्टा होने की रिपोर्ट लगा दी गई। इसी रिपोर्ट के आधार पर चकरोड को अवरुद्ध कर पक्का निर्माण करा दिया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसील प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवाया और अवैध कब्जे को लेकर धारा 67 के तहत कार्रवाई भी शुरू की। इस दोहरी कार्रवाई से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि एक ही परिवार में पहले पति को आवासीय पट्टा दिया गया, फिर फर्जी तरीके से पत्नी के नाम भी पट्टे के कागज तैयार करा दिए गए। जब आरटीआई में पट्टा न होने की पुष्टि हुई, तो फिर लेखपाल द्वारा पट्टा होने की रिपोर्ट किस आधार पर लगाई गई–यह बड़ा सवाल बना हुआ है।ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस संबंध में तमकुहीराज की उपजिलाधिकारी आकांक्षा मिश्रा ने मामले की गंभीरता को स्वीकार करते हुए जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# उत्तर प्रदेश दिवस पर किया गया कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के अवसर पर भारत रत्न पं0 अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अध्यक्षता मा. प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले/जनपद के प्रभारी मंत्री आशीष कुमार पटेल द्वारा की गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उत्तर प्रदेश की गौरवशाली परंपरा, समृद्ध संस्कृति एवं ऐतिहासिक विरासत को प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा लोकनृत्य, लोकगीत तथा देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। यूपी दिवस के अवसर पर मा. प्रभारी मंत्री द्वारा विभिन्न



लाभपरक परियोजनाओं के लाभार्थियों को टूलकिट, डेमोचेक, प्रशस्ति पत्र तथा कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश न केवल देश का सबसे बड़ा राज्य है, बल्कि यह सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से भी देश को दिशा देने वाला प्रदेश रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास, सुशासन और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, आवास, रोजगार एवं औद्योगिक विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। मंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधियों, जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना व मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल एवं जिला स्तरीय अधिकारी ने उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर जनपद की विभिन्न विभागों द्वारा अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, एक जिला एक व्यंजन, जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, पंचायतीराज विभाग, बेसिक शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष विभाग, पर्यटन विभाग, व्यवसायिक शिक्षा विभागों द्वारा लगाये गये स्टाल का अवलोकन किया।

# लापता युवक का पोखरे में मिला लाश, मचा कोहराम

**क्षेत्र के सेंदुआर गांव का मामला पांच दिन पूर्व हुआ था लापता**

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** क्षेत्र के सेन्दुआर गांव निवासी एक युवक की लाश शनिवार को एक पोखरे में उतराता देख सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। बताया जा रहा कि युवक पांच दिन से लापता था।

जानकारी के अनुसार आशीष यादव पुत्र धर्मदेव यादव (25) वर्ष निवासी सेन्दुआर बीते दिनांक 19 जनवरी 2026 को शाम लापता हो गया। परिजन काफी खोजबीन किया लेकिन आशीष का कुछ पता नहीं चला। पिता धर्मदेव यादव ने स्थानीय थाने में गुमशुदगी की तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। परिजन के तहरीर के आधार पर पुलिस



गुमशुदगी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई थी। शनिवार को उसका शव गांव के बगल मुंडेरा बाबू विष्णु मंदिर के पीछे स्थित पोखरे में शव उतराता हुआ मिला। इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। परिजनों के अनुसार मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह मंदबुद्धि का था उसका इलाज गोरखपुर में चल रहा था। मृतक दो भाई थे मृतक भाइयों में सबसे छोटा था। वहीं इस घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

# स्व. कर्पूरी ठाकुर गरीबों, पिछड़ों और दबे-कुचले वर्ग की आवाज बनकर उभरे : सांसद

**कर्पूरी ठाकुर की 102 वा जयंती पर पडरौना में हुआ कंबल वितरण**

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पड़रौना के हरका में शनिवार को भारत रत्न व सामाजिक न्याय के प्रणेता स्व. कर्पूरी ठाकुर (पूर्व मुख्यमंत्री, बिहार) की 102वीं जयंती के अवसर पर कंबल वितरण किया गया, जिसके मुख्य अतिथि कुशीनगर सांसद विजय कुमार दूबे रहे। कार्यक्रम की शुरुआत कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अतिथियों ने दिया। इस मौके पर सैकड़ों निर्धन, निराश्रित महिलाओं एवं वृद्धजनों को कंबल वितरित किए गए।

मुख्य अतिथि सांसद विजय कुमार दूबे ने अपने संबोधन में कहा कि श्रद्धेय कर्पूरी ठाकुर जी का समर्पित जीवन आज



स्व. कर्पूरी ठाकुर को नमन करते सांसद विजय कुमार दुबे

भी सामाजिक समरसता, समानता और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने का यह प्रयास सराहनीय एवं अनुकरणीय है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने जन कल्याणकारी योजनाओं से समाज के अंतिम वर्ग को लाभ दिलाने के कार्य किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज उत्तर प्रदेश में पिछले 7 वर्षों में उत्तर प्रदेश को विकसित राज्य बनाने का कार्य किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर जिला महामंत्री पिछड़ा मोर्चा सुशील शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन निलेश शर्मा ने किया। आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अन्त में कार्यक्रम संयोजक सुशील शर्मा ने एक मांग पत्र सासंद को दिया जिसमें पड़रौना नगर या कुशीनगर जिले के किसी चौराहे पर भारत रत्न श्रद्धेय स्व कर्पूरी ठाकुर जी की एक मूर्ति लगवाने के लिए मांग किया।

# कानून व्यवस्था की समीक्षा में पुलिस के कार्यों की सराहना की गयी

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले व जनपद के प्रभारी मंत्री आशीष कुमार पटेल की अध्यक्षता में कलेक्टेट सभागार में जनपद के विकास कार्यो व कानून व्यवस्था की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर विधायक हरैया अजय सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, एमएलसी प्रतिनिधि हरीश सिंह, विधायक कप्तानगंज प्रतिनिधि गुलाब चन्द्र सोनकर, हरैया के सरोज मिश्र, सदर के मो. सलीम, महादेवा के फूलचन्द्र श्रीवास्तव, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा तथा अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें। बैठक प्रारम्भ होने के पूर्व जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा प्रभारी मंत्री को बुके देकर तथा अन्य जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया गया।

जनपद के प्रभारी मंत्री ने सर्वप्रथम कानून व्यवस्था की समीक्षा किया, जिसमें पुलिस विभाग के बेहतर कार्यप्रणाली से सभी जनप्रतिनिधियो ने संतोष व्यक्त किया। उन्होने पिछले बैठक की 128 परियोजनाओं की समीक्षा किया, जिसमें जलजीवन मिशन योजना के अन्तर्गत



शासन द्वारा बजट आवंटन प्राप्त हुआ, उसके सापेक्ष विभाग द्वारा जो कार्य किए गये है, उसके प्रगति की जानकारी प्राप्त किया। इसमें जनप्रतिनिधियों द्वारा मा. मंत्री को अवगत कराया गया कि जलजीवन मिशन के अन्तर्गत पाईप लाइन बिछायी जाती है, उसे मानक के अनुरूप एक मीटर जमीन के नीचे पाईप नही डालते है, ठेकेदारों द्वारा कम गहराई में पाईप बिछा दिया जाता है, जिससे पाईप फटकर जल भराव हो जाता है, जिससे आम जनमानस को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा विद्युत विभाग द्वारा ग्रामीण/शहरी क्षेत्रो में रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति, मा. विधायक हरैया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा मा. प्रभारी मंत्री से शिकायत की गयी कि विद्युत विभाग में कार्य करने वाले आउटसोर्स कर्मचारियों जो वास्तविक रूप से जो कार्य करते है, उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाय, उनसे कार्य लिया जाय। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़को के निर्माण कार्य की समीक्षा, उ.प्र. राज्य सेतु निगम, पुलिस विभाग के भवनों के निर्माण की प्रगति, मेंडिकल कालेज भवनों, पीएचसी/सीएचसी भवनों तथा जनपद के अन्य विभागों के निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा किया। मा. प्रभारी मंत्री ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजरों को निर्देश दिया कि निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत सभी निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाय।

मा. जनप्रतिनिधियों द्वारा मेडिकल कालेज में पैरासीटामाल टेबलेट उपलब्ध न होने की शिकायत की गयी तथा मरीजो को समुचित तरीके से मेडिकल कालेज में उपचार नही किया जा रहा है बल्कि मरीजो को रेफर करके अन्य मेडिकल कालेजों में भेज दिया जाता है, यह स्थिति ठीक नही है। मा. मंत्री जी ने कहा कि मेडिकल कालेज के प्राचार्य आज इस बैठक में उपस्थित नही है और न ही मेडिकल कालेज की जो शिकायत मिली है, इस संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त कर अवगत कराने का निर्देश दिया गया। उन्होने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि एक बार खुद जाकर मेडिकल कालेज के स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर ले, जो कमिया पायी जाय, उसे तत्काल ठीक कराने हेतु निर्देशित किया जाय।

मा. मंत्री ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि जनपद में जो भी विकास कार्यो के निर्माण कार्य कराये जा रहे है, उसकी गुणवत्ता जॉच करने के लिए टीम गठित कर जॉच कराने का निर्देश दिया गया। बैठक के अन्त में जिलाधिकारी ने मा. प्रभारी मंत्री जी द्वारा बैठक में जो भी निर्देश दिये गये है उसका शतप्रतिशत अनुपालन कराकर अगली बैठक में प्रस्तुत किया जायेगा। उन्होने सभी मा. जनप्रतिनिधियों को इस बैठक में प्रतिभाग करने पर आभार व्यक्त किया गया तथा जनपद के समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों/जिला प्रशासन/पुलिस प्रशासन के तरफ से जनपद के मा. प्रभारी मंत्री को आभार व्यक्त किया गया।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मनाया गया उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस 2026



अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस 2026 आयुक्त सभागार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल लखनऊ से प्रसारित होने वाले कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया, जिसमें भारत की स्वतंत्रता में उत्तर प्रदेश के महान विभूतियों के योगदान, विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश के निमार्ण, एक जिला एक ब्यंजन के संजीव प्रसारण देखा गया।

आयुक्त द्वारा उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि उत्तर प्रदेश न केवल जनसंख्या की दृष्टि से बल्कि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक दृष्टि से भी देश का एक प्रमुख राज्य है। प्रदेश ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर वर्तमान समय तक राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सरकार की विकासपरक योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने तथा उत्तर प्रदेश को विकसित राज्य बनाने के संकल्प के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर अपर आयुक्त (न्यायिक) सुरेन्द्र प्रसाद यादव, अपर आयुक्त (प्रशासन) मनोज कुमार तिवारी. उपनिदेशक पंचायत समरजीत यादव, संयुक्त कृषि निदेशक रामबचन राम, अपर निदेशक पशुपालन डा0 जीवन लाल, उप निदेशक अर्थ एवं संख्या, अधीक्षण अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, न्याय सहायक रमेश चन्द्र कन्नौजिया, वरिष्ठ सहायक जितेन्द्र कुमार श्रीवस्तव, शमीम अहमद, महेन्द्र कुमार, आदि मण्डल स्तरीय अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर हुआ शपथ ग्रहण कार्यक्रम



**अमेठी।** शनिवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर सभी परिषदीय विद्यालय खुले रहे। नेता जी के चित्र पर माल्यार्पण के बाद शिक्षकों ने छात्र छात्राओं को उनके जीवन दर्शन की जानकारी दी।कई विद्यालयों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ भी दिलाई गई। प्राथमिक विद्यालय नकदेईयापुर में प्र अ हरिकेश भारती ने बच्चों को नेता जी के जीवन दर्शन और आजाद हिन्द फौज के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने कठिन संघर्ष करके सर्वसमाज को समान वोट का अधिकार दिया है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत प्रतिशत मतदान जरूरी है।यह काम मताधिकार के बगैर सम्भव नहीं , इसलिए सभी लोग मतदाता सूची की जांच कर लें। यदि मतदाता सूची में नाम नहीं है तो प्रारुप छः फार्म भरकर वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराएं।इस समय निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

## मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ श्री शिव प्रताप इंटर कालेज का वार्षिकोत्सव



**अमेठी।** श्री शिव प्रताप इंटर कालेज में वार्षिकोत्सव और शिक्षक छात्र सम्मान समारोह का संयुक्त आयोजन किया गया। समारोह में छात्र छात्राओं ने मनमोहन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में अभिभावकों के साथ आसपास के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य और शिक्षक भी शामिल हुए। प्रबंधक नव किशोर सिंह ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया और विद्यालय की शैक्षिक प्रगति और उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। विद्यालय की संरक्षक गिरिजा सिंह, अध्यक्ष योगिता सिंह और योगेन्द्र नाथ सिंह ने मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शिवभूषण उपाध्याय, अजीत कुमार सिंह, जयप्रकाश द्विवेदी, अरूण कुमार त्रिपाठी, उप प्राचार्य संजय कुमार राव,राम बहादुर सिंह, दिग्विजय सिंह ,वसीम अहमद, आलोक कुमार गुप्ता , अशोक यादव आदि मौजूद रहे।

## 25 जनवरी 2026 को मनाया जाएगा 16 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**बस्ती।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान ने विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 25 जनवरी 2026 को 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाये जाने का निर्देश दिये गये है। इसके अन्तर्गत मतदाता जागरूकता से संबंधित जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेंगा। उन्होने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2026 के अवसर पर मतदाताओं को जागरूक किए जाने हेतु 25 जनवरी 2026 को पूर्वान्ह 10.30 बजे से जनपद स्तर पर माध्यमिक शिक्षण संस्थानों को छात्र-छात्राओं द्वारा बहुउद्देशीय हाल, राजकीय इण्टर कालेज बस्ती में मतादाता शपथ लिए जाने एवं मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों, स्वागत गीत, मतदाता जागरूकता गीत, मतदाता जागरूकता नृत्य व नुक्कड नाटक आदि का आयोजन किया जायेंगा। इस अवसर पर पूर्वान्ह 11 बजे समस्त एकत्रित छात्र-छात्राओं एवं अधिकारियो-कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से मतदाता शपथ लिया जायेंगा। मतदाता शपथ के पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।

# तीन दिवसीय यूपी दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन, प्रभारी मंत्री ने योजनाओं के स्टॉल देखे

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** शनिवार को जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर परिसर में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय यूपी दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिले के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

मंत्री शर्मा ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए योजनाओं के स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

समारोह के दौरान प्रभारी मंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात की। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को पोषाहार किट वितरित की और छोटे बच्चों का अन्नप्राशन कराया। इसके अतिरिक्त, आयुष्मान



भारत योजना के तहत पांच चयनित लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी सौंपे गए। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, ओडीओपी, कृषि, सूचना प्रसारण और बाल विकास विभाग सहित कई अन्य विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। प्रभारी मंत्री ने विभिन्न खेलों में देश और प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर डीएम संजय चौहान, एसपी अपर्णा रजत कौशिक, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, सीडीओ, सीएमओ, डिप्टी आरएमओ समेत कई विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एसआईआर : पडरौना के पूर्व चेयरमैन का नाम गायब, नोटिस मिलने पर हड़कंप

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान अब केवल आम मतदाताओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसकी आंच सीधे राजनीतिक नेतृत्व तक पहुंच गई है। पडरौना नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन नरेन्द्र वर्मा का नाम मतदाता सूची से गायब होने के बाद इलाके में हलचल मच गई है। हैरानी की बात यह है कि पूर्व चेयरमैन को बाकायदा नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है, जिससे एसआईआर प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

सूबे के उप्र में लगभग 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट वोटर सूची से हटाए गए हैं। इसका मुख्य कारण यह बताया गया है कि वे मर चुके हैं या फिर दूसरे स्थान पर चले गए हैं, उनका पता नहीं मिला या मैपिंग (वर्ष 2003 की सूची से मिलान) नहीं हुई। ऐसे मतदाताओं को दावा-आपत्ति प्रक्रिया के तहत दस्तावेज़ प्रस्तुत करने के लिए नोटिस के माध्यम से मौका दिया जा रहा है। एसआईआर के तहत जारी ड्राफ्ट मतदाता सूची में जब पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा ने अपना नाम तलाशा, तो वह सूची से नदारद मिले। इसके बाद निर्वाचन तंत्र द्वारा उन्हें नोटिस थमा दिया गया, जिसमें तय समय सीमा के भीतर दस्तावेज़ प्रस्तुत कर दावा करने के लिए कहा गया है। मजे की बात यह कि जिस व्यक्ति ने वर्षों तक नगर का नेतृत्व किया, अपने मत का प्रयोग किया और लोकतंत्र की रक्षा का दायित्व निभाया, उसी व्यक्ति का नाम कट जाना प्रशासनिक लापरवाही है या फिर व्यवस्था की खामी का नजीर।

### पूर्व चेयरमैन नरेन्द्र वर्मा बोले

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा ने मतदाता सूची से नाम कटने के बाद नाराजगी जताते देते हुए कहा कि मैं वर्षों से पडरौना का स्थाई निवासी हूं। मैं पिछले पचास वर्षों से लगातार विधानसभा, लोकसभा और नगर पालिका, तीनों स्तरों के चुनावों में मतदान करते आ रहा हूं। इसके अलावा लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत नगर पालिका अध्यक्ष जैसे संवैधानिक पद पर रहकर जनता की सेवा की है। इसके बावजूद एसआईआर के नाम पर मेरा नाम मतदाता सूची से काट दिया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। मेरा नाम कभी किसी चुनाव में मतदाता सूची से नहीं कटा, फिर अचानक एसआईआर के नाम पर मुझे अपात्र साबित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह मामला सिर्फ मेरा नहीं है, बल्कि हर उस नागरिक का है, जिसका मताधिकार प्रशासनिक लापरवाही की भेंट चढ़ रहा है।

### नोटिस और दावा-आपत्ति

जानकारों की माने तो जिनके नाम ड्राफ्ट लिस्ट में नहीं हैं, उन्हें नोटिस भेजा गया है।नोटिस प्राप्त मतदाता निर्धारित समय सीमा में अपने दस्तावेज़ प्रस्तुत कर दावा दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए मतदाता को पहचान और निवास दस्तावेज़ों के साथ दावा फॉर्म 6,7 और 8 भरना होगा। तय समय सीमा के बाद अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी, जिसमें दावे स्वीकार होने के बाद नाम जोड़े जा सकते हैं।

# सुदृण कानून व्यवस्था के भयमुक्त समाज का निर्माण संभव हुआ है : राकेश गर्ग

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जनपद में 77वां उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस अत्यंत हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया, इस विशेष अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में प्रदेश की समृद्ध, संस्कृति, गौरवशाली परंपरा और कला का शानदार प्रदर्शन किया गया, प्रदेश की संस्कृति की परंपरा का निर्वहन करते हुए सर्वप्रथम मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन किया गया, साथ ही साथ इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन भी मुख्य अतिथि और विशेष अतिथियों द्वारा किया गया, इन प्रदर्शनियों में पर्यटन एवं उद्योग विभाग द्वारा जनपद की बढ़ती औद्योगिक क्षमता और पर्यटन स्थलों का प्रदर्शन किया गया, जबकि एनआरएलएम और मिशन शक्ति के प्रदर्शनियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण की झलक दिखाई गई, कृषि क्षेत्र में अपनाई जा रही आधुनिक तकनीक और उपलब्धियों से संबंधित स्टॉल भी लगाई गई। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि राकेश गर्ग अध्यक्ष उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड कानपुर ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था निरंतर मजबूत हो रही है, सुदृण कानून व्यवस्था के कारण एक भयमुक्त समाज का निर्माण संभव हुआ है, जो निवेश और प्रगति के लिए अनिवार्य हैं, विद्युत क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव उपस्थित हुए हैं, अब 22 से 23 घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही है, साथ ही साथ रोड कनेक्टिविटी में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, बिजली और सड़के किसी भी राज्य की प्रगति का आधार स्तंभ होते हैं, प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 52 हजार से बढ़कर एक लाख के ऊपर निकल गई है, राज्य में पर्यटन क्षेत्र में क्रांतिकारी वृद्धि हुई है, विशेषकर ग्रामीण पर्यटन और धार्मिक पर्यटन में नए कीर्तिमान स्थापित किये है, सरकार की प्रभावी उद्यमी नीतियों के कारण युवा आज जॉब सीकर के बजाय जॉब प्रोवाइडर बन रहे हैं। अंत में उन्होंने नागरिकों और जिम्मेदार पदों पर आसीन व्यक्तियों से अपील की है कि जिसे जो भी कार्य सौंपा गया है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऐं, तभी एक सशक्त प्रदेश और समग्र राष्ट्र का निर्माण सुनिश्चित होगा। इस अवसर पर बोलते हुए जिलाधिकारी रमेश रंजन ने कहा कि मैं यू0पी0 स्थापना दिवस के अवसर पर सभी जनपद वासियों को बधाई देता हूं, उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रशासन का मुख्य लक्ष्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, जनपद में कृषि, उद्योग और एनआरएलएम के माध्यम से स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है, उन्होंने आगे कहा कि सड़क, बिजली और सुरक्षा के मोर्चे पर जो ऐतिहासिक सुधार हुए हैं, हम उन्हें स्थानीय स्तर पर और अधिक सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर बोलते हुए मेयर कामिनी राठौर ने कहा कि उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन रहा है, वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह और गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने भी प्रदेश के स्थापना दिवस पर सभी जनपद वासियों को बधाई दी और यह आशा और विश्वास भी व्यक्त किया कि हम सब मिलकर प्रदेश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करेंगे।

## नारायण कॉलेज शिकोहाबाद में उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन



**शिकोहाबाद।** नारायण कॉलेज में उत्तर प्रदेश दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विविध शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रदेश के गौरवशाली अतीत और उज्ज्वल भविष्य के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय ने उत्तर प्रदेश के प्रतिष्ठित इतिहास, सांस्कृतिक विरासत एवं देश के विकास में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने शिक्षा, संस्कृति, साहित्य, राजनीति और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में सदैव अग्रणी योगदान दिया है। विद्यार्थियों को संवेदनशील बनाने एवं उनकी रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ÷मेरा उत्तर प्रदेशकृविकसित एवं सशक्त÷ विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर डॉ. आलख नारायण, डॉ. अरविंद, डॉ. प्रियंका, डॉ. वीरेंद्र, डॉ. शुभी, डॉ. इंद्रदेव एवं डॉ. दिनेश सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र और प्रदेश के विकास में युवाओं की भूमिका पर सार्थक संदेश के साथ हुआ।

## मतदाता दिवस का आयोजन कर युवाओं को किया मतदाता बनने के लिए प्रेरित

**शिकोहाबाद।** बीडीएम गर्ल्स डिग्री कॉलेज में शनिवार को महाविद्यालय में प्राचार्या की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। 16वें राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर नुक्कड नाटक एवं मतदाता शपथ का आयोजन किया गया। प्राचार्या ने कहा कि ''लोकतंत्र की मजबूती जागरूक मतदाताओं पर निर्भर करती है। प्रत्येक नागरिक का मतदान राष्ट्र के भविष्य को दिशा देता है। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ माया गुप्ता ने कहा कि मतदान केवल अधिकार नही बल्कि देश के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। हर वोट लोकतंत्र की नीव को मजबूत करता है। जबकि योजनाधिकारी डॉ नम्रता प्रसाद ने कहा कि यदि युवा जागरूक होकर मतदान करें तो देश को एक सशक्त और ईमानदार नेतृत्व मिल सकता है। नुक्कड नाटक में 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर छात्राओं ने कहा हम युवाओं के लिए मतदान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नारा दिया कि 'छोडो अपने सारे काम, पहले करो अपना मतदान'। नुक्कड नाटक में प्रतिभाग करने वाली छात्राऐं अंशिका जैन, निधि यादव, अंशिका चौहान, निघत, अंशिका एवं रोहिनी आदि सम्मिलित थीं।

## शाखा परिषद की बैठक में सम्मानित हुए खिलाड़ी

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** आज दिन शनिवार को उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के सुलतानपुर शाखा परिषद की बैठक सुलतानपुर जंक्शन स्थित यूनियन कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की क्रिकेट टीम के सदस्यों को सम्मानित किया गया। बता दें कि बीते दिसंबर माह में उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन लखनऊ मंडल द्वारा तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रेलवे स्टेडियम चारबाग में किया गया था जिसमें लखनऊ मंडल की रायबरेली, वाराणसी, अयोध्या, सुल्तानपुर, ब्रिज वर्कशॉप, रनिंग, मेडिकल, इलेक्ट्रिकल, कैरिज एवं वैगन सहित 16 टीमों ने भाग लिया था। सुल्तानपुर की टीम ने फाइनल में ब्रिज वर्कशॉप लखनऊ की टीम को 6 विकेट से हराकर मंडल चैंपियन बनी थी। बैठक में शाखा के संरक्षक सुरेश चंद्र तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी की गरिमामई उपस्थिति रही। मुन्ना तिवारी ने सभी खिलाड़ियों को पुष्पहार एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया। क्रिकेट टीम की जीत पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोगों ने सुलतानपुर का नाम पुरे लखनऊ मंडल में गौरवान्वित किया है। शाखामंत्री एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी पंकज दुबे ने बताया कि खेल एक ऐसा माध्यम है जिससे विभिन्न क्षेत्र, भाषा, जाती, धर्म के लोगो को एक साथ जोड़ता है।

तीन नए कर्मचारियों ने मजदूर यूनियन से प्रभावित होकर संगठन की सदस्यता ग्रहण किया। बैठक में शाखा उपाध्यक्ष रईश अहमद, मीडिया प्रभारी मिथिलेश पाण्डेय, संगठन मंत्री इन्द्रजीत कुमार, रामलखन यादव, सुभाषचन्द्र मौर्य, मुकेश कुमार, मुख्य लोको निरीक्षक महेंद्र कुमार, रविकांत वर्मा, क्रिकेट टीम के सदस्यअर्जुन यादव, अजीत सिंह, अभिषेक, नवनीत, निशांत सहित अन्य कर्मचारी एवं यूनियन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
स्वामी विवेकानंद शिक्षा समिति तेतरी बाज़ार, सिद्धार्थनगर
दिलीप कुमार श्रीवास्तव प्रधानाध्यापक
डॉ केशव कुमार श्रीवास्तव प्रबन्धक

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जनपद वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
हरीराम वर्मा
कनिष्ठ सहायक
बाल विकास परियोजना कार्यालय, शोहरतगढ- सिद्धार्थनगर

समस्त जनपदवासियों एवं शुभचिन्तको को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष कुमार पाण्डेय
उप निबन्धक अधिकारी तहसील -सदर, जौनपुर

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
बृजेश कुमार द्विवेदी
प्रधानाचार्य
महात्मा गौतम बुद्ध उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जोगिया, सिद्धार्थनगर/जिलाध्यक्ष अटेवा जनपद- सिद्धार्थनगर

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जनपद वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
|| जिन्दगी के साथ भी || LIC || जिन्दगी के बाद भी ||
भारतीय जीवन बीमा निगम
बलिराम गुप्ता
वरिष्ठ बीमा सलाहकार
MDRT (USA)
कोड नं 1937-28E
Mob.: 9918804086, 9956693881
Email- baliramgupta24@gmail.com

सभी क्षेत्र व जनपदवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सत्येन्द्र कुमार सिंह
सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, प्रशासन/प्रर्वतन, जौनपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
इण्डियन पोटाश लि. इकाई–सिसवा बाजार, महराजगंज
आप सभी सम्मानित किसान भाईयों को
गणतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आई.पी.एल. चीनी मिल सिसवा बाजार परिसर में किसान समृद्धि केन्द्र से कृषकों के लिए रासायनिक उर्वरक एवं कीटनाशक की सुविधा उपलब्ध है।
शरदकालीन गन्ना बावग के लिए ध्यान रखें कि को. 0238 प्रजाति के गन्ने की बुवाई कदापि ना करें।
INDIAN POTASH
संदीप पंवार
धीरज सिंह
आई.पी.एल. का संकल्प सुखी और समृद्ध किसान

चोखराज तुलस्यान सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज
Hindi & English Medium CBSE Pattern Class- 6th to 12th
Chokhraj Tulsyan Kids Vally
Class- Playway to 8th
English Medium, CBSE pattern
सिसवा बाजार, जनपद- महराजगंज के तरफ से
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रबंधक- श्री रामदेव तुलस्यान जी
प्रधानाचार्य - निरंकार सिंह जी
Mob.: 9415733749, 8953132126

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN
निःशुल्क प्रवेश प्रारम्भ
LITTLE STAR ACADEMY
CBSE Pattern, English Medium School
Playway to Class 10th
ENGLISH SPEAKING WORKSHOP
प्रबन्धक - पवन प्रजापति
9005881354, 8738053260
हरपुर पकड़ी (घिवहां), सिसवा बाजार – महराजगंज

# कार्यालय-नगर पालिका परिषद, बिजनौर (जनपद-बिजनौर)

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ भारत मिशन

## अपील

**नगर पालिका परिषद, बिजनौर नगर के प्रबुद्ध एवं संभ्रान्त नागरिकों से अपील करती है :-**

01- स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के अन्तर्गत पालिका का प्रथम स्थान प्राप्त किये जाने पर नगर वासियों का आभार।
02 यह नगर आपका है इसको स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करे।
03- कूड़ा-कचरा निश्चित स्थान अथवा कूड़ा गाड़ी में ही डाले तथा पालिका द्वारा कूड़ा उठा लेने पर उसी दिन पुनः कूड़ा न डाले।
05- जल है तो कल है, इसलिए जल का संचय कर आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित करें तथा गाड़ियों व अन्य सामग्री को धोने में पेयजल को व्यर्थ न करें।
06- पालिका के करों तथा अन्य देयों का समय से भुगतान करके अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करें।
07- यदि पथ-प्रकाश का कोई बिन्दु दिन में जलता दिखायी पड़े, तो उसकी सूचना कार्यालय नगर पालिका को अवश्य दें।
08- रोड पटरियों व नालियों पर अतिक्रमण न करें।
09- पर्यावरण को शुद्ध व सुन्दर बनाने हेतु अधिक से अधिक वृक्ष लगायें।
10- पोलिथीन का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है इसलिए पॉलीथीन का प्रयोग बिलकुल न करें, पर्यावरण को बचाने में सहायता करें।
11- जन्म-मृत्यु का पंजीकरण निर्धारिण अवधि 21 दिवस के अन्तर्गत अवश्य निर्गत करायें।
12- **'स्वच्छ भारत मिशन (अर्बन)'** के अन्तर्गत नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में आपका सहयोग अपेक्षित है।
13- **ग्रीन सिटी, क्लीन सिटी** के अन्तर्गत शहर को हरा-भरा एवं सुन्दर बनायें रखने हेतु शहर का प्रत्येक नागरिक वृक्षारोपण अवश्यक करें।
14- खुले में शौच पूर्णतः प्रतिबंधित है। अपने-अपने घरों में शौचालय बनाना अवश्यक है।

संख्या : मीमो/न0पा0परि0बि0/2025-26 दिनांक : 24-01-2026

श्री विकास कुमार
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बिजनौर

श्रीमती इंदिरा सिंह
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बिजनौर

# उत्तर प्रदेश दिवस पर प्रदर्शनी का शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर चौरा देवी प्रांगण में ÷विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत÷ थीम पर आयोजित भव्य प्रदर्शनी का शुभारंभ राज्य मंत्री जलशक्ति विभाग एवं प्रभारी मंत्री श्री रामकेश निषाद ने सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति की उपस्थिति में फीता काटकर किया। प्रदर्शनी में चिकित्सा, पुलिस, सूचना, नेडा, उद्यान, बेसिक शिक्षा, ग्राम्य विकास, कृषि, श्रम, क्रीड़ा, उद्योग एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए। सूचना विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक विकास, संरचना एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया तथा सरकारी योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री का वितरण किया गया। प्रदर्शनी के दौरान दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल तथा विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को टूल किट वितरित की गई। गुजरात के बड़नगर स्थित विद्यालय में प्रेरणा कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली शंकरपुर कुरारा की छात्रा काव्या यादव को प्रधानमंत्री का पत्र स्मृति चिन्ह स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बच्चों का अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं की गोद भराई भी कराई गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया, जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश एवं केंद्रीय गृहमंत्री के उद्बोधन का सजीव प्रसारण भी देखा गया। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जनपद की विशेष उपलब्धियों की जानकारी देते हुए चंद्रावल नदी पुनरोद्धार, मिशन जलोदय, सीएम डैशबोर्ड, आईजीआरएस एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि चंद्रावल नदी के पुनर्जीवन से 990 वर्ग किलोमीटर जलग्रहण क्षेत्र का विकास हुआ है तथा भूजल स्तर में सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि 692.68 करोड़ रुपये की सम्मान निधि 2,13,125 किसानों को प्रदान की गई है। हर घर जल योजना के अंतर्गत 325.74 करोड़ रुपये की लागत से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति की गई है। 293.92 करोड़ रुपये की लागत से 24,398 प्रधानमंत्री आवास पूर्ण कराए गए हैं। 302.76 करोड़ रुपये की लागत से हमीरपुर बाईपास परियोजना के अंतर्गत यमुना नदी सेतु, बेतवा नदी सेतु एवं रोहन नाला का निर्माण कराया जा रहा है। जनपद के 400 से अधिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास संचालित की जा रही हैं। जनपद में एनटीपीसी द्वारा 2000 करोड़ रुपये के ग्रीन प्रोजेक्ट में निवेश किया जा रहा है। गेल इंडिया द्वारा मोहदा बांध पर सोलर प्लांट लगाया जाएगा। कार्यक्रम में चंद्रावल पुनरोद्धार में योगदान देने वाले उद्यमियों, जनसेवियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सीएम युवा योजना के लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र, 15 समूहों को 90 लाख रुपये के सीसीएल स्वीकृति पत्र, खेल प्रतियोगिता विजेताओं, पीएम आवास योजना लाभार्थियों, उत्कृष्ट शिक्षकों एवं आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं गोल्डन कार्ड वितरित किए गए। इस अवसर पर भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री संत विलास शिवहरे, जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद, नगरपालिका चेयरमैन कुलदीप निषाद, सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी, पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा, सीडीओ अरुण कुमार सिंह सहित जनपद स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मुशायरा व कवि सम्मेलन आज 25

**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** इकबाल मेमोरियल एजूकेशनल सोसायटी के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस के मौके पर 25 जनवरी दिन इतवार को रात 8 बजे साबित गंज स्थित इकबाल मेमोरियल स्कूल में मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए मो.इनाम उल्ला बबलू, नदीम अहमद एड., सह संयोजक मो.शाहिद खान, कमेटी सदस्य नोमान अहमद खान, मो.फैसल, मो.नईम ने बताया कि मुशायरा व कवि सम्मेलन मो. इस्लाम चीटम की सरपरस्ती, सैयद हाशिम नईमी की अध्यक्षता व इंतिखाब आलम रौनक के संचालन में होगा। अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री अशोक यादव, वसीम चौधरी, इम्तियाज अहमद एड., फरहान शकील, मो.राशिद खान, सभासद इरफान अहमद उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा शायर साबिर इटावी, अनिल दीक्षित, आलोक अर्श, आरिफ सिद्दीकी नूर, यासीन अंसारी, शकील अहमद सागर, आमिर हुसैन, इमरान अंसारी, रियाज इटावी, मंजू यादव, अमित कुमार कलाम पेश करेंगे। संयोजक ने लोगों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

# सरकार की जो भी उपलब्धियां है उनको जन-जन तक पहुंचाया जाए : कमलावती

**उत्तर प्रदेश में बहुत ही सराहनीय कार्य हो रहे हैं : सरिता भदौरिया**

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** उ.प्र.दिवस पर विकास प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शहर के जीआईसी मैदान में शनिवार को किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमति कमलावती अध्यक्ष महिला कल्याण निगम उ.प्र.ने अपने उद्बोधन में कहा कि उ.प्र.का पुराना नाम संयुक्त प्रांत बदलकर उत्तर प्रदेश रखा गया। उन्होंने कहा कि सरकार की जो भी उपलब्धियां है उनको जन-जन तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश में उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने सभी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी साथ ही उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को सुरक्षा, छात्राओं की उच्च शिक्षा, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान योजना सहित अन्य सभी योजनाओं की जानकारी दी एवं कहा कि पात्र व्यक्ति को लाभ अवश्य मिले। उन्होंने कहा कि मोटा अनाज अपने भोजन में अवश्य शामिल करें। उन्होंने कहा कि आज समूह की महिलाओं द्वारा जीआईसी मैदान में सरस मेले का आयोजन किया जा रहा है इसमें ज्यादा से ज्यादा लोग आएं और योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाभार्थियों को सम्मानित किया एवं टैबलेट वितरण, उद्यमी योजना, कन्या सुमंगला योजना, पिछला वर्ग कल्याण, स्वास्थ्य विभाग, उद्यान विभाग के लाभार्थियो को लाभान्वित किया गया। उक्त के पश्चात मुख्य अतिथियों द्वारा सभी विभागों के लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया। विधायक सदर सरिता भदौरिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बहुत ही सराहनीय कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर कई विभागों के स्टाल लगाए गए हैं जिसका लाभ लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए तथा योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। विश्वकर्मा योजना के तहत लाभार्थियों को टूलकिट एवं प्रमाण पत्र तथा चैक वितरण किए गए तथा समस्त विभागों के अधिकारियों ने अपनी-अपनी योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित किया। उक्त अवसर पर पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, जनप्रतिनिधिगण, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, उप कृषि निदेशक आर0एन0 सिंह, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, संस्कृत पर्यटन अधिकारी मोहित सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एनसीएल में अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता 2025-26 हुई सम्पन्न




**सोनभद्र/सिंगरौली।** शुक्रवार को भारत सरकार की मिनिरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के एनएससी में 5 दिवसीय अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता 2025-26 सम्पन्न हुई। 19 जनवरी से 23 जनवरी, 2026 तक आयोजित इस यह प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट के आधार पर खेली गई। इस दौरान 15 मैच खेले गए जिनमें एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों की 12 टीमों से 192 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतिस्पर्धा के समापन समारोह में महाप्रबंधक (मानव संसाधन), राजेश त्रिवेदी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। समापन समारोह के दौरान अपने उद्बोधन में त्रिवेदी ने विजेता टीम को बधाई देते हुए उपस्थित सभी को खेल-कूद और शारीरिक गतिविधियों से जुड़ने और खेलों को अपनी जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाने हेतु आह्वान किया। इसके अतिरिक्त समापन समारोह में जेसीसी मेम्बर्स सीएमएस से अजय कुमार, आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह, बीएमएस से श्यामधर दूबे, एचएमएस से अशोक पांडे, सीएमओएआई प्रतिनिधि सर्वेश सिंह, सीएमएस, एनसीएल, डॉ. विवेक खरे, सीएमएस, एनएससी, डॉ. पंकज, परियोजना जेसीसी सदस्य, एनसीएल स्पोर्ट्स प्रोमोशन बोर्ड मेम्बर्स एवं बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच जयंत एवं निगाही परियोजना के बीच खेला गया, जिसमें जयंत टीम ने निगाही टीम को 4-3 से हराकर विजेता खिताब अपने नाम किया। इस दौरान आलोक होरो (निगाही) को प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट÷ एवं अनादि (जयंत) को गोलकीपर ऑफ़ द टूर्नामेंट के खिताब से नवाजा गया। गौरतलब है कि एनसीएल में प्रतिवर्ष कर्मियों को खेल-कूद से जोड़ने एवं उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु ऐसी अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहा है।

# सड़क निर्माण में गुणवत्ता से समझौता नहीं : प्रभारी मंत्री



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश सरकार की विकासपरक योजनाओं के क्रम मे वाराणसी-शक्तिनगर मुख्य मार्ग से पकरी संपर्क मार्ग (न्यू कॉलोनी) तक बनने वाली सड़क का विधिवत शिलान्यास और पूजन प्रभारी मंत्री रवीन्द्र जायसवाल जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय प्रभारी मंत्री जी ने शिलापट्ट का अनावरण कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। शिलान्यास के पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री जी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा, सड़क की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार की मंशा स्पष्ट है कि जनता के पैसे का सदुपयोग हो और सड़कें टिकाऊ बनें। जीरो टॉलरेंस नीति का पालन हो, प्रभारी मंत्री जी ने मुख्यमंत्री के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि विकास कार्यों में जीरो टॉलरेंस की नीति लागू है। यदि निर्माण सामग्री या कार्य की गुणवत्ता में कोई धांधली पाई गई, तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# आदिनाथ जिनेंद्र वेदीप्रतिष्ठा व आध्यात्मिक ज्ञान अमृत महोत्सव की पत्रिका का विमोचन

**अवधनामा ब्यूरो**



**जसवंतनगर, इटावा।** आदिनाथ जिनेंद्र वेदी प्रतिष्ठा एवं आध्यात्मिक ज्ञान अमृत महोत्सव की पत्रिका का विमोचन श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में संपन्न हुआ। यह भव्य महोत्सव 9 मार्च 2026 से 12 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा। पत्रिका विमोचन अवसर पर नगर की प्रबंध समिति के सर्वराकार तन्मय जैन, समिति मंत्री गोल्डन जैन, नलिन जैन एवं मनोज जैन आदि सेकड़ो साधर्मी उपस्थित रहे। शांति विधान के अवसर पर अनाकुल जैन ने समाजजनों के समक्ष कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए महोत्सव की विस्तृत जानकारी दी। चतुर्थ दिवसीय बेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का निर्देशन पंडित संजय शास्त्री (कोटा) के सान्निध्य में संपन्न होगा तथा विद्वत मार्गदर्शन पंडित विवेक जी शास्त्री (छिंदवाड़ा) का प्राप्त होगा विधान की विधि नायक के रूप में ब्रह्मचारी अशोक जैन (उज्जैन), पंडित सचिन जैन शास्त्री (मंगलायतन) एवं तत्व मनीष के साथ पंडित अजीत जैन शास्त्री (अलवर), पंडित जे.पी.जैन दोषी (मुंबई), पंडित अनिल जैन शास्त्री (भिंड) तथा डॉ. अच्युत कांत शास्त्री (बेंगलुरु) अपनी सहभागिता प्रदान करेंगे। महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न धार्मिक गतिविधियों एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन पंडित सचिन शास्त्री, प्राप्ति जैन, प्रतीति जैन तथा समकित संकुल शास्त्री सिद्धम टीम द्वारा किया जाएगा। सम्पूर्ण भोजन परम शोध विधि से कराया जाएगा जिसका पर्यवेक्षण पंडित जिनेन्द्र शास्त्री, रेखा अलवर द्वारा किया जाएगा। विशिष्ट विद्वत सानिध्य मंगलायतन से पंडित अशोक लुहाडिया, पंडित सुधीर पंडित समकित, पंडित अभिषेक के साथ पंडित दिव्यांश शास्त्री जयपुर तथा पंडित यश शास्त्री करेली का प्राप्त होगा। कार्यक्रम संयोजक शिवकांत जैन तथा आराध्य जैन ने बताया कि 9 मार्च को महावीर वाटिका में बनी अयोध्यापुरी में अभिषेक के उपरांत मंच उद्घाटन, ध्वजारोहण एवं मंडप उद्घाटन के साथ प्रारंभ होगी। सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत माता द्वारा देखे गए 16 स्वप्नों पर आधारित अनोखे लेजर शो के साथ विशेष प्रस्तुति दी जाएगी।

# सोनभद्र विंध्य की पहाड़ियाँ और सोनांचल की माटी प्रदेश की असली शान : रविंद

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** सोनभद्र के कलेक्ट्रेट परिसर में आज उत्तर प्रदेश दिवस को गरिमामयी व भव्य तरीके से मनाया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और जनपद के प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।

इस दौरान उन्होंने सोनभद्र की प्राकृतिक सुंदरता और इसके भौगोलिक महत्व को रेखांकित करते हुए इसे प्रदेश का सबसे अनमोल जिला बताया। विंध्य पर्वत और गंगा का सानिध्य हमारी पहचान है, जनसभा को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि हमें गर्व के साथ कहना चाहिए कि हम सोनभद्र के निवासी हैं। राष्ट्रगान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, विंध्य हिमाचल यमुना गंगा... यानी देश की गाथा में विंध्य का नाम स्वर्ण अक्षरों में है। जहाँ विंध्य पर्वत की चोटियाँ हों और माँ गंगा का आशीर्वाद हो, वह हमारा सोनभद्र है। उन्होंने आगे कहा कि उत्तराखंड के अलग होने के बाद भी उत्तर प्रदेश के पास जो पर्वतीय वैभव बचा है, वह सोनभद्र और मिर्जापुर की पहचान है, यह सोनांचल जिला उत्तर प्रदेश की शान है। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभार्थियों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार हो रहा है, उन्होंने कहा कि बेटियों के जन्म होने पर कन्या सुमंगला योजना से लाभान्वित किया जाता है, उसके बाद शिक्षा ग्रहण करने के दौरान उन्हें छात्रवृत्ति की सुविधा उपलब्ध होती है, उसके बाद प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से विवाह भी कराया जाता है, जिसमें प्रति जोड़ों पर 1 लाख रूपये सरकार द्वारा उपलब्ध कराये जाते हैं, उन्होंने कहा कि प्राईवेट नौकरियों के माध्यम से 2 करोड़ नौजवानों को रोजगार उपलब्ध कराये गये हैं और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजनान्तर्गत युवाओं को रोजगार से जोड़ने हेतु 5 लाख रूपये तक ऋण सुविधा सब्सिडी के साथ उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास, प्रधानमंत्री आवास, निराश्रित महिला पेंशन योजना के माध्यम से लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है।

# प्रभारी मंत्री ने प्रदर्शनी का फीता काटकर किये उद्घाटन

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में विशेष प्रदर्शनी का आगाज हुआ। जनपद के प्रभारी मंत्री रवींद्र जायसवाल ने फीता काटकर तीन दिवसीय प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ किया। उद्घाटन के बाद प्रभारी मंत्री ने प्रदर्शनी के प्रत्येक स्टाल और प्रदर्शित चित्रों का सूक्ष्म अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश विकास की नई ऊँचाइयों को छू रहा है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई यह प्रदर्शनी सरकार की पारदर्शी कार्यप्रणाली और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का जीवंत दस्तावेज है। प्रदर्शनी में मुख्य रूप से मिशन शक्ति, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत और बुनियादी ढांचे के विकास (एक्सप्रेस-वे व एयरपोर्ट) से जुड़ी उपलब्धियों को चित्रों और डेटा के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि इस प्रदर्शनी का लाभ अधिक से अधिक ग्रामीण और शहरी जनता तक पहुँचाया जाए ताकि वे जागरूक होकर योजनाओं का लाभ उठा सकें। तीन दिनों तक चलेगी प्रदर्शनी सूचना विभाग द्वारा आयोजित यह प्रदर्शनी आगामी तीन दिनों तक कलेक्ट्रेट परिसर में आम जनता के लिए उपलब्ध रहेगी। उद्घाटन अवसर पर विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्या, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित जिले के अन्य आला अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बाल अधिकारों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जनपद के प्राइमरी स्कूल इस्लामियां में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एवं PCPNDT अधिनियम को केंद्रित करते हुए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों तथा इसे रोकने के लिए किए गए कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। PCPNDT अधिनियम (गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम) के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा बालिकाओं के अधिकारों पर प्रकाश डाला गया। बताया गया कि बाल विवाह करने, कराने अथवा इसके लिए प्रेरित करने वाले व्यक्ति को दो वर्ष तक का कारावास एवं एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष विभा भारती द्वारा बालिकाओं के हित में संचालित उत्तर प्रदेश शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर इस्लामियां इंटर कॉलेज के सरवर खान, बाल कल्याण समिति की सपोर्ट पर्सन हुमैरा हाशमी, विद्यालय के प्रबंधक, अध्यापकगण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय लिपिक मो. असलम व डाटा एंट्री ऑपरेटर कीर्ति सागर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर कांग्रेसियों ने आयोजित की संगोष्ठी



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, जननायक कर्पूरी ठाकुर सदैव दलित, शोषित, वंचित एवं पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए प्रयत्नशील रहे और संघर्ष करते रहे। उक्त उद्गार शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद ने कर्पूरी ठाकुर की जयंती के उपलक्ष पर आयोजित एक संगोष्ठी में व्यक्त किये। कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित संगोष्ठी में पूर्व ज़िला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव ने कहा कि उनका सादा जीवन, सरल स्वभाव, स्पष्ट विचार और अदम्य इच्छाशक्ति बरबस ही लोगों को प्रभावित कर लेती थी और लोग उनके विराट व्यक्तित्व के प्रति आकर्षित हो जाते थे। संगोष्ठी को आगे बढ़ते हुए जिला प्रवक्ता प्रेरणा जुबैरी ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर उन व्यक्तित्वों में से थे जिन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में उसे प्रगति पथ पर लाने और विकास को गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। संगोष्ठी को संबोधित करने वालों में पीसीसी सदस्य कोमल सिंह कुशवाहा एवं सरवर अली आदि रहे। इसी के साथ ही अन्य कांग्रेस जनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## परेड का पुलिस लाइन में ग्रैंड रिहर्सल आयोजित

**हमीरपुर।** 77वें गणतंत्र दिवस के सफल एवं गरिमामय आयोजन को लेकर शुक्रवार को पुलिस लाइन हमीरपुर स्थित परेड ग्राउंड में भव्य परेड का ग्रैंड रिहर्सल आयोजित किया गया। ग्रैंड रिहर्सल के दौरान परेड में शामिल सभी टुकड़ियों की ड्रिल, अनुशासन, समन्वय, मार्च-पास्ट, सलामी, ध्वज वंदन एवं अन्य गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। पुलिस बल द्वारा अत्यंत अनुशासित एवं समन्वित प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। रिहर्सल के उपरांत 26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह को और अधिक भव्य, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# उ.प्र. स्थापना दिवस कार्यक्रम में मंत्री ने लाभार्थियों को सम्मानित किया

**अवधनामा संवाददाता**

**वर्तमान सरकार ने उत्तर प्रदेश को सभी क्षेत्रों अग्रणी प्रगति प्रदान की है: अग्रवाल**



**हरदोई।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार आबकारी एवं मद्य निषेध नितिन अग्रवाल ने सर्व प्रथम गांधी भवन प्रागंण में कृषि, उद्योग, उद्यान, शिक्षा, स्वास्थ्य, नेडा, बैंक, जल निगम, यातायात, समाज कल्याण, खादी ग्रामोद्योग, एनआरएलएम, पशुपालन विभाग, डूडा, नेडा आदि विभागों द्वारा लगाई गई प्रर्दशनी का फीता काट कर उद्घाटन किया तथा मुख्य विकास अधिकारी व अन्य अधिकारियों के साथ समस्त स्टालों का अवलोकन किया तथा मंत्री ने पांच बच्चों का अन्न प्राशन कराया व उनकी माताओं को पोषण पोटली प्रदान की। इसके उपरान्त गांधी भवन हाल में आयोजित कार्यक्रम विकसित भारत-विकसित उ0प्र0 के साथ उत्तर प्रदेश दिवस, का शुभारम्भमंत्री ने भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं सवायजपुर विधायक प्रतिनिधि के साथ दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मंत्री ने उपस्थित सभी लोगों को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में जनपद को प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त करने व लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्ती पत्र प्राप्त करने पर जिलाधिकारी अनुनय झा को बधाई दी। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश ने अपनी स्थापना के 75 वर्षो में काफी उतार-चढ़ाव देखे है और वर्तमान सरकार ने उत्तर प्रदेश को सभी क्षेत्रों मे अग्रणी प्रगति प्रदान की है और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराकर आत्म निर्भर बनाया है। मंत्री ने कहा कि जनपद के युवा अपना रोजगार स्थापित करें और अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करायें। इस अवसर पर मंत्री ने उत्तर प्रदेश स्थापना के सम्बन्ध में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए जनपद में चल रही विकास आदि योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि जिलाधिकारी महोदय के मार्ग निर्देशन में मुख्यमंत्री युवा उद्यामी योजना, आयुष्मान कार्ड योजना तथा विद्यालयों के कायाकल्प के तहत खेल मैदानों की स्थापना कराई गयी है। कार्यक्रम में मंत्री ने भापजा जिलाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी आदि के साथ जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सको, आशा, एएन एम, कृषि वैज्ञानिकों, प्रगतिशील किसानों, खिलाड़ियों, हस्तशिप कारीगारों, ग्राम प्रधान, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ती पत्र देकर तथा स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आरएफ हेतु डेमाचेक, उद्योग केन्द्र के लाभार्थियों को टूल किट प्रदान किये तथा टाप करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार, टैबलेट एवं लैपटाप प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, उप जिलाधिकारी सदर सुशील कुमार मिश्रा, जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार, पीडी, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति एवं भारी संख्या में लाभार्थी आदि उपस्थित रहें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आदि सभी लोगों ने लखनऊ से उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के सजीव प्रसारण में गृह मंत्री अमित शाह व मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ का सम्बोधन सुना तथा मुख्यमंत्री द्वारा जिलाधिकारी अनुनय झा को प्रशस्ती पत्र देते हुए देखा।

# उत्तर प्रदेश के 77वें स्थापना दिवस पर बिलग्राम तहसील में भव्य आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**बिलग्राम (हरदोई)।** उत्तर प्रदेश के 77वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज बिलग्राम तहसील सभागार में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिलग्राम मल्लावां विधायक आशीष सिंह 'आशु' ने सहभागिता कर देश के गृह मंत्री अमित शाह के लाइव संबोधन को सुना। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया गया तथा उन्हें सरकार की लोकहितकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। आयोजन के माध्यम से सशक्त उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को पुनः दृढ़ किया गया। कार्यक्रम में बिलग्राम मल्लावां विधायक आशीष सिंह 'आशु' के साथ बिलग्राम उप जिलाधिकारी एन. राम भी मौजूद रहे। विधायक आशीष सिंह 'आशु' ने कहा कि उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस हम सभी के लिए गर्व का अवसर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं हर वर्ग तक पहुंच रही हैं। हम सब मिलकर सशक्त और विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण में सहभागी बनें। उप जिलाधिकारी एन. राम ने कहा कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है।


सभी देश व प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक
शुभकामनाएं एवं बधाई
दीपक पटेल
समाजसेवी बीजेपी नेता
विधायक, फूलपुर विधांनसभा प्रयागराज


सभी देश व प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक
शुभकामनाएं एवं बधाई
भाजपा
प्रवीण पटेल
बीजेपी नेता
सांसद, फूलपुर लोकसभा, प्रयागराज


सभी देश व प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक
शुभकामनाएं एवं बधाई
मनोज पांडेय
सपा नेता
फाफामऊ विधानसभा प्रयागराज


सभी देश व प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक
शुभकामनाएं एवं बधाई
Millennium World School
एसके मिश्रा
निदेशक मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल नैनी प्रयागराज